सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 12 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 248, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 400 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में दो दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 400 अंक लुढ़क गया। } 14

## राहुल ने भारतीय गरिमा को पहुंचायी ठेस

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने विदेश दौरों पर भ्रामक, बेबुनियाद और तथ्यहीन बयान देकर भारत की गरिमा को ठेस पहुंचायी है। } 16



## मलाइका अरोड़ा के पिता ने बिल्डिंग से कूदकर दी जान



एजेंसी

मुंबई। फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के सौतेले पिता अनिल मेहता ने बुधवार सुबह मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित एक इमारत की छठी मंजिल से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब नौ बजे की है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि घटना के पीछे की वजह अभी पता नहीं चली है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मौके का पंचनामा कर सबूत जमा करना शुरू कर दिया है। अधिकारी के अनुसार उन्होंने प्रक्रिया के तहत उस इमारत के परिसर की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जहां मेहता का शव मिला था। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत को बनायेंगे महाशक्ति : मोदी

## सेमीकॉन-2024 सम्मेलन को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

जिला संवाददाता

ग्रेटर नोएडा (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेमीकंडक्टर के घरेलू विनिर्माण में निवेश को बढ़ावा देने का बुधवार को आह्वान करते हुए कहा कि आपूर्ति शृंखलाओं की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन और कृत्रिम मेधा (एआई) तक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हर उत्पाद का आधार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे ग्रेटर नोएडा में आयोजित सेमीकॉन-2024 सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की वजह से आपूर्ति शृंखला की अहमियत का अहसास सबको हुआ है। उन्होंने भविष्य में इस तरह के किसी भी व्यवधान पर काबू पाने के लिए कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया। कोविड-19 महामारी के समय दुनिया को आपूर्ति संबंधी बड़े झटके झेलने पड़े थे। चीन में उठाए गए ...शेष पृष्ठ 14 पर



ग्रेटर नोएडा में आयोजित सेमीकॉन-2024 सम्मेलन में परियोजना का मॉडल देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## यूपी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यातक के रूप में उभरा : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में जो प्रयास प्रारम्भ हुए, आज उनका परिणाम है कि देश की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का 55 प्रतिशत तथा मोबाइल कम्पोनेन्ट्स का 50 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। प्रदेश कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यातक के रूप में उभरा है। सैमसंग इण्डिया ने अपने डिस्प्ले यूनिट प्लांट की स्थापना का निवेश भी यहीं नोएडा में किया है। आज उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर के एक बड़े हब के रूप में स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री ने सेमीकॉन इण्डिया-2024 में प्रधानमंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि प्रदेश में सेमीकंडक्टर के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति 2024 लागू की गई है। इस नीति में पूंजीगत सहायता, ब्याज उपादान, भूमि मूल्य तथा स्टाम्प एवं विद्युत मूल्य में छूट के आकर्षक प्राविधान किए गए ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### यूपी कोऑपरेटिव सोसाइटी कमीशन के नये चेयरमैन मुकुल सिंघल

लखनऊ। यूपी के सेवानिवृत आईएएस अधिकारी मुकुल सिंघल को उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव सोसाइटी कमीशन का चेयरमैन बनाया गया है। उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का आदेश नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग की ओर से बुधवार की शाम को किया गया है। 1986 बैच के आईएएस अधिकारी रहे मुकुल सिंघल की आखिरी पोस्टिंग राजस्व परिषद के अध्यक्ष के तौर पर थी।

### आर्केस्ट्रा डांसर के साथ सामूहिक दुष्कर्म

गोरखपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पिस्तौल दिखाकर पर दो महिला ऑर्केस्ट्रा नर्तकियों के अपहरण-सामूहिक बलात्कार के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हथियारबंद अपराधियों ने पीड़ितों को जबरन अपने वाहनों में बिठाया और एक घर में ले गए, जहां जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार, ...शेष पृष्ठ 14 पर

### लखीमपुर : रील बनाते समय तीन लोगों की मौत

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के उमरिया गांव के पास एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और तीन साल के बेटे की बुधवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक वे पटरी के पास कथित तौर पर वीडियो रिकॉर्ड बना रहे थे। पीड़ितों की पहचान मोहम्मद अहमद , उनकी पत्नी नाजनीन (24) और तीन साल के बेटे अब्दुल्ला के रूप में हुई है, तीनों सीतापुर जिले के लहरपुर के शेख टोला के निवासी थे।

# अवैध धर्मांतरण मामले में 12 को उम्रकैद

## चार लोगों को 10-10 साल की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा

विधि संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखनऊमें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये मोहम्मद उमर गौतम और मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 12 लोगों को बुधवार को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को10-10 वर्ष कैद की सजा सुनायी। अदालत ने सभी को मंगलवार को दोषी करार दिया था और बुधवार को सजा का ऐलान किया गया।

अदालत द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मोहम्मद उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी, इरफान शेख, सलाउद्दीन जैनुद्दीन शेख, प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा, कौशर आलम, फराज वाबुल्लाशाह, धीरज गोविंद राव जगताप, सरफराज अली जाफरी, काजी जहांगीर और अब्दुल्ला उमर को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

आदेश के मुताबिक, मामले में बाकी चार अभियुक्तों मोहम्मद सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव तथा कुणाल अशोक चौधरी को उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा-पांच के तहत 10-10 वर्ष की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी गयी। उप निरीक्षक विनोद कुमार ने 20 जून 2021 को इस



मोहम्मद उमर गौतम, इरफान शेख, सलाउददीन जैनुददीन, प्रसाद रामेश्वर, कौशर आलम

अर्सलान मुस्तफा, फराज बाबुल्लाह, कलीम सिददीकी, धीरज गोविंद राव, राहुल भोला

सरफराज अली, काजी जहांगीर आलम, अब्दुल्ला उमर, मोहम्मद सलीम, कुणाल अशोक चौधरी

मामले में लखनऊ के एटीएस थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इन सभी आरोपियों पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की धारा 417, 120 बी, 121ए, 123, 153ए, 153बी, 295ए और 298 के साथ ही उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3।5।8 के तहत आरोप लगाए गए थे। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार दूसरे देशों से भी जुड़े हैं। सिंह ने बताया कि इसके लिए आरोपी हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, मोहम्मद उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि वे एक संगठन का संचालन कर रहे थे जो उत्तर प्रदेश में मूक-बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था और इस बात की आशंका है कि इसके लिए उन्हें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। मौजूदा पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार उस समय एटीएस के अपर पुलिस महानिदेशक का दायित्व संभाल रहे थे। उन्होंने बताया था कि उमर गौतम ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रदेश में 17 आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। शासन ने बुधवार को आईपीएस अधिकाररियों के तबादले करते हुए कई कमिश्नरेट में तैनात कई अफसरों को इधर से उधर किया है। इसी क्रम में प्रताप गोपेंद्र यादव को पुलिस अधीक्षक पीटीसी मुरादाबाद नियुक्त किया गया है। आईपीएस अवधेश सिंह को पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन में नियुक्ति दी गई है। आईपीएस आरती सिंह को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में पुलिस उपायुक्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

### ट्रेन पटरी से उतारने की कोशिश मामले में दो दर्जन गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर पुलिस ने दो दिन पूर्व कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की संदिग्ध कोशिश के सिलसिले में पूछताछ के लिए दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। सतर्क लोको पायलट की मदद से सोमवार को एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया, क्योंकि यहां भिवानी-प्रयागराज कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकराने के बाद रोक दिया गया। घटनास्थल पर पेट्रोल की एक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लखीमपुर खीरी : बाघ के हमले में एक की मौत

### बहराइच में मासूम पर भेड़िये ने किया हमला

जिला संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ/बहराइच। लखीमपुर खीरी जिले में बाघ ने हमला कर गन्ना बांध रहे किसान को जहांमार डाला, वहीं बहराइच जिले में भेड़िए ने एक बच्ची पर हमलाकर उसे घायल कर दिया। गोला गोकर्णनाथ तहसील क्षेत्र के महेशपुर रेंज के बिलहरी बीट के ग्राम इमलिया अजान के हमलावर बाघ को पकड़ने के अभियान में लगी टीम को धता बताते हुए गन्ना बांधने गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। ग्राम मूड़ा अस्सी के पांच श्रमिक गन्ना बांधने के लिए गए थे। उसी में से 40 वर्षीय जाकिर अली



पुत्र रोज अली को गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया, जिससे वहां भगदड़ मच गई । बाद में एकत्रित हुई ग्रामीणों ने शव बरामद कर लिया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गोला सिकंदराबाद हाईवे पर मूड़ा अस्सी में जाम लगा दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लगभग तीन घंटे बाद ग्रामीणमाने। ग्रामीणों और भाकियू नेताओं ने अधिकारियों से 25 लाख मुआवजा, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 10,900 करोड़ की पीएम ई-ड्राइव योजना को मंजूरी

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जलविद्युत परियोजनाओं के लिए 12,461 करोड़ रुपये दिये

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के

❍ 70 साल से ऊपर के लोगों को मिलेगा आयुष्मान का लाभ

साथ पीएम ई-ड्राइव योजना को मंजूरी दे दी। दो साल की अवधि के लिए लाई गई यह योजना मार्च, 2024 तक लागू रहे फेम कार्यक्रम की जगह लेगी। नौ साल तक चले फेम कार्यक्रम को हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के त्वरित क्रियान्वयन एवं विनिर्माण के लिए




चलाया गया था। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अन्य निर्णय में 31,350 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में मदद के लिए 12,461 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं को अगले आठ साल में क्रियान्वित किया जाना है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जलविद्युत परियोजनाओं के लिए संबंधित बुनियादी ढांचों को लेकर लागत मामले में बजटीय समर्थन की योजना में सुधार के बिजली मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस पर कुल व्यय 12,461 करोड़ रुपये आएगा। केंद्र सरकार ने बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी एक बड़ी घोषणा की है। सरकार ने कहा कि अब 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

बीबीडी परिसर से निकली गणेश प्रतिमा, विसर्जन की शोभायात्रा में शामिल हुए गणमान्य लोग, झूलेलाल पार्क स्थित गोमती तट पर गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ...



भगवान गणेश की मूर्ति को विसर्जन के लिए झूलेलाल घाट लेकर जाते भक्तगण





बीबीडी कैम्पस में आयोजित चार दिवसीय गणेश महोत्सव के समापन समारोह में जुटे भक्तगण



झूलेलाल घाट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु फोटो : समीर भटनागर

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी कैम्पस में आयोजित गणेश महोत्सव 2024 के समापन समारोह के बाद हजारों की उपस्थिति में बुधवार को झूलेलाल पार्क स्थित गोमती तट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन हुआ। सुबह श्री सिद्धि गणेश मंदिर के पण्डाल में विराजमान गणपति के पूजा-अर्चना वाराणसी के प्रख्यात आचार्य राजीव नयन उपाध्याय ने की। इसके बाद गणपति की भव्य प्रतिमा को वाहन पर सवार कर विसर्जन के लिए हजारों लोग गाड़ियों के काफिले के साथ यात्रा शुरू की। पूरे रास्ते गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए, अबीर-गुलाल से सराबोर लोग विघ्नहर्ता की भक्ति में डूबे हुए थे। रास्ते में सभी बाजारों व चौराहों पर लोगों ने गणपति के दर्शन किये और खील एवं लड्डू के प्रसाद ग्रहण किये। यह शोभा यात्रा बीबीडी कैम्पस से शुरू होकर मटियारी चौराहा, चिनहट तिराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, हनुमान सेतु होते हुए झूलेलाल पार्क पहुंची जहां गोमती नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया। इस गणेश विसर्जन में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास, मुख्य अधिशाषी निदेशक आरके अग्रवाल, अरुण गुप्ता, राजीव बाजपेयी, कैलाश पांडे, वंदना राज अवस्थी, शान बख्शी, आशा मौर्या, कमलेश गुप्ता, प्रिया गुप्ता, डॉ. पीएस जायसवाल, महेश राठौर, धारज गुप्ता, सुनील यादव, रवि विश्वकर्मा, अजय श्रीवास्तव, अतीक अंसारी, रेहान खान, सुबोध श्रीवास्तव सहित शहर के तमाम गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# देश को गृह युद्ध की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे राहुल : योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त राज्य अमेरिका में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिए गए बयानों और उनकी हाल की गतिविधियों पर काफी नाराजगी जताई। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखकर आरोप लगाया कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश को गृह युद्ध की तरफ धकेलना है।

सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की ओर अग्रसर हैं। इनका एकमात्र लक्ष्य भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करके देश को गृह युद्ध की ओर धकेलना है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि राष्ट्र विरोधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करने वाली और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर उसका बड़ा हिस्सा मुसलमानों को सौंपने वाली कांग्रेस के युवराज अब देश से आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रच रहे हैं, किंतु राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए कि इस देश में जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता है, उनकी यह विभाजनकारी मंशा सफल नहीं होने पाएगी। 'हम भारत के लोग' कांग्रेस सहित सभी राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरुद्ध एकजुट हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में एनडीए सरकार शोषित, पीड़ित और वंचित के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज रोपने का प्रयास निंदनीय है। उन्हें इसके लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

# फर्जी डिग्री मामले में खुसरो कॉलेज के मालिक बेटे समेत गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/ बरेली।** खुसरो डिग्री कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी और उनके बेटे फिरोज अली जाफरी को बुधवार को पुलिस ने फर्जी डिग्री प्रकरण में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिछले काफी समय से यह मामला तूल पकड़े हुए था। इस मामले में एसआईटी गठित की गई थी

**तीसरे अभियुक्त की तलाश जारी**

एसआईटी ने अपनी जांच में शेर अली जाफरी उनके बेटे फिरोज अली जाफरी तथा विजय शर्मा को दोषी माना, फिलहाल मुख्य आरोपी विजय शर्मा फरार है पुलिस विजय शर्मा को तलाश कर रही है।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी ग्रामीण दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया शेर अली जाफरी का सीबीगंज थाना क्षेत्र के सनैया रानी में खुसरो डिग्री कॉलेज है, जिसमें वर्ष 2021 में छात्रों ने डी फार्मा के लिए प्रवेश लिया था। बताया कि कॉलेज में कोई भी फैकल्टी नहीं है और ना ही डी फार्मा का कोई क्लास लगता है। जब बच्चों द्वारा यह पूछा जाता था कि हम पढ़ने कब आएं तो उन्हें टाल दिया जाता था ,जब परीक्षा के बारे में छात्रों द्वारा पूंछा जाता था तो बताया जाता था कि आपको परीक्षा देने की जरूरत नहीं है हम ऐसे ही तुम्हें पास कर देंगे। कॉलेज में बच्चों ने वर्ष 2021 में प्रवेश लिया था मगर उनको मार्कशीट 2019 की दे दी गई।

गिरफ्तारी के बाद भाजपा नेता शेर अली जाफरी ने बताया कि वह और उनका बेटा फिरोज अली जाफरी तथा विजय शर्मा मिलकर कॉलेज के अंदर ही छात्रों की उड़ीसा स्टेट, हिमाचल प्रदेश, मदरहुड विश्वविद्यालय रुड़की उत्तराखण्ड तथा छत्रपति शिवाजी साहू महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के नाम से फर्जी डी फार्मा की डिग्री बनाते थे और छात्रों को देकर उनसे रकम ऐंठ लेते थे। इस मामले में सभी छात्रों का शक उस वक्त गहराया जब एक छात्र डी फार्मा की डिग्री लेकर नौकरी के लिए गया, जब उसकी डिग्री को चेक किया गया तो पता चला कि डिग्री फर्जी है। इसके बाद अन्य छात्रों ने भी अपनी डिग्रियों को चेक कराया तो वह फर्जी निकली। इस मामले में शेर अली जाफरी उनके बेटे फिरोज अली जाफरी और विजय शर्मा पर थाना सीबीगंज में तीन मुकदमे गंभीर धारा में पंजीकृत हुए। मामले में छात्र लगातार थाने के बाहर प्रदर्शन करने लगे और अधिकारियों के पास जाकर गुहार लगाने लगे। इसके बाद एसआईटी टीम का गठन हुआ और एसआईटी ने जांच में पाया गया कि शेर अली जाफरी और उनके बेटे फिरोज अली जाफरी तथा विजय शर्मा ने मिलकर फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रुपए का धन अर्जित किया है।

**कॉलेज चेयरमैन शेर अली जाफरी और उसके बेटे फिरोज पर 379 छात्रों से डी फार्मा व अन्य कोर्स कराने के नाम तीन करोड़ 69 लाख रुपये लेने का आरोप है। इस प्रकरण में चार मुकदमे सीबीगंज थाने में दर्ज हैं, जिनमें तीन में जाफरी व उसके लोग आरोपी हैं। चौथा मुकदमा जाफरी के कॉलेज प्राचार्य डॉ. विश्वनाथ शर्मा की ओर से आस्था कंसलटेंसी के संचालक डॉ. विजय शर्मा के खिलाफ दर्ज कराया गया है। विजय शर्मा की भी तलाश की जा रही है।**

**एसपी साउथ, मानुष पारीक**

इसके बाद एसआईटी टीम, एसओजी टीम तथा क्राइम ब्रांच ने शेर अली जाफरी और उनके बेटे फिरोज अली जाफरी को गिरफ्तार कर लिया। एसआईटी टीम को मौके से कुछ अहम दस्तावेज भी मिले हैं, जिसमें बच्चों की फीस लेने का विवरण तथा विजय शर्मा को दिए गए रुपयों का लेखा-जोखा मौजूद है। फिलहाल पुलिस ने शेर अली जाफरी और उनके बेटे फिरोज अली जाफरी को जेल भेज दिया है तथा विजय शर्मा की तलाश में जुटी हुई है।

**379 छात्रों ने लिया प्रवेशः** खुसरो कॉलेज में वर्ष 2019 से 2023 तक फर्जी तरीके से डी फार्मा, बी फार्मा और पैरामेडिकल में 379 छात्रों का प्रवेश किया गया था। छात्र कोर्स पूरा करने के बाद जब नौकरी करने पहुंचे, तो उन्हें पता लगा कि उनकी डिग्री फर्जी है। इसके बाद इस मामले में सीबीगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी, सीबीगंज निवासी विश्वनाथ शर्मा, शांति विहार निवासी विजय शर्मा और शेर अली जाफरी के बेटे फिरोज अली जाफरी को नामजद किया गया था। इस मामले में एसआईटी ने जांच की थी। इसके बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनका जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

# पीएम स्वनिधि योजना सृजन का पर्याय बनीः एके शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पीएम स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स व छोटे उद्यमियों के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों पथ विक्रेताओं की आजीविका के स्तर में सुधार हुआ है। जब पूरी दुनिया कोरोना के कहर का सामना कर रही थी और हमारे देश में छोटे-छोटे रोजगार करने वालों के सामने रोजी-रोटी समस्या

**● 25 नगरीय निकाय व 15 बैंकिंग संस्थान प्रेज पुरस्कार से सम्मानित**

उत्पन्न हो गई थी तब देश के प्रधानमंत्री ने जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना का शुभारंभ किया। आपदा के गर्भ से निकली यह योजना आज सृजन का पर्याय बन गई है। यह बातें बुधवार को प्रेज पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार शर्मा नगर विकास मंत्री ने कही।

नगरीय निकाय निदेशालय के विशाखा सभागार में पीएम स्वनिधि योजना की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों व बैंकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री नगर विकास एके शर्मा, राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, अजय कुमार शुक्ला, सचिव नगर विकास विभाग, अनुज झा, निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय व डॉ. अनिल कुमार निदेशक सूडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। निदेशक सूडा ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश ने देश में सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका में सुधार करने के लिए विभाग की ओर से योजना का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर ऋण वितरण में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम लखनऊ, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम गोरखपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद व टाउन श्रेणी में नगर पंचायत बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ और नगर पंचायत हाटा जनपद कुशीनगर को प्रेज पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राज्य स्तर पर ऋण वितरण में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम लखनऊ व गाजियाबाद, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम गोरखपुर, बरेली म्यूनसिपल कॉरपोरेशन व नगर निगम झांसी शामिल रहे। टाउन श्रेणी में नगर पालिका परिषद नवाबगंज जनपद बाराबंकी, नगर पंचायत बिलारियागंज टाउन जनपद आजमगढ़, नगर पंचायत हाटा जनपद कुशीनगर, नगर पालिका परिषद पडरौना जनपद जनपद कुशीनगर, नगर पालिका परिषद पिलखुआ जनपद हापुड़, नगर पालिका परिषद कथौली जनपद मुजफ्फनगर, नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ जनपद प्रतापगढ़, नगर पालिका परिषद बलरामपुर जनपद बलरामपुर, नगर पंचायत अनपरा जनपद सोनभद्र व नगर पालिका परिषद भरवारी जनपद कौशम्बी को पुरस्कृत किया गया। स्वनिधि से समृद्धि की श्रेणी में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम वाराणसी, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम झांसी, नगर निगम शाहजहांपुर व टाउन श्रेणी में नगर पंचायत सराय अकील जनपद कौशाम्बी, नगर पंचायत करारी जनपद कौशाम्बी व नगर पालिका परिषद सिंकदराराऊ जनपद हाथरस को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट पर्फॉरमिंग लीडिंग इंस्टीट्यूशनस श्रेणी में एसबीआई व पंजाब नेशनल बैंक तथा दूसरे बेस्ट पर्फॉरमिंग लीडिंग इंस्टीट्यूशनस श्रेणी में बड़ौदा यूपी बैंक को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, एसबीआई व यूको बैंक की विभिन्न शाखाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

# अपर्णा यादव ने राज्य महिला आयोग में उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू व भारतीय जनता पार्टी की नेता अपर्णा यादव ने बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष के तौर पर पदभार संभाल लिया। उन्होंन भाजपा परिवार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना परशुराम और खुद की तुलना एकलव्य से करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली होने के बावजूद उन्हें अवसर नहीं दिया जा रहा था। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब वह अर्जुन की तरह काम करेंगी।

अपर्णा ने पदभार संभालने के बाद यहां पत्रकारों से बात करते हुए इन अफवाहों को भी खारिज करने की कोशिश की कि विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं मिलने या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं मिलने से वह भाजपा से नाराज हैं। यादव ने कहा, कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार, संगठन और मेरी पार्टी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी। जो लोग मुझे जानते हैं, वे जानते हैं कि मेरा काम महिलाओं के मुद्दों पर केंद्रित रहा है, चाहे वह निर्भया मामले या हाल ही में कोलकाता के मामले में विरोध प्रदर्शन करना हो। यादव ने कहा, कि मैं भगवान से मुझे शक्ति देने के लिए प्रार्थना करती हूं ताकि मैं पूरी ताकत के साथ अपना काम जारी रख सकूं। मैंने समाज सेवा से शुरुआत की और अब मैं राजनीति में हूं, वरिष्ठों और बुजुर्गों के आशीर्वाद से मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा काम करना जारी रखूंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह 2022 में विधानसभा चुनाव का टिकट न मिलने पर भाजपा से नाराज हैं तो उन्होंने कहा, कि जब आप एक परिवार में होते हैं, तो सभी को अपनी बात रखने का अधिकार होता है। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई परेशान या नाराज है। यादव ने संवाददाताओं से कहा, कि भाजपा एक बहुत बड़ा परिवार है, जिसमें प्रधानमंत्री परशुराम की तरह हैं। शुरू में मुझे लगा कि मैं एकलव्य हूं, मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं मिल रही है। अब मुझे यह जिम्मेदारी मिली है तो मुझे लगता है कि मैं अर्जुन की तरह काम करूंगी। मैं प्रधानमंत्री की आभारी हूं। अपर्णा यादव को पिछले हफ्ते उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सोमवार शाम को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और इन अफवाहों पर विराम लगा दिया कि वह फिर से सपा में शामिल होंगी। प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पिछले सप्ताह बबीता चौहान को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष नामित किया था और अपर्णा यादव व चारू चौधरी को एक वर्ष की अवधि या राज्य सरकार के निर्णय तक उपाध्यक्ष बनाया गया था। अपर्णा यादव सपा के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू हैं। वह अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव की पत्नी हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में डिप्लोमाधारक अपर्णा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर लखनऊ कैंट सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2017 के चुनाव में वह भाजपा से हार गई थीं। वह जनवरी 2022 में भाजपा में शामिल हुई थीं।

## रालोद का मनाया गया स्थापना दिवस

**आगरा/लखनऊ।** रालोद के आगरा महानगर कार्यालय पर बुधवार को पार्टी का स्थापना दिवस जोर शोर से मनाया गया, विचार गोष्ठी हुई एवं पार्टी की ओर से सबको बैग वितरित किए गये। इस अवसर हुई विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए रालोद के प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर ने कहा कि पार्टी को आज किसान, मजदूर, गांव, गरीब की समस्याओं के लिए संघर्ष करते करते तीसरी पीढ़ी चल रही है। किसान मसीहा व भारत रत्न स्व चौ. चरण सिंह, चौ. अजित सिंह और चौ. जयंत सिंह तक आ गये। हमेशा सड़क से लेकर सदन तक इनकी आवाज, हक और हकूक को लेकर संघर्ष किया है। प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर ने पार्टी जनों से रालोद अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के हाथ मजबूत करने व संगठन को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष दुर्गेश शुक्ला ने की व संचालन प्रदेश सचिव डॉ रुपेश चौधरी ने किया।

# सीएम योगी को अजय राय ने लिखा पत्र, जताया खेद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा एवं उन्हें इतनी गंभीर समस्या पर एक राजनैतिक

**● गंभीर समस्या से अवगत कराने के लिए प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का कांग्रेस के प्रतिनिधियों को समय न देने पर जतायी आपत्ति**

दल के प्रतिनिधियों को समय न देने पर खेद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते मृतक बच्चों के परिजनों को मुआवजा दिया जाए। साथ ही गला घोंटू बीमारी के कहर से बच्चों की रक्षा करने के लिए पूरे प्रदेश में टीकाकरण की व्यवस्था करने का निर्देश जारी किया जाए एवं जनपद आजमगढ़ में स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीमें लगाकर बीमारी का विस्तार रोका जाए। विदित हो कि आजमगढ़ में विगत माह अगस्त में गला-घोंटू बीमारी ने भीषण महामारी का रूप धारण कर लिया है, जिससे जिले के छोटे बच्चे लगातार प्रभावित हो रहे हैं। इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद राकेश राठौर एवं महासचिव संगठन अनिल यादव के नेतृत्व में आजमगढ़ गया। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ितों से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। लखनऊ लौटने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने सरकार को इस प्रकरण की गंभीरता एवं जमीनी हकीकत से अवगत कराने के लिए प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का समय मांगा। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की संस्तुति एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह के पत्र के बाद भी प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय नहीं दिया गया।

# श्रमशील जातियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित करेगी कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग, अल्पसंख्यक विभाग तथा फिशरमैन कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में भागीदारी न्याय सम्मेलन (जातिगत जनगणना- हक है हमारा) बुधवार

**● 20 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सभी ब्लॉक पर पर चलेगा कार्यक्रम**

**● जातिगत जनगणनाः हक है हमारा विषय पर निबंध प्रतियोगिता का प्रदेशव्यापी आयोजन करेगी कांग्रेस**

को आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव, फिशरमैन कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन देवेंद्र निषाद संयुक्त रूप से की तथा कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रभारी संगठन जितेंद्र पटेल ने किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, सांसद राकेश राठौर, सांसद तनुज पुनिया, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, प्रदेश महासचिव प्रभारी संगठन अनिल यादव की उपस्थिति रही। पिछड़ा वर्ग विभाग, अल्पसंख्यक विभाग और फिशरमैन कांग्रेस द्वारा 20 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक लगातार प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर श्रमशील जातियों जैसे मोची, बढ़ई, नाई, धोबी, कहार, धरकार, सफाईकर्मी, बाल्मीकि, ठठेरा, कुजड़ा आदि के सम्मान में कार्यक्रम और जातिगत जनगणना के पक्ष में अलग अलग ऑनलाइन - ऑफलाइन प्रतियोगिता आयोजित करने का कार्यक्रम लांच करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जिस तरह से वंचित जातियों के भागीदारी से जुड़े मुद्दे जातिगत जनगणना, आर्थिक सर्वे और संस्थागत सर्वे को अपनी मुख्य नीति अपनाया है, उसको जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत के साथ अपने अपने क्षेत्र में काम करेगा। जौनपुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मंगेश यादव के परिवार को डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिये जाने पर अजय राय ने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगातार पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासियों के साथ होने वाले अन्याय पर आवाज बुलंद करने के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया ने बात रखते हुए सामाजिक न्याय के मुद्दे और वंचित जातियों के समस्याओं पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लगातार लिखने पढ़ने और सड़क पर आंदोलन के लिए अपील किया।

संगठन महासचिव अनिल यादव ने जातिगत जनगणना मुद्दे से जुड़े तमाम भ्रांतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जातिगत जनगणना मात्र जातियां गिनने का कार्यक्रम नहीं है और ना ही यह किसी खास वर्ग के फायदे या नुकसान से जुड़ा मसला है, बल्कि हर वर्ग से वंचित जातियों की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति के साथ-साथ देश के संसाधनों की भागीदारी से जुड़ी कमियों को दिखाने का एक्स-रे है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, आरबी बौद्ध, प्रदेश प्रवक्ता डॉ राजकुमार मौर्या, प्रदेश प्रवक्ता डॉ राहुल राजभर, प्रदेश सचिव राहुल राय प्रजापति, प्रदेश सचिव कैलाश चौहान, शमीम खान आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा सत्ता में आने वाली नहीं : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की जनता पर तो भारी हैं ही, इनके कारनामों के कारण हरियाणा, और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में भाजपा का सत्ता से दूर-दूर तक पता नहीं चलने वाला है। भाजपा का बुलडोजर लोकतंत्र और संविधान को रौंद रहा है। लोकतंत्र में ऐसे अहंकारी नेतृत्व के लिए कोई स्थान नहीं है, यह प्रदेश के लिए अभिशाप है।

उन्होंने कहा कि जब तक बुलडोजर के अमानवीय और विध्वंसक आचरण को भाजपा नेतृत्व का संरक्षण मिलता रहेगा तब तक बीजेपी का भविष्य अंधकारमय रहेगा। भाजपा के सत्ता में रहते प्रदेश और देश में लोकतंत्र और संविधान का शासन सम्भव नहीं है। इन पर खतरा मण्डराता रहेगा। भाजपा का एजेण्डा समाज में नफरत फैलाकर दूरी पैदा करना है। यह लोकतंत्र का उपहास है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री की भाषा अमर्यादित और अलोकतांत्रिक है। मुख्यमंत्री कलेजा और दिल की बात कैसे कर सकते हैं? ये किस स्तर की भाषा है कुण्ठित मानसिकता की अभिव्यक्ति है। यह भाषा स्वस्थ्य व्यक्ति की नहीं हो सकती? लोकराज, लोकलाज से चलता है लेकिन भाजपा कानून, संविधान और लोकतंत्र के प्रति कोई जवाबदेही नहीं मानती है। इनके जहां-जहां पैर पड़ेंगे वहीं-वहीं बंटाधार होगा। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान सबसे ज्यादा दुःखी है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। इस सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। नौजवान मारा-मारा फिर रहा है। भाजपा के लोग व्यापारियों का शोषण कर रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। महिला अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सबसे ऊपर है। देश में सबसे ज्यादा पुलिस हिरासत में मौतें उत्तर प्रदेश में हो रही है। निर्देशों पर फर्जी मुकदमे लगाए जाते हैं। भाजपा अपने राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करती है। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट चल रही है। थाना, तहसील से लेकर हर स्तर पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। आम जनता का कोई भी काम नहीं हो रहा है। भाजपा हर स्तर पर बेईमानी करती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी जनता ने सपा के पक्ष में अपना विश्वास जताया था लेकिन भाजपा सरकार ने जनमत का अपमान किया और जनता के साथ विश्वासघात किया। भाजपा जनहित में कोई कार्य नहीं करती है। जनहित में कोई कार्य किए बिना सत्ता में बने रहना अनैतिक है। उत्तर प्रदेश में सात साल से अधिक के शासन काल में विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। जिस पर वह अपना दावा कर सके। 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया कर देगी।

## आरती यादव को अखिलेश ने दिया लैपटॉप

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में सीबीएसई परीक्षा 2024 की 12वीं के परीक्षा परिणाम में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आरती यादव को लैपटॉप देकर बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की। आरती यादव रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, इंदिरा नगर लखनऊ में कॉमर्स की छात्रा रही है। छात्रा के पिता लालू सिंह यादव भी इस मौके पर उपस्थित रहे। वे बाटी-चोखा की दुकान चलाते है। आरती यादव ने अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, बिजनेस स्टडीज एजूकेशन और एकाउंटिंग में 100 में 98 और आईपी में 100 में 99 अंक हासिल किये हैं। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी सहित समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव एवं संग्राम सिंह तथा महातिम सिंह यादव भी मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानन्द के दर्शन को अपने जीवन में उतारें : धर्मपाल

**लखनऊ।** प्रतिवर्ष की भांति शिकागो की धर्मसंसद में स्वामी विवेकानंद जी द्वारा हिंदुत्व एवं भारतीय दर्शन पर दिये गये प्रथम भाषण की स्मृति में झण्डेवाला पार्क (अमीनाबाद) में उत्तर प्रदेश के पशुधन दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह व कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह ने स्वामी विवेकानंद को स्मरण करते हुये उनके जीवन चारित्र को प्रत्येक मानव को स्वयं मे अंगीकार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हास्त्र हो रही सनातन संस्कृति का परचम पूरी दुनिया मे पुनर्स्थापित करने का काम किया।

# 7 हजार सामान्य व 220 ई-बसें कुंभ में चलेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कई वर्षो बाद प्रयागराज में कुंभ लगने जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री से लेकर सभी विभाग के अधिकारी तेजी से कार्य में लगे हुए है। परिवहन निगम इस बार लगने वाले कुंभ मेले में 7 हजार साफ-सुथरी बस और 220 इलैक्ट्रिक बस मेला क्षेत्र में मौजूद रहेगी। रोडवेज विभाग के एमडी मासूम अली सर्वर ने बताया कि बस के साथ-साथ संविदाकर्मियों को भी कुंभ मेले में लगाया जायेगा। जिससे बस आसानी से लोगों को गांगा में स्नान करा सके। कुंभ मेला 2025 इलाहाबाद (प्रयाग) में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाला है। हिंदू अपने त्यौहारों को भव्य तरीके से मनाने के लिए जाने जाते हैं। कुंभ मेला प्रयागराज 2025 हिंदुओं द्वारा मनाया जाने वाला ऐसा ही एक त्यौहार है। यह आयोजन भारत के प्रमुख और प्राचीन शहरों प्रयागराज (पहले इलाहाबाद), हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में होता है।



# बिल्डिंग ढहने के कारणों की गहन जांच, तलाशे जा रहे पुराने रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्टनगर में बिल्डिंग ढहने के कारणों की जांच के लिए नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की टीम ने बुधवार को भी परीक्षण किया। टीम के तीन सदस्य वापस गुजरात चले गए हैं जबकि दो

- **गुजरात की टीम के दो सदस्यों ने दूसरे दिन भी किया परीक्षण**

सदस्यों ने ट्रांसपोर्ट नगर में मौके पर पहुंचकर मलबे से नमूना एकत्र किया और नाप जोख की।

मंगलवार को विशेषज्ञों की टीम ने पूरे परिसर का निरीक्षण था। इस दौरान टीम ने क्षतिग्रस्त बिल्डिंग के हिस्सों में से स्लैब की मोटाई, कॉलम व बीम के आकार व निर्माण में इस्तेमाल हुयी सरिया के व्यास की नापजोख करके जानकारी दर्ज की थी। विशेषज्ञों के अनुसार उक्त प्रकरण में सीटीएम (कम्प्रेशन टेस्टिंग मशीन) से कॉलम व बीम की मजबूती की जांच की जाएगी। इसके अलावा यूटीएम (यूनिवर्सल टेस्टिंग मशीन) से कॉलम व बीम में इस्तेमाल हुयी सरिया व कन्क्रीट का टेन्साइल टेस्ट किया जाएगा। इससे यह पता लगाया जाएगा कि कॉलम व बीम बिल्डिंग का भार सहने लायक थे या नहीं।

ट्रांसपोर्टनगर में बिल्डिंग ध्वस्त होने के मामले में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में बनी समिति ने भी जांच शुरू कर दी है। कमेटी में मुख्य नगर नगर नियोजक कौशवेन्द्र गौतम, उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह, अधिशासी अभियन्ता अजय गोयल, उप सचिव माधवेश कुमार शामिल हैं। अपर सचिव ने बताया तीनों बिल्डिंगों के मानचित्र का परीक्षण कराया गया है। फिलहाल सभी का नक्शा पास है। अब इनके नक्शे के अनुसार अथवा विपरीत निर्माण की रिपोर्ट मांगी गई है।

अगर निर्माण अवैध पाया जाएगा तो विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। समिति बिल्डिंग के तकनीकी पहलू की बजाय प्राधिकरण स्तर पर इसके निर्माण के समय हुई लापरवाही की जांच कर रही है। आवंटन व मानचित्र के सम्बंध में रिपोर्ट देगी। यह भी देखेगी की बिल्डिंग का निर्माण किन इंजीनियरों के समय पास हुआ था। क्योंकि बिल्डिंग का एक मंजिल अवैध बना हुआ था।

अधिकारियों का कहना है कि सिर्फ भूखण्ड संख्या 54/1 ही नहीं आस पास के अन्य भूखण्डों पर बनी बिल्डिंग के निर्माण में भी नक्शे के विपरीत काम किया गया है। ध्वस्त हुई बिल्डिंग का मानचित्र का नक्शा सिर्फ एक मंजिल का ही पास था जबकि यह तीन मंजिल बनी हुई थी। कैसे भूखण्ड आवंटित हुआ। कब नक्शा पास हुआ। बिल्डिंग के लिए कितना पैसा जमा था। इन सब चीजों की जांच की जा रही है।

**भवन मालिक को दो दिन का समय, मांगी गई स्ट्रक्चरल रिपोर्ट** : ढही बिल्डिंग की लाइन में बनी तीसरी बिल्डिंग की मजबूती के प्रमाण पत्र के बारे में एलडीए ने भवन मालिक को दो दिन का और समय दिया है। एलडीए ने 13 सितम्बर तक बिल्डिंग की मजबूती की ऑडिट रिपोर्ट देने को कहा है। ऑडिट रिपोर्ट स्ट्रक्चरल इंजीनियर की ही मान्य होगी। दो दिनों के भीतर रिपोर्ट न देने पर प्राधिकरण इसे सील कर देगा। एलडीए के इंजीनियरों व अधिकारियों ने मंगलवार को भूखण्ड संख्या 56 पर बनी बिल्डिंग का निरीक्षण किया था। इसके कुछ हिस्से में दरार मिली थी। इसके बाद बिल्डिंग मालिक से स्ट्रक्चरल इंजीनियर से जांच कराकर प्रमाण पत्र देने को कहा था। स्ट्रक्चरल इंजीनियर इस बात का प्रमाणपत्र देगा कि यह बिल्डिंग पूरी तरह से मजबूत व सुरक्षित है या नहीं। बगल की बिल्डिंग के ध्वस्त होने का कोई असर इस पर आया है या नहीं? बिल्डिंग मालिक ने प्राधिकरण के इंजीनियरों से इसके लिए दो दिन की और मोहलत मांगी थी। उधर, प्राधिकरण के इंजीनियरों ने बताया कि इस बिल्डिंग की ममटी व अन्य हिस्से में दरार आई है। संभवतः भूखण्ड संख्या 54 पर बनी बिल्डिंग के ढहने का असर इस पर भी आया है। धमक की वजह से इसमें क्रैक आया है। स्ट्रक्चरल इंजीनियर की रिपोर्ट के लिए एलडीए ने दो दिनों की मोहलत दे दी है। प्राधिकरण के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि दो दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। अगर इसके बाद सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट नहीं आती है तो सीलिंग की कार्रवाई होगी।

## टीपी नगर हादसे के बाद मुख्य नगर नियोजक से मुख्य अभियंता का चार्ज लिया

ट्रांसपोर्टनगर में बिल्डिंग ढहने के बाद बुधवार को मुख्य नगर नियोजक (सीटीपी) कौशलेंद्र गौतम से मुख्य अभियंता का चार्ज ले लिया गया। अब अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) अवनीन्द्र कुमार सिंह को मुख्य अभियन्ता की जिम्मेदारी दी गई है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी किया है। करीब दो महीने पहले तत्कालीन उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने तबादले से पहले प्राधिकरण के मुख्य नगर नियोजक को एलडीए के मुख्य अभियन्ता का दायित्व सौंपा था। नए वीसी प्रथमेश कुमार ने भी नगर नियोजक को ही चीफ इंजीनियर बनाए रखा, जबकि नगर नियोजक को सिविल इंजीनियरिंग का ज्ञान नहीं था। वह आटीपी नगर हादसे के बाद मुख्य नगर नियोजक से मुख्य अभियंता का चार्ज लियाट्रांसपोर्टनगर में बिल्डिंग ढहने के बाद बुधवार को मुख्य नगर नियोजक (सीटीपी) कौशलेंद्र गौतम से मुख्य अभियंता का चार्ज ले लिया गया। अब अधीक्षण अभियन्ता (सिविल) अवनीन्द्र कुमार सिंह को मुख्य अभियन्ता की जिम्मेदारी दी गई है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने इस सम्बंध में आदेश जारी किया है। करीब दो महीने पहले तत्कालीन उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने तबादले से पहले प्राधिकरण के मुख्य नगर नियोजक को एलडीए के मुख्य अभियन्ता का दायित्व सौंपा था। नए वीसी प्रथमेश कुमार ने भी नगर नियोजक को ही चीफ इंजीनियर बनाए रखा, जबकि नगर नियोजक को सिविल इंजीनियरिंग का ज्ञान नहीं था। वह आर्किटेक्ट हैं। कहा जा रहा है कि ट्रांसपोर्टनगर में बिल्डिंग गिरने के बाद एलडीए वीसी ने आदेश जारी किया है। कौशलेंद्र गौतम अब मुख्य नगर नियोजक का ही काम देखेंगे। कुछ इंजीनियरों के कामकाज में भी बदलाव किया गया है।र्किटेक्ट हैं। कहा जा रहा है कि ट्रांसपोर्टनगर में बिल्डिंग गिरने के बाद एलडीए वीसी ने आदेश जारी किया है। कौशलेंद्र गौतम अब मुख्य नगर नियोजक का ही काम देखेंगे। कुछ इंजीनियरों के कामकाज में भी बदलाव किया गया है।

# एंटी भू माफिया अभियान चलाकर अवैध कॉलोनियों को बसने से रोकें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में राजस्व वादों के कार्यों, मानव सम्पदा, ई-ऑफिस तथा आईजीआरएस के सम्बंध में मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर मंडल की समस्त जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मण्डलायुक्त ने एंटी भू माफिया अभियान की गहन समीक्षा की। बताया गया की जिन क्षेत्रों में प्लाटिंग हो रही है। उसके संबंध में पूर्व में भी निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया की इस माह एंटी भू माफिया अभियान का लक्ष्य है की प्रत्येक तहसील में कहां कहां प्लाटिंग हो रही है। ऐसे डेवलपर को चिन्हित किया जाए। सभी अधिकारी अवैध कालोनियों को बसने से रोके। साथ ही निर्देश दिया की जिन क्षेत्रों में प्लाटिंग हो रही है उनमें जहां भी सरकारी भूमि है वहां पर सरकारी भूमि का बोर्ड लगाकर उनको सुरक्षित किया जाए। अगर किसी डेवलपर की ओर से सरकारी भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाए। मंडलायुक्त ने राजस्व न्यायालय वाद की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि 5 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित वाद 6000 हजार हैं। लखनऊ में 5 वर्ष से अधिक लंबितवाद 57 है इन सभी वादों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराया जाए। अतिक्रमण भूमि से बेदखली करने संबंधित लंबित वादों व आरसीसीएमएस पोर्टल पर उपलब्ध सबसे पुराने लंबित मंडल के 100 वादों का जनपदवार निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि मंडल के समस्त जनपदों में निर्धारित समयावधि पर कोर्ट का संचालन किया जाए।

सीमा स्तंभों की समीक्षा के दौरान लखनऊ में कुल स्तंभों की संख्या 1726 के सापेक्ष 395 लग गए हैं, शेष 1331 स्तंभो को लगाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंडल में स्तंभों की संख्या 23815 के सापेक्ष 3557 लग गए हैं शेष 20258 लगना है। रियल टाइम खतौनी का कार्य मंडल में 99.65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। जिसके संबंध में निर्देश दिया गया है कि अंश निर्धारण के किये कार्यो का सत्यापन कराया जाए कि अंश निर्धारण कार्य सही किया गया है। अगर अंश निर्धारण में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो तत्काल सही कराया जाए।

बैठक में ई खसरा पड़ताल संबंधित बिंदु की भी गहन समीक्षा की गई। बताया गया कि ई खसरा पड़ताल की मंडल की प्रगति कुल 66.99% है। जिसमे लखनऊ और उन्नाव की प्रगति 100% पाई गई। ई खसरा पड़ताल का कार्य पूरा कराया जाए। मुख्यमंत्री संदर्भ के तहत ऑनलाइन प्राप्त होने वाले प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस प्रकरणों के सभी निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो। निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं को कॉल करके उनका फीडबैक भी लिया जाए।

## सरकारी जमीन पर कब्जों के विरुद्ध करें कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की उपस्थिति में सम्पत्ति विभाग के अन्तर्गत हो चुके व वर्तमान में चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक हुई। इस दौरान महापौर ने सरकारी जमीन पर प्रापर्टी डीलरों एवं अन्य व्यक्तियों की ओर से किए गए अवैध कब्जों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुये उनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के लिए समस्त लेखपालों को निर्देशित किया।

इसके साथ ही शासकीय भूमि को सुरक्षित किये जाने के लिए उसकी तारबाड़, बाउण्ड्रीवाल कराये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त लेखपालों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वह समस्त तहसीलों के लेखपालों से समन्वय स्थापित करते हुये शासकीय भूमि के सर्वे के कार्य को पूरा करें।

## दुर्घटना की वैज्ञानिक जांच के बाद कार्रवाई करना उचित

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर की बिल्डिंग ढहने के बाद मालिक राकेश सिंघल के खिलाफ एफआईआर लिखाने के बाद व्यापारी लामबंद हो गए थे। अब राकेश की 71 वर्षीय पत्नी कुमकुम सिंघल के बयान का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने कहा है कि राकेश की आयु 78 वर्ष, जो गंभीर रूप से बीमार हैं, हम इस समय अत्यधिक दुख और व्यथित हैं। मेरे पति का स्वास्थ्य लंबे समय से गंभीर है। उन्हें 1993 में पहला हार्ट अटैक आया था। 2011 में एनजीओ प्लास्टिक सहित तीन बार अलग-अलग अस्पतालों में स्टेंट डाले गए हैं। इसके अलावा, उन्हें यूरिन और प्रोस्टेट की गंभीर समस्या है और पिछले छह महीनों से स्लिप डिस्क की समस्या के कारण वे बिस्तर से उठने और खड़े होने में भी असमर्थ हैं। उनके प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं, और हम इस असीम क्षति के दर्द को साझा करते हैं। हमारे खिलाफ रिपोर्ट में लिखा गया कि भवन निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल हुआ। भवन स्वामी अपने ही भवन में खराब सामग्री का इस्तेमाल करेगा और खराब बिल्डिंग में अपना रजिस्टर्ड ऑफि स और गोदाम बनाकर उसमे करोड़ों का सामान रखेगा। बिना किसी वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट के ही हमारी बिल्डिंग निर्माण को निम्न गुणवत्ता का घोषित किया जा रहा है। हमारे भवन का निर्माण पूरी तरह से नियमानुसार हुआ है, और इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं है। हमारी बिल्डिंग का किसी भी अगल-बगल की इमारत से स्ट्रक्चरल जॉइंट नहीं है। मेरा प्रशासन से निवेदन है कि दुर्घटना की समुचित और वैज्ञानिक जांच के बाद ही कोई निष्कर्ष निकाला जाए। अंदेशा है कि भारी बरसात के कारण हुए जलभराव से इमारत की पहुंच हो, अथवा ऐसा भी पता चला है कि टेनेंट के वहां सामग्री उतारने वाले ट्रक ने पिलर में टक्कर मारी जिससे बिल्डिंग को अपूर्णीय क्षति पहुंची।

# सीएम ग्रिड योजना में 100 करोड़ से बनेंगी सात सड़कें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएम ग्रिड योजना के पहले फेज के तहत शहर की सात प्रमुख सड़कों का कायाकल्प होगा। बारिश का महीना समाप्त होने के बाद अगले महीने अक्टूबर से यह सड़कें बनाई जाएंगी। इस पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए दूसरी बार जारी किए गए टेंडर मंगलवार को खोले गए। इनकी तुलनात्मक रिपोर्ट बनाई जा रही है। एक सप्ताह में फर्म तय कर कायादेश भी जारी कर दिया जाएगा। करीब डेढ़ महीने पहले टेंडर जारी किए गए थे। हालांकि, कम टेंडर आने के कारण दूसरी बार निविदा की गई थी। इस बार पर्याप्त टेंडर आए हैं।

नगर निगम शहर में पहली बार सीएम ग्रिड योजना के तहत सात मीटर से अधिक चौड़ी सड़कें बनाने जा रहा है। इसके पहले फेज में सात सड़कों को चुना गया। इन सड़कों को पूरी तरह सुविधाओं से युक्त स्मार्ट बनाया जाएगा। इनका फुटपाथ भी सही किया जाएगा। नाली व डिवाइडर नहीं हैं तो ये भी बनाए जाएंगे।

स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। हरियाली करने के साथ फुटपाथ पर बैठने के लिए बेंच भी लगाई जाएंगी। बिजली के तार भूमिगत किए जाएंगे। इसके लिए सड़क किनारे डक्ट बनाई जाएगी। पानी, सीवर और गैस की पाइप लाइन को सड़क और फुटपाथ से हटाकर इनमें शिफ्ट किया जाएगा। कालिदास चौराहे से सिविल अस्पताल चौराहे होते हुए हजरतगंज तक व डीएसओ चौराहे से सिविल अस्पताल चौराहा पार्क रोड तक, विश्वविद्यालय मार्ग से आरबीएल रोड चौराहा होते हुए हनुमान सेतु रोड बंधे तक, गोल मार्केट चौराहे से माउंटफोर्ट व श्याम सत्संग से हार्नर स्कूल व नया हनुमान मंदिर से विदिशा पार्क से आस्था हॉस्टिपल से मंदिर मार्ग से कपूरथला चौराहा होते हुए अल्कापुरी तिराहे तक, ताड़ीखाना डिवाइडर रोड से पप्पू जनरल स्टोर तक और वहां से विंध्याचल मंदिर से सेक्टर क्यू तथा वहां से बाटी चोखा रेस्टोरेंट के सामने तक, पुरनिया अलीगंज रोड से सावित्री अपार्टमेंट के सामने से होते हुए गोयल चौराहे से मामा तिराहा रोड व जनगणना निदेशालय होते हुए कुर्सी रोड पर पेट्रोल पंप तक, रायबरेली रोड तेलीबाग में इग्नू मोड़ से एलेन हाउस स्कूल तक और रजनीखंड पावर हाउस से सैनिक ढाबा रायबरेली रोड तक की सड़क बनाई जाएगी।

## 30 घण्टे बिजली कटौती से अंधेरे में दर्जनों गांव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम इलाके में मंगलवार रात तेज हवाओं के साथ हुई तेज बारिश के चलते बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। रात करीब 11 बजे गायब हुई बिजली बुधवार शाम 5:30 बजे बहाल हो सकी, इस बीच उपभोक्ताओं को परेशानी परेशानी का सामना करना पड़ा। लेसा के सेस खंड तृतीय मोहनलालगंज के अन्तर्गत समेसी उपकेंद्र से नगराम, समेसी, बहरौली मीरख नगर, समेत ट्यूबवेल फीडरों से संबंधित करीब दो सौ गांवों के उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति होती है।

हरदोइया प्रधान विजय चौरसिया, दोरिया से बंशी लाल अमेठियन पुरवा निवासी शुभम सिंह, बजगहिया के जगदीश, समेसी के प्रधान अशोक रावत, मकदूम नगर गांव निवासी विनोद वर्मा, बहरौली निवासी अर्जुन शर्मा, जवाहर सिंह पुरवा निवासी विवेक सिंह सहित कई अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि मंगलवार रात हुई बारिश के बीच अचानक 11 बजे रात बिजली आपूर्ति बंद हो गयी। जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया। मंगलवार पूरी रात व बुधवार को दिन भर बिजली आने का इंतजार करते रहे।

इस बाबत समेसी उपकेंद्र के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि मंगलवार रात के समय तेज हवाओं के झोंकों से हाईटेंशन लाइन के पास पेड़ो की टहनियों के तारों पर टूटकर गिर जाने से बिजली आपूर्ति ब्रेक डाउन हो गई।

करीब 30 किमी लंबी हाईटेंशन लाइन की पेट्रोलिंग रात के समय संभव नहीं हो सकी, बुधवार सुबह पेट्रोलिंग करने पंहुचे कर्मचारियों द्वारा मिले फाल्ट को ठीक किया गया तब तक समेसी पावर हाउस पर खराबी आ गयी। इस बीच 132 केवी खुजेहटा पावर हाऊस पर कुछ मरम्मत कार्य किया जाने लगा। ऐसे में शाम पांच बजे समेसी उपकेंद्र पर सप्लाई आने पर सभी हाईटेंशन लाईनों का ट्रायल हुआ। करीब साढ़े पांच बजे सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई।

## मण्डलायुक्त और डीएम ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अटल आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारम्भ आज होगा। जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेगें। ऐसे में व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लेने मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को अटल आवासीय विद्यालय मोहनलालगंज के कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल में चल रहें सभी कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम आयोजन के संबंध में तैयारियां अंतिम चरण में है एवं सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम में भारी तादात में नजदीकी जिलो से आने वाले को देखते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं पार्किंग की उचित व्यवस्था रहे। पहुंच मार्ग सकरा होने के कारण एवं जाम की स्थिति से निपटने के लिए जगह-जगह पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहे जिससे सुगम ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि पहुंच मार्ग के दोनों तरफ पानी का छिड़काव एवं चुना डालने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी चिकित्सीय आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस एवं डॉक्टरो की टीम उपस्थित रहे।

# एलडीए की बोर्ड बैठक कल, होंगे अहम फैसले

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक शुक्रवार 13 सितंबर को प्रस्तावित है। प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव की ओर से सभी अनुभागों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के आने के बाद यह पहली बोर्ड बैठक है। प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में आधा दर्जन प्रस्ताव रखे जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी व आईटी सिटी से सम्बंधित प्रस्ताव एजेंडे में शामिल किया गया है। पिछली बोर्ड में यहां के आठ बिल्डरों से 147 एकड़ जमीन अधिग्रहण करने का फैसला लिया गया था। निर्णय हुआ था कि जिन बिल्डरों ने किसानों से अपनी टाउनशिप विकसित करने के लिए लाइसेंस लेकर खरीदी थी। बदले में बिल्डर को जमीन या फिर मुआवजा मिलेगा। बताया जा रहा है कि अब एलडीए में इसमें कुछ संशोधित कर प्रस्तावित योजना को अंतिम रूप देगा। इसके अलावा ट्रस्ट व नगर नियोजन से सम्बंधित प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल किया गया है। पिछले दिनों एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रस्तावित आईटी सिटी योजना का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान पाया गया था कि प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध प्लाटिंग हो रही है। वीसी ने जोनल अधिकारी जोन दो को अवैध प्लाटिंग व अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलाकर जमीन खाली कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही उन्होंने आईटी सिटी योजना के प्रचार-प्रसार के लिए अधिशासी अभियंता जोन दो को क्षेत्र में जगह-जगह साइनबोर्ड व आईटी सिटी योजना का मानचित्र लगाए जाने के निर्देश दिए हैं।

## नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक कल

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को बुलाई गई है। महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। महापौर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक नीतिगत निर्णय लेती है। बैठक में रखे जाने के लिए रंजीत सिंह, सदस्य कार्यकारिणी समिति की ओर से प्रस्ताव दिया गया है। नमें डालीगंज पुल मनकामेश्वर मंदिर चौराहे पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की मूर्ति तथा चौराहे का जीर्णोद्धार लाईटिंग इत्यादि से सुसज्जित करना, मनकामेश्वर वार्ड में नेहरू नगर तथा बरौरिया मोहल्ले के लिए 1-1 ट्यूबवेल का निर्माण, विधायक डा. नीरज बोरा की ओर से दिये गये प्रस्ताव कुड़ियाघाट पर अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति की स्थापना के कार्य को पूरा करने, कुतुबपुर नाले का जीर्णोद्धार व बंदीमाता मंदिर द्वार का निर्माण से सम्बंधी प्रस्ताव शामिल किया गया है।

# जमीन मालिकों की सूची तैयार जमीनों के रेट होंगे तय

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में गोमती नगर के भरवारा रेलवे क्रासिंग परप्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिजके संबंध में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि ओवरब्रिज बनाने के लिए जिन जमीनों की आवश्यकता है,

- **भरवारा रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण का मामला**
- **रेट तय होने के बाद होगा अधिग्रहण व क्रय**

उनके मालिकों की सूची बन कर तैयार है जिसे जिलाधिकारी को भेजा भी जा चुका है। न्यायालय को जानकारी दी गई कि जमीनों के रेट तय करने केबाद जमीन मालिकों से बातचीत कर के अधिग्रहण अथवा जमीनों को क्रय किये जाने कीकार्यवाही शुरू की जाएगी। इस परन्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 सितम्बर की तिथि नियत करते हुए, प्रगति की




जानकारी मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने वैज्ञानिक स्वामी सत्य प्रकाश वेदविज्ञान सेवा समिति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। न्यायालय ने कहा कि यह प्रोजेक्ट पहले ही दो साल के विलम्बसे चल रहा है, यह बहुत अच्छी स्थिति नहीं है। न्यायालय ने कहा कि वह नियमित तौर पर इस मामले की निगरानीकरेगी। न्यायालय ने अगली सुनवाईपर यह बताने को कहा है कि क्या जमीनों के रेट तय कर लिए गए व क्या जमीन मालिकों सेबातचीत शुरू कर दी गई अथवा नहीं। उल्लेखनीय है कि मामलेकी पूर्व की सुनवाई केदौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया था कि ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए आवश्यक जमीनों ओर अभी कब्जेनहीं लिए गए हैं और कब्जा लिए जाने से पूर्व विधि के तहत पूरी प्रक्रिया का पालनकिया जाएगा तथा याचियों को क्षतिपूर्ति भी दी जाएगी।

## अंबर बाजार के व्यापारियों ने ली शपथ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मण्डल के अम्बर बाजार युवा व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को हुआ। जिसकी अध्यक्षत लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने किया। नाका परिक्षेत्र में अम्बर बाजार युवा व्यापार मण्डल का गठन अंबर बाजार में ही किया गया। जिसमें अध्यक्ष विजय वाधवानी, महामंत्री प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष कवल साहित्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष शाहनवाज आलम (शालू) उपाध्यक्ष सागर जेठानी, गगन बजाज, राजीव रस्तोगी, मंत्री सनी बतरा, सोनू सोनकर रजत गुप्ता, राकेश वर्मा, राघव, विशाल, शिवम, मीडिया प्रभारी, शादाब आलम, संगठन मंत्री मोहनलाल अरोड़ा विवेक बेलानी, संदीप कोहली, प्रचार मंत्री विकास सोनकर, को बनाया गया। अमरनाथ मिश्र ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी और कहा कि यह युवा टीम अम्बर बाजार के व्यापारियों के साथ-साथ लखनऊ व्यापार मण्डल के साथ मिलकर पूरे शहर में कार्य करेंगे। सभी युवा साथियों से कहा कि इलेक्ट्रॉनिक युग है हम सब जितना नेटवर्किंग के साथ जुड़ कर कार्य कर सकते है उतना सहज कार्य होगा। सभी व्यापारियों को सोशल मीडिया से जोड़कर उनकी समस्या को समझे और हल करायें।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
ई-टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा–213(बी–2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन–5**

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | **चित्रगुप्त नगर** | | |
| 1 | 560/218 कृष्णानगर | श्री अमृत लाल कालरा | श्री राजीव कालरा | दान विलेख |
| 2 | एच–383 इन्द्रलोक | श्री देवेन्द्र नाथ शर्मा | श्री राजेष कुमार पाण्डेय व संगीता पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| | | **बाबू कुंज बिहारी–ओम नगर, गुरूगोविन्द सिंह** | | |
| 3 | 568/140 अहमदपुर | श्री उमाशंकर दीक्षित | श्री नलिन रंजन दीक्षित | दान विलेख |
| 4 | 554/639 छोटा बरहा | श्रीमती उत्तरा सिंह | श्री सुरेश पाल सिंह | परिवारिक |
| 5 | 551क/ओ–944 ओम नगर | श्री विवके खरे | श्रीमती सशीला वर्मा | रजिस्ट्री |
| 6 | 568/पीएन–01–ए साकेतपुरी | श्री प्रमोद कुमार | श्री लक्ष्मी सिंह | रजिस्ट्री |
| 7 | 554/520 छोटा बरहा | स्व0 दुर्गा प्रसाद | श्रीमती रूपरानी व ममता वर्मा | परिवारिक |
| 8 | 554/520 छोटा बरहा | स्व0 दुर्गा प्रसाद | श्रीमती मुन्नी देवी व राजू वर्मा व संजय वर्मा | परिवारिक |
| 9 | 551क/ओ–125 ओम नगर | श्री श्याम नारायण उपाध्याय | श्रीमती नीलम वर्मा | वसीयत |
| 10 | 568/468 अहमदपुर | श्रीमती चित्रा अवस्थी | श्री योगेन्द्र कुमार अवस्थी व अरविन्द कुमार अवस्थी | वसीयत |
| 11 | 557/024–सी/01 ओम नगर | श्रीमती सरस्वती | श्रीमती सीमा सिंह | रजिस्ट्री |
| 12 | 557/024–सी ओम नगर | श्री मनोज कुमार शर्मा | श्रीमती सीमा सिंह | रजिस्ट्री |
| 13 | 554क/171 अर्जुन नगर | श्री विनोद कुमार छिब्बर | श्री हरजीत सिंह बग्गा व रनदीप सिंह बग्गा | रजिस्ट्री |
| 14 | 554/1325 पवनपुरी | श्री बलबीर सिंह | श्रीमती गुरजीत कौर, रवीन्द्रजीत सिंह, मनप्रीत कौर | परिवारिक |
| 15 | 554/152 छोटा बरहा | श्रीमती शान्ती देवी | श्री अजय कुमार गुप्ता | परिवारिक |
| 16 | 554/152/02 छोटा बरहा | श्रीमती शान्ती देवी | श्रीमती सुमन गुप्ता | परिवारिक |
| 17 | 554/152/03 छोटा बरहा | श्रीमती शान्ती देवी | श्री दीपक गुप्ता | परिवारिक |
| 18 | 554/152/01 छोटा बरहा | श्रीमती शान्ती देवी | श्री विजय कुमार गुप्ता | परिवारिक |
| | | **गुरूनानक नगर** | | |
| 19 | 554ख/399 विषेष्वर नगर | श्री गिरीजा प्रसाद | श्री मुल्कराज आनंन्द, आनन्द बाबू व आनन्द पुंज | परिवारिक |
| 20 | 569च/583 प्रेम नगर | श्री नन्दलाल | श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव | पारिवारिक |
| 21 | 551छ/317 नया सरदारी खेडा | श्रीमती कमला देवी | श्री रामषंकर बाजपेई | परिवारिक |
| 22 | 552/186/2 चन्दर नगर आंशिक | श्री गुरजीत सिंह | श्री कमलेश कुमार व सुनीता | रजिस्ट्री |
| 23 | 552/215 चन्दर नगर आंषिक | श्री गुरूशरन सिंह | श्री सतविन्दर सिंह | रजिस्ट्री |
| 24 | 554ख/199 ए विशेश्वर नगर | श्रीमती संजू शर्मा | श्रीमती प्रीति पाल | रजिस्ट्री |
| 25 | 551घ/168/1 नटखेडा | श्री कुतुनलाल | श्रीमती सोनिया खत्री व खेमचन्द्र खत्री | रजिस्ट्री |
| 26 | 566/445ए जयप्रकाष नगर | श्री सर्वजीत सिह | श्री लीलाधर बाजपेई | रजिस्ट्री |
| 27 | 569च/749 प्रेम नगर | श्री ओंकार सिंह | श्रीमती मनीन्दर मलहोत्रा | दान विलेख |
| 28 | 551झ/135 हरिहर प्रसाद नगर आंषिक | श्री अमर पाल सिंह | श्रीमती किरन सिंह | रजिस्ट्री |
| 29 | 551घ/472ए नटखेडा | श्री जिलेदार | श्री संतोष कुमार | पारिवारिक |
| 30 | 569च/336 प्रेम नगर | ललिता माण्टेसरी स्कूल | श्रीमती रूबी कंचन व षिवानी कंचन | पारिवारिक |
| | | **गीतापल्ली** | | |
| 31 | 570/720 पकरी | श्री घनश्याम | श्रीमती सुमन यादव | दान विलेख |
| 32 | 570/805/03 पकरी | श्री मायाराम चौधरी | श्री नीरज चौधरी | परिवारिक |
| 33 | 570/784 पकरी | श्रीमती मीना श्रीवास्तव | श्री देवेन्द्र कुमार | रजिस्ट्री |
| 34 | 570/एस–156 सैनिक नगर | श्रीमती उषा पाण्डेय | श्री गजानन पाण्डेय | परिवारिक |
| 35 | 570/एस–361/1 सैनिक नगर | श्री रामसखी मिश्रा | श्रीमती रश्मिी दूबे | रजिस्ट्री |
| 36 | 551क/जी–974–ए भिलॉवा | श्री सिराजुद्दीन खान | श्री मेराजुद्दीन खान | दान विलेख |
| 37 | 551क/जी–030 भिलॉवा | श्री रामाश्रय लाल | श्री पियूष षिषिर | पारिवारिक |
| 38 | 568ख/589 गीतापल्ली | श्रीमती रचना श्रीवास्तव | श्रीमती विद्ययोत्मा मिश्रा | रजिस्ट्री |
| 39 | 551क/जी–383 भिलॉवा | श्री शमशेर अली | श्रीमती शमशुननिशा व असरफ हुसैन | परिवारिक |
| | | **केसरी खेडा** | | |
| 40 | 548एस/235/ए–1 सूर्य नगर | श्री पियूष श्रीवास्तव | श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव | रजिस्ट्री |
| 41 | 555क/केवी–189 कनौसी | कुमारी लिडा मरियम मैसी | श्री इमैनुअल मैसी | पारिवारिक |
| 42 | 555क/एमपी–021 महाराजापुरम | श्रीमती अनीता सोनी | श्रीमती मधु लखनपाल | रजिस्ट्री |
| 43 | 548घ/088 तेजी खेडा | श्री सतीष चन्द्रा | श्री मोहम्मद सहनवाज | रजिस्ट्री |
| 44 | 548च/026 धैधा खेडा | श्री पी एन शर्मा | श्रीमती शान्ती देवी व देवेन्द्र कुमार शर्मा | पारिवारिक |
| | | **रामजीलाल सरदार पटेल नगर** | | |
| 45 | 555च/250 राम नगर आंशिक | श्री बाबू लाल शर्मा | श्रीमती मिथलेष शर्मा | परिवारिक |
| | | **सरोजनी नगर प्रथम** | | |
| 46 | केएन–89/पीएन'63–ए गौरी | श्रीमती शशी गुप्ता | श्रीमती स्वेता सिह | रजिस्ट्री |
| 47 | केएन–3622 अमौसी | श्रीमती निधि सिंह | श्रीमती छाया अवस्थी व मिताली अवस्थी | रजिस्ट्री |
| 48 | एमवी/27 मुरली विहार | श्रीमती चन्द्रकान्ता अरोरा | श्री सुखजेन्द्र कुमार अरोरा | परिवारिक |

**जोनल अधिकारी**

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

## शिक्षा व्यवस्था में राष्ट्रवाद विषय पर की चर्चा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की तरफ से विशेष व्याख्यान की श्रृंखला में एक व्यख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की संयोजक विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव रहीं और पैट्रन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय रहे। यह व्याख्यान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो.राकेश चंद्रा ने प्रस्तुत किया और उनके व्याख्यान का विषय फिलोसफी एंड लिबरल एजुकेशन था। उन्होंने अपने व्याख्यान की शुरुआत भारत की शिक्षा व्यवस्था में दर्शनशास्त्र एवं लोकतंत्र के महत्व को स्थापित करने के साथ किया। शिक्षा व्यवस्था में राष्ट्रवाद एवं मात्र भाषा की अनिवार्यता को लेकर प्रसिद्ध दार्शनिकों के विचारों की भी चर्चा की। उनके विचारों का केंद्र बिंदु यह था कि किस प्रकार से विश्वविद्यालयों में उदार शिक्षा व्यवस्था को बढ़ाना चाहिए और छात्रों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा भी देनी चाहिए ताकि उनका चहुमुखी विकास हो सके।


### सूचना

सूचित हो कि मेरे घर का मूल बैनामा जो दिनांक 04.02.1992 बही संख्या-1, जिल्द संख्या-1431, पृष्ठ संख्या- 93 से 98 पर क्रमांक 4476 कार्यालय मुख्य उपनिबंधक लखनऊ में पंजीकृत है कहीं गिर गया है। **अकील अहमद पुत्र डॉ अब्दुल वली नि.- रामगंज, हुसैनाबाद, लखनऊ।**

### सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2666896 मूल प्रमाणपत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **अविनाश यादव पुत्र श्री रामसागर यादव ग्राम- कलानी पोस्ट कोहरा बुजुर्ग गोरखपुर।**

### सूचना

मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र व प्रमाणपत्र, वर्ष-2019,2035469, इंटर मीडिएट-वर्ष, 2021, अनुक्रमांक -216641708, अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **सतीश कुमार मौर्य पुत्र काशी राम , निवासी ग्राम -पूरे मियां कफूर, काजीपुर, तेलियानी, पोस्ट - बरखुदारपुर, थाना -नसीराबाद, जिला -रायबरेली, पिन-229305 मोन-9621876169**


# चिनहट में लगे जिहादी नारे, गणेश पूजा पंडाल पर पथराव




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट में समुदाय विशेष के युवकों ने जिहादी नारे लगाता हुए गणेश पूजा पंडाल पर पथराव किया। घटना के बाद अक्रोशित भीड़ ने थाने का घेराव कर दिया। फिलहाल पुलिस ने काफी मशक्कत से भीड़ को काबू करते हुए कई आरोपियों को हिरासत में लिया है। इसके अलावा अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही हैं। वहीं, घटना के बाद से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं पुलिस ने स्थिति काबू में बताया है। बुधवार को पूरा दिन पुलिस के उच्चाधिकारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

चिनहट के गंगा विहार कॉलोनी निवासी किरन चौरासिया लम्बे समय से अपने घर में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणपति की प्रतिमा स्थापित करती हैं। विसर्जन तक लगातार पूजा अर्चना और प्रतिदिन भजन होते हैं। आरोप है कि 10 सितंबर की रात पूजा के दौरान समुदाय विशेष के दो दर्जन से अधिक युवक वहां आ पहुंचे और पूजा बंद करने की बात कहते हुए हंगामा करने लगे। लोगों ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने पंडाल में भी जमकर पथराव किया और गणपति भगवान का कलश तोड दिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

**लोगों ने थाना घेरकर किया हंगामा:** पथराव की सूचना जब मोहल्ले के लोगों को मिली तो वहां हंगामा मच गया। इसके बाद भीड़ ने चिनहट थाने का रुख किया। बड़ी संख्या में थाने पहुंचे स्थानीय लोगों ने वहां हंगामा करते हुए थाना घेर लिया। साथ ही आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग करने लगे। विवाद बढ़ता देख आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह से भीड़ को शांत कराते हुए लोगों को समझाया बुझाया और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। घटना के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। इस मामले में पुलिस ने कई आरोपियों को हिरासत में ले लिया। घटना में और कौन उसके साथ था इस बात का पता भी लगाया जा रहा है। वहीं, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। इस मामले को डीसीपी ईस्ट शशांक सिंह स्वयं मॉनिटर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले किसी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**प्रतिमा रखने का जता रहे थे विरोध:** किरन के प्रदीप चौरसिया पान विक्रेता हैं। घर में ही उन्होंने पंडाल बनाकर गणेश प्रतिमा स्थापित की है। मंगलवार शाम प्रदीप एक भण्डारे में गए थे। घर पर पत्नी किरन, बेटी संध्या और भाईकी बेटी माही मौजूद थे। तभी करीब दो दर्जन से अधिक मुस्लिम समुदाय के युवक आ धमके। उन्होंने धार्मिक नारे लगाते हुए पथराव कर दिया। इससे पंडाल में रखा कलश खण्डित हो गया। प्रदीप की पत्नी के विरोध करने पर आरोपी युवक गाली गलौज करते हुए भाग निकले। सूचना मिलने पर प्रदीप घर लौटे और पुलिस को सूचना दी।

**विधायक ने की पूजा आरती:** घटना के बाद मामले ने तूल पकड लिया। लोग काफी आक्रोशित हो गए बुधवार को बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, स्थानीय पार्षद अरुण राय और कई नेता प्रदीप के घर पहुंचे और उन्होंने पुलिस उच्चाधिकारियों से बात किया। शाम को विधायक प्रदीप के घर पर गणेश पूजा में सम्मिलित हुए।

## दो पक्षों में मार-पीट एक दूसरे पर दर्ज कराया मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के भजा खेड़ा गांव में छत पर रखे तार उठाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार दोनों पक्षों की महिलाओं द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नगराम के नबी नगर का मजरा भजा खेड़ा गांव निवासी फत्ते की लड़की पल्लवी द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार उसकी छत पर कांटा रखा हुआ था जिसे पड़ोस के जिसे पड़ोस के रोहित का पत्नी रेखा उठा ले गई। उलाहना देने पर रेखा अपने पति रोहित व साहिल तथा रवीना के साथ मिलकर गंदी गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए देते हुए उसके भाई बादशाह व प्रवेश को लात घूसों व लाठी डंडों से मारा पीटा। वहीं दूसरे पक्ष की रेखा का आरोप है कि उसने पल्लवी के छत पर रखा कांटा उठाकर अपनी छत पर लगी तरोई पर रख दिया था जिससे नाराज होकर प्रवेश लाल बादशाह शकीना व पल्लवी ने गंदी गंदी गालियां देने लगे विरोध करने पर उसके लड़के साहिल को लात घूसों व सरिया से मारा पीटा। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की महिलाओं द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# रिटायर्ड डीआईजी के यहां हुई चोरी का खुलासा, महिला समेत तीन गिरफ्तार

- नौकरानी ने अपने पति व अन्य साथियों के सहयोग से दिया था वारदात को अंजाम लाखों के जेवरात बरामद
- चोरी की घटना में शामिल आरोपी शैलेन्द्र फरार तलाश में टीमें दे रही हैं दबिश




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके में एक रिटायर्ड आईपीएस के घर चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शातिरों का सहयोग करने वाला एक अभियुक्त अभी फरार है जिसकी तलाश में टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लाखों कीमत के जेवरात बरामद किए हैं।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि विनीतखंड गोमतीनगर निवासी रिटायर्ड आईपीएस राजा बाबू सिंह के घर अज्ञात चोरों ने लाखों कीमत के जेवरात चोरी कर लिए थे। सूचना पर गोमतीनगर में मुकदमा दर्ज कर चोरी का खुलासा करने के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गयीं। बताया जा रहा है कि टीमें सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यम से शातिरों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी जेवरात बेचने के फिराक में मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को दबोच लिया जिसमें एक महिला भी थी। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बादशाहपुर जनपद जौनपुर निवासी पंकज कुमार जनपद अयोध्या निवासी विशाल सिंह व जौनपुर निवासिनी अनीता गुप्ता उर्फ डिम्पल बताया। पुलिस पूछताछ में पंकज ने बताया कि वह काफी दिनों से पत्नी डिम्पल के साथ आईपीएस राजा बाबू सिंह के यहां काम करते थे। इसी दौरान नियत खराब हो गयी और सारे जेवरात चोरी करने के बाद फरार शैलेन्द्र की मदद से बेचने का प्रयास शुरू किया गया इसी दौरान पुलिस ने हम लोगों को पकड लिया। फिलहाल पुलिस ने उनके कब्जे से लाखों कीमत के जेवरात बरामद किये हैं और फरार शैलेन्द्र की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिया है।

## पुलिस कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ की कार्रवाई की संस्तुति

- एसपी को टैक्सी देने से इंकार करने पर चोरी के फर्जी केस में गिरफ़्तारी का कथित मामला

**लखनऊ।** एसपी रायबरेली अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार करने पर चोरी के फर्जी मामले में फंसाने के कथित मामले में जांच के उपरांत पुलिस कमिश्नर, लखनऊ ने अपनी जांच रिपोर्ट दे दी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष प्रस्तुत उक्त रिपोर्ट में रायबरेली के थाना खीरो के सम्बन्धित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अनुशाषनात्मक व विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गई है। न्यायालय ने इस आधार पर मामले में दाखिल याचिका को निस्तारित कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने गोमती मिश्रा की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि वह एक बुजुर्ग मां है, उसके एमबीए शिक्षित बेटे को चोरी के फर्जी केस में सिर्फ इसलिए गिरफ़्तारी दिखा दी गई क्योंकि उसने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार कर दिया था। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके बेटे अलख मिश्रा को 30-31 मार्च की रात को पुलिस ने मौरांवा पेट्रोल पम्प से गिरफ्तार किया व उसे थाना खीरो ले जाया गया, जहां उसे मारा पीटा गया तथा अगले दिन 31-1 की रात को उसकी हिंदूपुर गाँव में चोरी के दौरान गिरफ़्तारी दिखा दी। कहा गया कि 30-31 मार्च को पेट्रोल पम्प से की गई गिरफ़्तारी की सीसीटीवी फुटेज मौजूद है। न्यायालय मामले को बहुत गंभीर मानते हुए, पुलिस महानिदेशक को मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराने का आदेश दिया था। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि आदेश के अनुपालन में पुलिस कमिश्नर, लखनऊ से जांच कराई गई। उनकी जांच रिपोर्ट में इस आरोप को सत्य पाया गया कि याची के बेटे अलख मिश्रा समेत राधेश प्रताप सिंह व संजय सिंह को मौरावां पेट्रोल पम्प से लाकर थाना खीरो में रखा गया लेकिन पुलिसकर्मियों द्वारा आवश्यक लिखा-पढी नहीं की गई व चोरी के आरोप में उनका चालान कर दिया गया।

## 36 घंटे बाद होश आया तो मां से लिपटकर रो पड़ी मासूम प्रिंसी

लखनऊ। डाले की टक्कर से सोमवार रात घायल हुए दंपति और दो मासूम बच्चों का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। मासूम प्रिंसी ( 10 ) को 36 घंटे बाद होश आया तो वह अपनी मां से लिपटकर रो पड़ी। परिजनों के मुताबिक घटना से सहमी मासूम बहुत देर तक सिसक सिसक कर रोती रही। इस घटना में रेलवे फाटक पर खड़े बाइक सवार सईदापुर निवासी दिनेश और पत्नी रूपरानी के दोनों पैर टूट गए हैं। जबकि प्रिंसी 10 साल के पैर और शरीर में कई जगह चोट है। स्तुति ( 10 माह ) भी गम्भीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। इस घटना में एक सिपाही सहित आठ लोग घायल हुए थे। सोमवार रात रहीमाबाद माल रोड पर डाला चालक अन्नीपुर निवासी विनय द्विवेदी ने रहीमाबाद से पीछा कर रेलवे फाटक के पास स्विफ्ट कार में टक्कर मारकर कार में बैठे महेंद्र सिंह राणा, सोनी सिंह और सोनू को जान से मारने का प्रयास किया था। जिसमें बाइक सवार दंपति और दो बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जबकि महेंद्र, सोनी सिंह और सोनू को मामूली चोट आई थी। ट्रामा सेंटर में भर्ती 10 माह की मासूम स्तुति को परिजन संभाल रहे हैं। क्योंकि रूप रानी के दोनों पैर टूट गए हैं। गंभीर हालत में उनका भी इलाज चल रहा है। घटना से पूरा परिवार सभी सहमें हुए है। परिजनों ने सरकार से आर्थिक मदद की मांग की है।

## वंशिका को 2.69लाख अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

लखनऊ। सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा वंशिका शुक्ला ने उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका के चार नामी विश्वविद्यालय, सेंट लुइस यूनिवर्सिटी, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, ईस्टर्न मिशिगन यूनिवर्सिटी एवं टोलेडो यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। वंशिका को सेंट लुइस यूनिवर्सिटी ने 1.36 लाख अमेरिकी डॉलर, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी ने 58 हजार अमेरिकी डॉलर, ईस्टर्न मिशिगन यूनिवर्सिटी ने 40 हजार अमेरिकी डॉलर व टोलेडो यूनिवर्सिटी ने 35 हजार अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा है।


### Notice

I TAUSIF AHMAD ANSARI s/o MOHD ILIYAS R/0 T 316 EIDGAH ROAD BAWLI MANDIR KE PASS PEERBATWAN Barabanki Educated High School Indians Cityzen do here by swear.That the deponent's name is TAUSIF AHMAD ANSARI whos Son MOHD SUHAIB ANSARI is a Student in class X AND XII Anand Bhawan School and his registration has taken place for the whose serial number is X Serail no-BO 40054073 And XII Serial No- BO 40054073.The Registration form has been filled and submitted by deponent's son which has some deficiency in name of deponent and his son.The correct names have been given in TAUSIF AHMAD ANSARI.

### Notice

I TAUSIF AHMAD ANSARI s/o MOHD ILIYAS R/0 T 316 EIDGAH ROAD BAWLI MANDIR KE PASS PEERBATWAN Barabanki Educated High School Indians Cityzen do here by swear.That the deponent's name is TAUSIF AHMAD ANSARI whosDaughter SADIA AFREEN ANSARI is a Student in class X Anand Bhawan School and his registration has taken place for the session 2024 whose serial number is TW 30192962.The Registration form has been filled and submitted by deponent's Daughter which has some deficiency in name of deponent and his Daughter.The correct names have been given in TAUSIF AHMAD ANSARI.


# कुल्हाड़ी से काटकर युवक की हत्या

### सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र का मामला, युवती समेत दो गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के पासिन ढकवा मलूकपुर गांव में बुधवार कोएक युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई।

परिजनों का आरोप है कि एक पुराने मुकदमे को लेकर पड़ोस के लोगों ने युवक से पहले गाली गलौच की उसके बाद लाठी डंडों से पीटा। इसके बाद आरोपियों ने कुल्हाड़ी से काटकर उसकी हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के मलूकपुर पासिन ढकवा गांव में बुधवार को युवक अमित पुत्र राम खेलावन शाम को अपने घर से पेशाब करने के लिए निकला था। तभी पास में ही रहने वाले शत्रोहन पुत्र बुद्धू, मनभरन पुत्र शत्रोहन, रमाशंकर पुत्र मनभरन व नीतू पुत्री मनभरन ने उससे गाली गलौच शुरू कर दी। युवक ने जब गालियां न देने की बात कही तो लोग उग्र हो गए और लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपियों ने युवक के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शोर गुल सुनकर मृतक के परिजन बाहर निकले तो आरोपी मौके से भाग निकले। परिजनों ने घटना की सूचना सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को दी। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक के बाबा छोटेलाल ने उक्त आरोपियों के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में नामजद तहरीर दी है।

### संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी पुलिस

लिखित तहरीर के आधार पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी हुई है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भी गठित की गई हैं। एसीपी गोसाईगंज किरन यादव ने बताया कि पुलिस टीम घटना को लेकर छानबीन में जुट गई है। साथ ही युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आधिकारिक रूप से कुछ भी कहना संभव नहीं है। जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 2023 में दर्ज हुआ था मुकदमा

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2023 में मृतक के खिलाफ लड़की भागने को लेकर मुकदमा दर्ज हुआ था। सूत्रों का कहना है कि इसी मुकदमे के चलते आज शाम दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ है। इसी के बाद कुल्हाड़ी से कटकर युवक की हत्या कर दी गई। मृतक के परिजनों की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मामले को लेकर तहरीर दी गई है तहरीर के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11 विकास खंड बाँकेगंज जनपद लखीमपुर (खीरी)

पत्रांक मेमो/निविदा प्रकाशन — दिनांक 11.09.2024

**अल्पकालीन निविदा**

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तिय वर्ष 2024-25 निम्र निर्माण कार्य हेतु पीडब्लूडी की दरों पर सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर में पंजीकृत हैं, में मोहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11 के मजरा प्रतापपुर में मुख्यमार्ग से उ.प्रा.वि. तक इन्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | इन्टरलॉक ब्रिक्स | 13440 |

निविद फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बोधत दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत घर/ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11 से दिनांक 12.09.2024 से 16.09.2024 तक रुपए 100 रू. जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 16.09.2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। तथा 03 बजे अपराहन गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

चन्द्र प्रकाश
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11

रीतू रंजना
प्रधान
ग्राम पंचायत ग्रन्ट नं. 11

### कार्यालय ग्राम पंचायत लगुचा विकास खण्ड लखीमपुर, जनपद खीरी

पत्रांक - मेमो/ पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रिय वित्त — दिनांक 11.09.2024

**निविदा सूचना**

सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रिय वित्त वित्त योजनांतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत लगुचा में स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष निम्न लिखित विवरण के अनुसार निर्माण सामग्री इत्यादि की आपूर्ति किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित हैं। इच्छुक अनुभवी पंजीकृत फर्मो से उनकी निविदायें सीलबंद लिफाफे में दिनाँक 18.09.2024 समय 11 बजे तक कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में आमंत्रित हैं, जोकि उसी दिनांक को समय 02 बजे निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निविदा की दरें समस्त व्यय व कर सहित दी जायें, अलग से कोई भी व्यय देय नहीं होगा। किसी भी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने एवं सामग्री की मात्रा को आवश्यकतानुसार कम या अधिक क्रय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सीधा खण्डंजा M275 | कुल लागत जी. एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत लगुचा के गौशाला में पटन्जा निर्माण कार्य। | 17650 (दर 7 रू. प्रति नग) | 130963 |

प्रधान
श्रीमती निर्मला देवी
ग्राम पंचायत लगुचा
विकास खण्ड लखीमपुर, खीरी

सचिव
श्रीमती प्रतिभा सिंह
ग्राम पंचायत लगुचा
विकास खण्ड लखीमपुर, खीरी


# ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी : डीजीपी

### रेलवे ट्रैक के आस पास रहने वालों का सत्यापन कराया जायेगा, कालिन्दी एक्सप्रेस प्रकरण के बाद यूपी पुलिस ने सतर्कता बढ़ाई

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कानपुर में कालिन्दी एक्सप्रेस में विस्फोट करने की साजिश को देखते हुए यूपी पुलिस ने सतर्कता और बढ़ा दी है। इसी कड़ी में डीजीपी प्रशांत कुमार ने लगातार दूसरे दिन इस मुद्दे पर समन्वय बनाये रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल व रेलवे के अन्य अफसरों के साथ बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। डीजीपी ने कहा कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। रेलवे ट्रैक के आस-पास अवैध निर्माण को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की जाए।

डीजीपी ने कहा कि आरपीएफ व जीआरपी संयुक्त रूप से रेलवे लाइन के आसपास गश्त जरूर करें। इसके साथ ही रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने ट्रेन के इंजन व कोच में सीसी कैमरा लगवाने को कहा। डीजीपी ने कहा कि रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी में ही है। इसलिए सुरक्षा के प्रति सर्तक रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वालों का सत्यापन कराने को कहा है।

**एसओपी बनाकर कार्रवाई की जाए:** डीजीपी ने रेलवे अफसरों के साथ संवाद के दौरान कहा कि पिछले कुछ समय से रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध करने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समन्वय रखा जाए। इसके लिए सभी को एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) बनाकर कार्रवाई की जाए। 10 साल में रेलवे ट्रैक पर जो अपराधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें शामिल रहे अपराधियों की लगातार मानीटरिंग करवाई जाए।

### कुम्भ मेले से पहले अवैध निर्माण हटाया जाये

डीजीपी ने रेलवे के अफसरों से यह भी कहा कि अगले साल होने वाले कुम्भ मेले से पहले रेलवे ट्रैक के आसपास अवैध निर्माण को चिन्हित कर लिया जाए। फिर कानूनी प्रक्रिया के साथ इसे हटवाने का प्रयास किया जाए। रेलवे लाइन के आसपास संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा बढ़ाई जाए। इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर मेटल डिटेक्टर व सामान की स्कैनर से जांच करवाई जाए। इसके अलावा किसी भी घटना की सूचना मिलने पर 112 नम्बर डायल कर जानकारी जरूर दी जाए। बैठक में एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, एडीजी रेलवे, एडीजी क्राइम के अलावा सभी पुलिस कमिश्नर, दिल्ली के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, डीआरएम समेत रेलवे व पुलिस के कई अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक में जुड़े थे।

## विवेकानंद शिकागो भाषण प्रतियोगिता पर रिपोर्ट

**लखनऊ।** काउंसलिंग और गाइडेंस सेल ने हैप्पी थिंकिंग लेबोरेटरी, लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से स्वामी विवेकानंद के जीवन और शिक्षाओं पर केंद्रित विवेकानंद शिकागो भाषण पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रद्धा चन्द्रा, लोक प्रशासन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी (लखनऊ शाखा) ने किया। विवेकानन्द केन्द्र के नगर प्रमुख दीप नारायण पांडे और अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय से डॉ. मनोज अग्रवाल, पश्चिमी इतिहास विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय से डॉ. अर्चना तिवारी और खुन खुन जी गर्ल्स की प्राचार्या डॉ. अंशू केडिया पी.जी. कॉलेज कार्यक्रम के निर्णायक थे।


पत्रकारपुरम में गणेश उत्सव के पांचवें दिन बप्पा की आरती करते भक्त


गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन करते श्रद्धालु


बप्पा की आरती में शामिल होते भक्तगण

फोटो-अमित वर्मा

# विधि-विधान से हुआ बप्पा का दूर्वाभिषेक, भक्तों का उमड़ा हुजूम

## गणेश उत्सव के पांचवें दिन राधा अष्टमी पर राधा रानी के सुंदर झांकी के हुए दर्शन , पूजा पंडालों में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गणेश उत्सव पूजा पंडालों में बुधवार को भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह आरती हुई। शाम को पूजा पंडालों में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। गीत, संगीत, नृत्य और नृत्य नाटिकाओं का सुंदर मंचन हुआ। कहीं बच्चों के लिए बाल मेला लगाया गया। भजन-कीर्तन के बीच भक्तों ने विघ्नहर्ता का पूजन, वंदन और आरती की।

### राधे तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाये...

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में चल रहे 19वें श्री गणेश महोत्सव के पांचवे दिन बुधवार को अयोध्या वाराणसी के आचार्यों कौशलेश पांडेय, आशुतोष मिश्रा, हरिनारायण तिवारी, कमलेश तिवारी द्वारा मंत्रों के साथ मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना की गई। बाद मे दूर्वाभिषेक का कार्यक्रम हुआ। इसमें भगवान गणेश के 108 नामों के साथ दुर्वा चढ़ाई गई। आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ गजानन के नाम लेते हुए दुर्वा चढाई।

शाम को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कोलकाता के भजन गायक संजय शर्मा ने श्री गणेश के चरणों में भजनों की श्रंखला पेश की। राधा अष्टमी के अवसर पर बप्पा के दरबार में राधा रानी की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई झांकी के दौरान संजय शर्मा ने एक भजन राधे तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए..., सुनाया तो लोग झूमने लगे। उसके बाद मनौतियों के राजा पर एक भजन बप्पा ने दरबार लगाया है..., सुनाया। उसके बाद एक और भजन मेरा कसके पकड़ लो हाथ छुडाऊ तो छुड़ाया ना जाए..., सुनाया।

भगवान भाव के भूखे होते हैं यदि उन्हें प्रेम भक्ति से भक्त बुलाए तो वह दौड़े चले आते हैं। भक्ति के आगे भगवान जात-पात उच्च नीच धन और दौलत नहीं देखते हैं। भगवान भक्त की भक्ति को देखते है। कुछ इसी प्रकार आज एक नाटिका का मंचन कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन मे मंचन किया गया। जिसे लोगों ने बहुत सराहा। कर्मा बाई ने अपनी सच्ची भक्ति से भगवान को अपने घर पर भोजन के लिए बुलाया। भगवान श्याम सुंदर कर्मा बाई की भक्ति पर इतना प्रसन्न हो गये कि उसकी बनाई हुई खिचड़ी को प्रेम पूर्वक ग्रहण किया और उसे दर्शन का लाभ दिया। कर्मा बाई ने इस भजन जीमो म्हरा.श्याम धनी..., गीत को गाकर खिचड़ी के भोग के लिए भगवान को बुलाया। संजय ने लोगों को बताया कि भगवान माता शबरी की भक्ति के कारण ही उसकी कुटिया गये और उसके जूठे बेर को गृहण किया। प्रभु श्रीराम उसपर इतना प्रसन्न हुए कि उसको नवधा भक्ति प्रदान की। इससे पहले सिद्धू महाराज के निर्देशन में नृत्य कार्यक्रम हुआ। यहां भक्तों ने परिसर में लगे मेले का भी आनंद लिया। इस मौके पर कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, घनश्यामदास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, जयकरण सिंह, पार्षद रंजीत सिंह, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अतुल बंसल, अखिलेश बंसल, रामशंकर वर्मा, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम मौजूद रहे।

**गजानन महाराज का हुआ पुष्पाभिषेकः** लाटूश रोड स्थित शिवाजी मार्ग पर ऑस्कर योग साईं कृपा केंद्र सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव 2022 का भव्य आयोजन हो रहा है। महोत्सव में पांचवें दिन बुधवार को गणपति महाराज का श्रृंगार व पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण के साथ की गयी। अगले चरण में भक्तों ने सहस्त्रनाम पाठ के साथ फूलाभिषेक दूर्वा, फूल फल के साथ दूध दही से किया। महोत्सव में कार्यक्रम संयोजक सुमन पंवार ने बताया गजानन महाराज के दर्शन करने के लिए आलमबाग, हजरतगंज पुराने लखनऊ से भी लोग आ रहे हैं।

**भूतनाथ में बप्पा की आराधनाः** भूतनाथ मन्दिर इन्दिरा नगर लखनऊ के सभागार में लोक कल्याणार्थ एवम शान्ति समृद्धि के लिए श्री गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे सामूहिक रूप से भगवान श्री गणेश पूजा पूरे विधि-विधान से मनाई गई उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने भगवान श्री गणेश की पूजा.अर्चना कर प्रसाद के रूप में आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शाम को भगवान श्री गणेश के भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

## मखाना, बादाम, काजू से हुई गणपति की विशेष पूजा





**लखनऊ।** बड़ा शिवाला रानी कटरा में चल रहे 25 वे श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह के पांचवें दिन आज 108 नाम से भक्तों ने मखाना, काजू ,बादाम अर्पित किए। श्री गणेश महामंडल के संस्थापक सदस्य स्वर्ग्ङ पंडित राम किशोर गौड़ जी द्वारा प्रारंभ कराए गए इस गणेश जन्मोत्सव का नगर भ्रमण शुक्रवार को होगा । पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत शुभ संस्कार समिति द्वारा मेटल की मूर्ति का पूजन किया जाता है , जिसको लेटे हुए हनुमान जी मंदिर परिसर तक ले जाकर गोमती के जल से आचमन कराया जाता है और वापस लाकर स्थापित कर दिया जाता है ।संकटा देवी मंदिर समिति द्वारा पूजा में उपस्थित महिलाओं को प्रसाद स्वरूप साड़ी भी प्रदान की जाती है। आज पूजा में मुख्य रूप से लक्ष्मीकांत पांडे, आशीष अग्रवाल, राजकुमार मेहरोत्रा, आशीष मेहरोत्रा रिद्धि किशोर गौड़ राकेश कश्यप अन्य भक्त उपस्थित थे।

**रिद्धि सिद्धि दुल्हन बनी, गजानन दूल्हा बने...** गजानन महाराज पधारो कीर्तन की तैयारी है..., रिद्धि सिद्धि दुल्हन बनी, गजानन दूल्हा बने... जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। मौका था पल्टन छावनी सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे सात दिवसीय श्रीगणेश उत्सव के पांचवें दिन बुधवार को आयोजित भजन कीर्तन का। बप्पा के दरबार में महिलाओं ने नाम जप लो मैया का नाम जप लो..., मेरे बन जाएं बिगड़े काम, गजानन चले आना..., आओ तो सुनाएं हाल अपना, हम कैसे गुजारा करते हैं..., पकड़ लो हाथ जगदम्बे... सहित अन्य भजनों को प्रस्तुत किया। छठे दिन 12 सितंबर को बप्पा के दरबार में भंडारा होगा। इस मौके पर कीर्ति, सुंदरी, सुधा, शालू पाल, पूजा, संगीता, रेखा, कोमल पाल, आरती, कृष्णावती, गीता, अजय कुशवाहा, राजकुमार, कुलदीप, मनीष सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

## भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ बप्पा को किया विदा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गणेश चतुर्थी के पांचवे दिन बुधवार को श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में भक्तों के बीच विराजमान रहने के पश्चात विघ्नहर्ता गणेश अपने धाम को वापस लौटने के लिए चल पड़े।

गणेश प्रतिमा विसर्जन से पूर्व पंडित जी ने मंगलमूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चार से हवन एवं पूजन कर भक्तों के हाथों में रक्षासूत्र बांध यजमान जनों ने प्रसाद वितरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें चावल छोले का वितरण किया गया। श्री गणेश सेवा समिति जल संस्थान की ओर से ऐशबाग स्थित जलकल विभाग कालोनी में चल रहे पंचम गणेश उत्सव के अंतिम दिन हवन पूजन, मूर्ति विसर्जन एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पं. ललित मिश्रा ने मंगलमूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चार पूजन अर्चन का कार्य संपन्न कराया। पूजाअर्चना के बाद पंडित जी के निर्देशन में स्वाहा मंत्रोच्चार पर यजमान जनों तथा सभी भक्तों गणों ने पांच-पांच आहूति हवन कुंड में डालकर सभी के लिए मंगल कामना करते हुए दुःख दरिद्रता दूर एवं स्वथ्य रहने की भगवान से प्रार्थना की। यजमान व भक्तों गणों के हाथों में पुरोहित ने रक्षासूत्र बांधकर खुशहाल रहने का आशीर्वाद प्रदान किया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद समिति की ओर से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बप्पा का भोग लगा हुआ चावल छोला एवं हलवा चना का प्रसाद वितरित किया गया हजारों की संख्या भक्तगणों प्रसाद ग्रहण किया। अगले चरण में श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में भक्तों के बीच विराजमान रहने के बाद बप्पा अपने धाम को रथ पर सवार होकर चल पड़े। कार्यक्रम संयोजिकाअनामिका मिश्रा ने बताया कि यहां का गणेश उत्सव का हिन्दू-मुस्लिम एकता और भाईचारा का प्रतीक माना जाता है क्योंकि सभी हिन्दू-मुस्लिम लोग गणेश चतुर्थी पर्व को सफल बनाने के लिए बढ़ चढ़कर सहयोग करते है। उपेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में मनौतियों के राजा गणपति महाराज को फूलों की मालाओं एवं सिंदूर से श्रृंगार करके वाहन पर रखा गया। ढोल-नगाड़े की धुनों एवं गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना, एक दो तीन चार बप्पाजी जय जयकार के जयघोष के बीच इको फ्रेंडली मनौतियों के राजा को रंग-गुलाल, फूलों की वर्षा करते हुए विसर्जन स्थल के लिए झूमते-नाचते भक्तों का जनसमुदाय ऐशबाग जलकल कालोनी से कुड़िया घाट के लिए निकल पड़े। श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूजे गए गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन का किया गया। इस मौके पर उमाशंकर मिश्रा, शारदा मिश्रा, रामशंकर शर्मा, कुसुम लता, जितेन्द्र कुमार, मंजू, उपेन्द्र पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय, ममता रानी, कर्तव्य पाण्डेय, पीयूष जयसवाल, अनमिका मिश्रा, अनुष्का आनंद, दिव्यांशी मिश्रा, अंकिता शर्मा, सोनी शर्मा, दिव्या मिश्रा, मोहित शर्मा, युवराज, अंशु शर्मा, मुस्कान शर्मा, मोहनीश त्रिवेदी, डा राजीव तिवारी, अमरनाथ मिश्रा, आरिफ खान, विवेक शर्मा उपस्थित थे।



# ढोल, मृदंग व मंजीरों की धुन पर मनी राधा अष्टमी







● राधा जी का महाअभिषेक संग लगा 56 भोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस्कॉन मंदिर, बांसमंडी स्थित श्री श्री गौर राधा कृष्ण मंदिर, पुराने इस्कॉन मंदिर, माधव मंदिर में धूमधाम से राधा अष्टमी का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर नाट्य प्रस्तुति दी गयी, जिसमे राधा रानी के जीवन दर्शन को दर्शाया। राधा रानी के चरण दर्शन के साथ भक्तों ने भोग प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर की वरिष्ठ सदस्या तथा कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि भाद्रपद अष्टमी पर बरसाने वाली राधे मां का जन्मदिन भव्यता से मनाया गया। सुबह 4:30 बजे मंदिर के पट खुलते ही मंगला आरती, तुलसी आरती, श्रंगार आरती की गई। राधा रानी का फूलों से श्रंगार किया गया। दूध, दही, घी और शहद इत्यादि से राधा रानी का अभिषेक किया गया। इसके बाद शुरू हुए महाकीर्तन में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वृंदावन में राधे राधे, बरसाने वाली राधे जैसे भजनों के बीच ढोल, मृदंग और मंजीरों के मधुर संगीत से राधाकृष्ण का सुमिरन किया गया। 12:30 बजे राधा जी का महाअभिषेक किया गया इसके बाद प्रभु जी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया जिसमें 56 से अधिक व्यंजनों का भोग भगवान को लगाया गया। इसके बाद राजभोग महाआरती की गई। तत्पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**द्वादश ज्योर्तिलिंग मंदिर में मना राधारानी का जन्मोत्सव :** मंदिर के पुजारीने बताया कि सुबह 10 बजे श्रद्धालु भक्तो ने सामूहिक हरिनाम कीर्तन किया इसके बाद 11 बजे युगल सरकार के चरणों 56 प्रकार का भोग अर्पण किया गया। महिलाओं ने सुंदर सुंदर भजन गाकर और मस्ती में झूमकर भगवान राधा कृष्ण के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। मंदिर में उपस्थित सभी महिलाओं ने नृत्य कर मस्ती में झूमकर एक दूसरे को राधारानी के जन्मोत्सव की बधाई दी। भजन प्रस्तुति के बाद प्रसाद और 56 भोग के प्रसाद का वितरण किया गया।

## मिठे रस भरयोरी राधा रानी लगे...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित श्री राधा माधव सेवा संस्थान के तत्वधान में बुधवार को श्री माधव मंदिर परिसर में श्री राधा अष्टमी प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर मन्दिर मे आयोजित भजन संकीर्तन पर भक्त भावविभोर होकर नाचे। राधे राधे , जय श्री राधे के स्वर गूज उठे। प्रवक्ता अनुराग साहू बताया कि राधा अष्टमी पर्व पर राधा रानी बनारसी वस्त्र, भव्य फूलो का श्रंगार कर अपराहन 12 बजे महाआरती कर राधा रानी पर फूलो की वर्षा कर आलौकित दर्शन हुए। पुजारी लालता प्रसाद द्वारा राधा अष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना करने के उपरांत जन्मोत्सव पर राधा रानी के श्रीदर्शन करवाए। पूरे वर्ष में राधा अष्टमी पर्व के दिन राधा रानी के चरणों के दर्शन भक्तो ने दर्शन किया। इस अवसर पर बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जयसवाल, गोविंद साहू, श्याम जी साहू, राकेश साहू, माया आनंद, दिनेश अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा, अनुराग साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहे हैं।

## धूमधाम से मना भगवान पुष्पदंत का मोक्ष कल्याणक





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुधवार को राजधानी के जैन मंदिरों में दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा की गयी। गोमतीनगर जैन मन्दिर में भगवान का अभिषेक एवं सांगानेर से आए पंडित अनुज शास्त्री एवं संगीतकार सौरभ के सानिध्य में दशलक्षण धर्म विधान सम्पन्न हुआ। शास्त्री जी ने शौच धर्म के बारे में बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में लोभ नहीं करना चाहिए कितनी भी कठिन परिस्थिति आए उसको संतोष रखना चाहिए। मुख्य शांति धारा विनय कपूर एवं देवेंद्र जैन परिवार द्वारा की गई एवं भगवान 1008 श्री पुष्पदंत का मोक्ष कल्याणक भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं उनको लाडू अर्पण किया गया। लाडू चढ़ाने का सौभाग्य गजेन्द्र जैन परिवार को मिला। गोमती नगर जैन समाज के अध्यक्ष पीके जैन मंत्री आलोक जैन, सुकांत, निकांत, संदीप, पीयूष, राकेश, अशोक, पीसी जैन आदि उपस्थित रहे।

**विचारों में निर्मलता लाना ही शौच धर्म हैः** इन्दिरा नगर जैन मन्दिर मे दशलक्षण धर्म के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूज की गई। बाल ब्रह्मचारिणी शुभी दीदी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि उत्तम शौच का अर्थ है पवित्रता। आचरण में नम्रता, विचारों में निर्मलता लाना ही शौच धर्म है। प्रातः भगवान पुष्पदंत का निर्वाण कल्याणक बड़ी धूम धाम से मनाया गया ।सर्वप्रथम भगवान को पांडुक शिला पर विराजमान कर सनत कुमार महावीर दिव्य अतिवीर ई पीके जैन एवं सागर जैन द्वारा अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। कौशल जैन शालू मिथलेश एवं देवेन्द्र कुमार द्वारा भगवान को निर्वाण कांड पढ़ कर लाडू चढ़ाया गया । सभी भक्तों द्वारा भावना भाई गई की निकट भविष्य मे हम भी मोक्ष रूपी लक्षी को धारण कर सकें । जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया की आज लगभग ८०० जैन धर्मावलंबियों द्वारा जैन मंदिर इंदिरा नगर मे लाडू चढ़ाया गया।

**10 लक्षण धर्म का चौथा दिन उत्तम शौचः** जिस प्रकार कंकर मिश्रित खीर में स्वाद का आनंद नहीं होता उसी प्रकार लोभ मिश्रित जीवन में धर्म का आनंद नहीं होता लोभ को मारना ही परमात्मा को पाना है, उक्त विचार मुनि श्री सुप्रभ सागर जी ने काकोरी स्थित परस धाम में चल रहे शिविर के दौरान 10 लक्षण पर्व के चतुर्थ दिवस पर व्यक्त किया। उन्होंने कहा शौच धर्म का अर्थ है की आत्मा में लोभ का अंकुर फूटे उससे पहले ही उसे मिटा डालना संसार के धन को संसार वृद्धि का कारण समझना क्योंकि धन आसक्ति का भाव उत्पन्न करता है वह मृत्यु स्वीकार कर लेगा पर धन नहीं त्यागेगा। इसलिए महावीर ने कहा या तो इसे व्यर्थ समझना या इस परोपकार दान में लगा देना क्योंकि जो देता है वह देवता होता है और जो रखता है वह राक्षस होता है। लोभी के हाथों में पूरा विश्व भी आ जाए तो भी उसे संतोष नहीं होता लोभ की दुर्गंध ना आने देना ही शौच धर्म कहलाता है।

# त्योहारों पर यात्रियों को मिलेगी राहत, सफर होगा आसान



● श्री माता वैष्णो देवी, दिल्ली, चंडीगढ़ व बटिण्डा के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ की निकासी के लिए रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में ट्रेन संख्या 04624 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-वाराणसी स्पेशल ट्रेन 6 अक्टूबर से 11 नवंब र तक प्रत्येक रविवार को श्री माता वैष्णो देवी कटरा से रात 23.45 बजे प्रस्थान कर कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर, जम्मूतवी, पानकोट, जलंधर छावनी, ढांढरी कला, अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ होते हुए वाराणसी अगले दिन रात 23.55 बजे पहुंचेगी। जबकि वापसी में ट्रेन संख्या 04623 वाराणसी-श्री मां वैष्णो देवी कटरा 18 अक्टूबर से 19 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को वाराणसी से सुबह 5.30 बजे प्रस्थान कर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट, ढांढरी कला, जलंधर कैंट, पठानकोट, जम्मूतवी, कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर होते हुए श्री माता वैष्णो देवी कटरा अगले दिन सुबह 11.25 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसी, स्लीपर व जनरल कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 04080 दिल्ली-वाराणसी स्पेशल 24 अक्टूबर से 16 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार को दिल्ली से शाम 19.30 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ होते हुए वाराणसी अगले दिन सुबह 9.45 बजे पहुंचेगी। जबकि वापसी में 04079 वाराणसी- दिल्ली स्पेशल प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को वाराणसी से शाम 18.25 बजे प्रस्थान कर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली अगले दिन सुबह 8.50 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसी, स्लीपर व जनरल कोच लगाये जायेंगे।जबकि ट्रेन संख्या 04530 बटिण्डा-वाराणसी स्पेशल 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को बटिण्डा से 20.50 बजे प्रस्थान कर रामपुरा पाउल, बरनाला, धुरी, पाटयिला, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुलानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ होते हुए वाराणसी अगले दिन 17.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04529 वाराणसी-बटिण्डा स्पेशल 26 अक्टूबर से 16 लवंबर तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को वाराणसी से रात 20.40 पर चलकर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, राजपुरा, पाटियाला, धुरी, बरनाला, रामपुरा पाउल होते हुए बटिण्डा अगले दिन 17.00 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसी, स्लीपर व जनरल कोच लगाये जायेंगे। तो ट्रेन संख्या 04096 आलंद विहार-अयोध्या कैंट स्पेशल 7 अक्टूबर से 18 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को आनंद विहार से सुबह 9.00 बजे प्रस्थान करके गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, लखनऊ होते हुए अयोध्या कैंट रात 22.00 बजे पहुचेगी। जबकि ट्रेन संख्या 04095 अयोध्या कैंट-आलंद विहार स्पेशल 8 अक्टूबर से 19 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को अयोध्या कैंट से सुबह 9.00 बजे प्रस्थान कर लखनऊ, आलमनगर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए आनंद विहार रात 22.30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसी, स्लीपर व जनरल कोच लगाये जायेंगे।तो 04518 चंडीगढ़-गोरखपुर स्पेशल 24 अक्टूबर से 14 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को चंडीगढ़ सें रात 23.5 बजे प्रस्थान कर अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बराबंकी, गोंडा, बस्ती होते हुए गोरखपुर अगले दिन शाम 18.20 बजे पहुंचेगी। जबकि ट्रेन संख्या 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ स्पेशल 25 अक्टूबर से 15 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से रात 22.05 बजे प्रस्थान कर बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट होते हुए चंडीगढ़ अगले दिन दोपहर 14.10 ब जे पहुंचेगी।इस ट्रेन में एसी, स्लीपर व जनरल कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में 04211 वाराणसी-चंडीगढ़ स्पेशल 26 अक्टूबर से 16 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को वाराणसी से दोपहर 14.50 प्रस्थान कर मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट होते हुए चंडीगढ़ इगले दिन सुब ह 7.45 बजे पहुंचेगी। जबकि 04212 चंडीगढ़-वाराणसी स्पेशल 27 अक्टूबर से 17 नवंबर तक प्रत्येक रविवार को चंडीगढ़ से सुबह 9.30 बजे प्रस्थान कर अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ होते हुए वाराणसी रात 1.20 बजे पहुंचेगी। तो 04678 फिरोजपुर कैंट-पटना जं. स्पेशल 9 अक्टूबर से 13 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को फिरोजपुर से दोपहर 1325 बजे प्रस्थान कर कोटकापुरा, बटिण्डा,रामपुरा पाउल, बरनाला, धुरी, पाटयिला, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुलानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ, वाराणसी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर होंते हुए पटना अगले दिन शाम 17.00 बजे पहुंचेगी। तो 04677 पटना-फिरोजपुर कैंट 10 अक्टूबर से 14 नवंब र तक प्रत्येक गुरुवार को पटना से शाम 18.45 बजे प्रस्थान कर दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी,मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, राजपुरा, पाटियाला, धुरी, बरनाला, रामपुरा पाउल, कोटकापुरा होते हुए फिरोजपुर कैंट अगले दिन रात 22.40 बजे पहुंचेगी।

## परिवर्तित मार्ग से चलीं अनेक ट्रेनें

**लखनऊ।** आलमनगर-शाहजहांपुर रेलखंड में उमरताली- दलेलनगर के मध्य ओएचई में कारणवश बाधा उत्पन्न होने के कारण लखनऊ मण्डल में संचालित होने वाली गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजनेट, रिशडयूल, रेग्यूलेट किया गया है।इसके तहत गाड़ी संख्या 22545 ( लखनऊ -देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस) 11 सितंबर को परिवर्तित मार्ग लखनऊ - डालीगंज -सीतापुर -बरेली मार्ग द्वारा संचालित की गयी। गाड़ी संख्या 14307 प्रयागराज संगम - बरेली एक्सप्रेस 11 सितंबर को लखनऊ स्टेशन से शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। गाड़ी संख्या 14236 बरेली -वाराणसी एक्सप्रेस 11 सितंबर को लखनऊ स्टेशन से शॉर्ट ओरिजनेट किया गया है। गाड़ी संख्या 14308 बरेली - प्रयागराज संगम एक्सप्रेस 11 सितंबर को लखनऊ स्टेशन से शॉर्ट ओरिजनेट किया गया है।गाड़ी संख्या 22453 लखनऊ - मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस 11 सितंबर को लखनऊ से 120 मिनट विलंब से संचालित किया जाएगा। गाड़ी संख्या 22489 लखनऊ- मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस 11 सितंबर को लखनऊ स्टेशन से 120 मिनट विलम्ब से संचालित की। गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता - जम्मूतवी एक्सप्रेस 10 सितंबर को 120 मिनट मार्ग में नियंत्रित कर संचालित की गयी। स्टॉफ द्वारा तीव्र गति से मरम्मत कार्य किया जा रहा है, शीघ्र ही ओएचइे को रेल संचालन हेतु शुरू किया जाएगा।

## छाऊ लोक नृत्य के साथ दिखायी शेक्सपियर की कहानी 'हैमलेट'



**लखनऊ।** शहर के रंग प्रेमियों ने बुधवार को पहली बार शेक्सपियर के नाटक हैमलेट को छाऊ शैली में देखा। नए अंदाज में मंचित हुए नाटक में राजकुमार हैमलेट की पुरानी कहानी थी लेकिन दर्शकों को नए रंग में देखने को मिली। नाटक हैमलेट का मंचन बुधवार को संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में भारतेन्दु नाट्य अकादमी व भातखण्डे विश्वविद्यालय एवं आचार्य छाऊ नृत्य विचित्रा सरायकेला के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसका मंचन जॉय मेसनम ने किया। भारतेन्दु नाट्य अकादमी के प्रशिक्षुओं ने एक महीने तक झारखण्ड में छाऊ लोकनृत्य शैली का प्रशिक्षण दिया। रंग प्रशिक्षुओं ने पद्मश्री गुरु शशधर आचार्य से पारंपरिक छाऊ नृत्य का प्रशिक्षण लिया। जिसके फलस्वरूप आकर्षक लोकनृत्य शैली, सधा हुआ अभिनय, संवाद करने वाली भावभंगिमाओं के साथ हैमलेट की कहानी बयां की गई। छाऊ शैली में कहानी कहने में रंग प्रशिक्षुओं की वेशभूषा की भी खास भूमिका रही। कलाकारों के परिधान मनिमाला दास ने डिजाइन किए। संगीत सुकांत आचार्य, पतम मुखी, आदित्य दिव्यांशु राज, यश पाठक एवं मनीष राय ने तैयार किया। मंच पर राजकुमार हैमलेट का शीर्षक किरदार दीपचन्द गुप्ता ने निभाया। इसके साथ ही प्रियांक कठेरिया, राहुल सेन, आयुष गुप्ता, विवेक राना, अक्षय कुमार मेश्राम, मयूरी, यशा श्रीवास्तव, शालिनी चौहान, ज्योति धामी, संजय शर्मा, देवांश प्रसाद, प्रदीप यादव, योगेश कुमार, नवीन नवीन पाटीदार, पुनीत शुक्ला, सत्यांशु पटेल, पंकज सत्यार्थी और फरहीन ने अभिनय किया।

## गोल्डन गाला अवार्ड में 51 कलमकारों को मिला सम्मान

**लखनऊ।** नव अंशिका फाउंडेशन का पांचवां स्थापना दिवस समारोह बुधवार गोमती नगर के स्थानीय होटल में मनाया गया। समारोह में बिग बॉस और एमटीवी रोडीज के विजेता आशुतोष कौशिक आकर्षण का केन्द्र रहे। वहीं मशहूर मॉडल जहरा हामिद सिद्दीकी ने भी रंग बिखेरे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों गोल्डन गाला अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड जेहरा हमीद सिद्दीकी, राजेश जायसवाल, अभय बाजपेई, अनूप मिश्रा अपूर्व, अनीस नवाब, आशीष कश्यप, दबीर सिद्दीकी, वामिक खान, काजमी, के.के. पाठक, को दिया गया। इस के साथ ही कलम शक्ति सम्मान से 51 कलमकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। वहीं शहर के नामचीज 20 मॉडल ने फैशन शो में रैम्प वॉक कर दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। इस मौके पर आयोजक संस्था की अध्यक्ष नीशू त्यागी शहर के अन्य कला प्रेमी मौजूद रहे।

## बैडमिंटन में वीसी 11 ने आईईटी 11 को हराया

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह 7 मई 2024 से 8 मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के तीसरे दिन बुधवार को बैडमिंटन के पुरुष एवं महिला के डबल्स मैच आयोजित किये गये। इसमें वीसी 11 पुरुष टीम ने आईईटी 11 को हरा दिया। इसी तरह रजिस्टर 11 पुरुष टीम ने उप कुलसचिव डॉ आरके सिंह के जबरदस्त खेल प्रदर्शन से डीन 11 को पराजित कर दिया। इसी तरह महिला डबल्स में आईईटी 11 कैश 11 को मात दी जबकि रजिस्ट्रार 11 वीसी 11 पर भारी पड़ा। इसके अलावा पुरुष डबल्स के एक अन्य मैच में एफओ 11 ने सीईओ 11 को हरा दिया। वही एफओएपी 11 ने पुरुष डबल्स के मुकाबले में कैश 11 को हराया। कुलपति प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी कर्मचारी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

## खुशी एक जटिल और व्यक्तिपरक भावनात्मक स्थिति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का रसायन विज्ञान विभाग दीक्षांत समारोह सप्ताह मना रहा है और पूर्व दीक्षांत समारोह 2024 के हिस्से के रूप में बुधवार को पांचवां स्वस्थ मन सत्र आयोजित किया गया, जिसे के आईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गाजियाबाद के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के डॉ आलोक कुमार पांडे ने दिया। शुरू में रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा ने अतिथि का स्वागत किया और वर्तमान संदर्भ में विषय के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि खुशी एक जटिल और व्यक्तिपरक भावनात्मक स्थिति है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में काफी भिन्न हो सकती है। इसके मूल में, इसमें अक्सर खुशी, संतोष और कल्याण की भावनाएं शामिल होती हैं। खुशी को समझने में मनोवैज्ञानिक, जैविक, सामाजिक और दार्शनिक दृष्टिकोणों सहित इसे प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों को देखना शामिल है।

# महानिदेशक संरक्षा ने किया लखनऊ-बुढ़वल रेलखंड का निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** संरक्षित रेल परिवहन, यात्रियों की सुरक्षा तथा संरक्षा के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु आज महानिदेशक/संरक्षा, रेलवे बोर्ड ब्रज मोहन अग्रवाल ने कार्यकारी निदेशक/संरक्षा/विद्युत अशोक कुमार नकरा के साथ पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा एवं लखनऊ मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) राजीव कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) विक्रम कुमार तथा शाखाधिकारियों की उपस्थिति में लखनऊ-बुढ़वल खण्ड के मध्य पावदान संरक्षा निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने उक्त रेलखण्ड पर स्थित स्टेशन भवनों, रेलवे ट्रैक, रेलवे यार्ड, सिग्नल, ओएचई, लेवल क्रॉसिंग गेट्स आदि की स्थिति को परखा। बुढ़वल जं. स्टेशन पहुंचने पर महानिदेशक/संरक्षा ब्रज मोहन अग्रवाल ने स्टेशन यार्ड में पॉइन्ट एवं क्रासिंग तथा रेलवे लाइन को कंक्रीट स्लीपर से जोड़ने वाली पेंड्रोल क्लिपों का संरक्षा निरीक्षण किया तथा स्लीपर प्लांट में निर्मित नवीन कंक्रीट स्लीपर का मेजरमेंट निरीक्षण किया। इसके पश्चात महानिदेशक/संरक्षा ने लखनऊ जं. स्थित एकीकृत क्रू लॉबी में काउंसलिंग पंजिका, साइन आन एवं साइन आफ पंजिका, आगमन प्रस्थान पंजिका, रैण्डम ब्रेथ एनालाइजर पंजिका, आटोमेटिक सिगनल पंजिका एवं काशन पंजिका का गहन निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के अगले क्रम में उन्होंने लखनऊ जं. पर स्थित अवध रनिंग रुम में प्रदान की जाने वाली खानपान सुविधाओं एवं स्वच्छता का जायजा लिया तथा रनिंग रूम में आयोजित संरक्षा संवाद में फ्रंटलाइन संरक्षा स्टाफ लोको पायलट, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीवे, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/टीआरडी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/समाडि तथा ट्रेन मैनेजर के साथ उनकी दैनिक कामकाज में आने वाली दिक्कतों, जैसे ट्रैक एवं सिग्नल अनुरक्षण, पावर ब्लॉक व ट्रेन संचलन से संबंधित मुद्दे तथा संरक्षा नियमावली के उपयोग आदि पर चर्चा की। उन्होने उपस्थित शाखाधिकारियों एवं सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित करते हुए उनसे कार्य की स्थिति में तथा ट्रेन संचालन में समग्र संरक्षा में सुधार के लिए सुझावों पर सार्थक विमर्श किया। महानिदेशक/संरक्षा ने संरक्षा संवाद में उपस्थित रेलवे सुपरवाईजर्स को सम्बोधित करते हुए ट्रेन संचलन के दौरान हमेशा सतर्क रहने और निर्धारित संरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि रेलपथ एवं सिग्नलिंग अनुरक्षण कार्य के दौरान ब्लाक लेकर कार्य करें। तनाव में कार्य न करें।

# 420वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत आर्यकुल इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी, गौरी बिजनौर रोड, लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 420वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्रीमती राजेश्वरी देवी श्रीवास्तव ने अपने जीवनसाथी स्व. राम आश्रय लाल श्रीवास्तव (पति) की स्मृति में भेंट किया तथा सभी विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगणों एवं फामेर्सी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को हिन्दी अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में किया गया ज्ञानदान श्रेष्ठ कार्य है। प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये एवं आर्य टी.वी. मीडिया के हेड डॉ. अजय शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, डॉ. नीलम गुप्ता, श्रीमती सरोज श्रीवास्तव, एवं संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, उपनिदेशक फामेर्सी डॉ. आदित्य सिंह, आर्य टी.वी. के हेड डॉ. अजय शुक्ला, उपनिदेशक (शिक्षा) डॉ. अंकिता अग्रवाल, रजिस्ट्रार सुरेश तिवारी सहित विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण एवं नर्सिंग के छात्र-छात्रायें मौजूद थीं।

# कला को अपने जीवन का हिस्सा बनायें : मांडवी सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह का उद्घाटन सत्र बुधवार को मालवीय सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह थीं। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना मुख्य अतिथि थीं।

मुख्य अतिथि प्रो. मांडवी सिंह का स्वागत प्रो. मनुका खन्ना ने किया। प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना का स्वागत संस्कृति विभाग की निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एक ऐसे संस्थान से जुड़े होने पर बधाई दी जिसका अतीत गौरवशाली है और वर्तमान और भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कला को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया, न कि एक पेशेवर के रूप में बल्कि कला के पारखी के रूप में। प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने अपने संबोधन में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कला और संस्कृति के बारे में अपने ज्ञान को विकसित करने, उसका आनंद लेने और उसका आनंद लेने का आह्वान किया। इसके बाद राहुल चौधरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। गुलशन पांडे ने संस्कृत भाषा में रचित गीत प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों में से एक ख्वान सान ने मायानमार नृत्य की एक झलक प्रस्तुत की, कार्तिकेय द्वारा गाए गए एकल गीत ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रियम यादव द्वारा शास्त्री नृत्य प्रस्तुत किया गया। अदिति सिंह ने गिटार पर हितेश के साथ मिलकर पहाड़ी लोकगीत गाया। विदाई के अवसर पर पारंपरिक रूप से गाए गए अदिति सिंह के भोजपुरी गीत ने श्रोताओं में भावपूर्ण उल्लास की लहर दौड़ा दी। स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में सच्चिदानंद ने 1893 में इसी दिन शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिए गए स्वामी जी के भाषण को दोहराया। त्रिसम्मा आर्ट्स के अक्षय अवस्थी द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ तबले पर सोहम मिश्रा और हारमोनियम पर श्रवण यादव ने संगत की। मुख्य अतिथि प्रो. मांडवी सिंह ने इन युवा कलाकारों को सम्मानित किया।

# भूविज्ञान विभाग के छात्रों ने दिखाया कौशल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में पूर्व-दीक्षांत सप्ताह के तहत कई शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, मुख्य कार्यक्रमों में वाद-विवाद प्रतियोगिता और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता, साथ ही प्रश्नोत्तरी और रंगोली प्रतियोगिता शामिल थीं।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में नौ प्रतिभागियों ने भाग लिया और एक समसामयिक और विचारोत्तेजक विषय पर बहस कीः ₹क्या अंतरिक्ष खनन पृथ्वी की संसाधन कमी का स्थायी समाधान है या अंतरिक्ष पर्यावरण के लिए खतरा? प्रतिभागियों ने अंतरिक्ष अन्वेषण, संसाधन निष्कर्षण, पर्यावरण नैतिकता और दीर्घकालिक स्थिरता से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने अंतरिक्ष खनन से जुड़े संभावित लाभ और जोखिमों पर विविध दृष्टिकोणों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। डॉ. विनीत कुमार और डॉ. मनोज कुमार यादव द्वारा मूल्यांकित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के शोधपूर्ण तर्कों और प्रभावी प्रस्तुति की सराहना की गई। यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए वैश्विक चुनौतियों पर बौद्धिक चर्चा का मंच प्रदान करने में सफल रही। पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न भूवैज्ञानिक और पर्यावरणीय विषयों पर अपने शोध और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। इसमें सूर्या त्रिपाठी और समूह (एमएससी सेमेस्टर तृतीय): ₹कट आउट क्लाइमेट चेंज- जलवायु संकट को कम करने के लिए कार्रवाई का आह्वान। माविश लुबना और समूह (एमएससी सेमेस्टर तृतीय): ग्लोफ- ग्लेशियल झील विस्फोट से आने वाले बाढ़ के खतरों को उजागर करना। रश्मि श्रीवास्तव और समूह (एमएससी सेमेस्टर तृतीय): द फाइनल इम्पैक्टः के/पी विलुप्ति का अनावरण-उस महाविनाशकारी घटना का विश्लेषण जिसने डायनासोरों के विलुप्त होने का कारण बना। जान्हवी वर्मा (बीएससी सेमेस्टर प्रथम) सतत विकास - ऐसे विकास की वकालत करना जो वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करे बिना भविष्य से समझौता किए।

## राजाजीपुरम में बाल शिक्षा अभियान शुरू



**लखनऊ।** राजाजीपुरम पिंक सिटी फेज-2 में माण्डवी फाउण्डेशन द्वारा बाल शिक्षा अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत प्रशिक्षित शिक्षकओं एवं शिक्षिकों के द्वारा बच्चों को शिक्षा का महत्व एवं सबकों शिक्षा क्यों जरूरी है बताया गया। शिक्षा से हमारा पूरा जीवन सजता और संवरता है। कार्यक्रम में आये शिक्षकों ने बच्चों को सिखाया कि शिक्षा ही ऐसा शस्त्र एवं शास्त्र है जिससे कि आसमां की ऊंचाइयों को छूने में देर नहीं लगती शिक्षा के माध्यम से ही हम सारा जहां जीत सकते हैं। शिक्षा के माध्यम से आज हमने चन्द्रमा के दुर्गम स्थानों तक चन्द्रयान को पहुंचाया है। कार्यक्रम के अन्त में संस्था द्वारा सभी बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूल किट बांटी गई। बच्चों में भी भरपूर उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह एवं अन्य सदस्यगण आलोक त्रिपाठी, आलोक कश्यप, प्रज्ञा सिंह, सेनू गुप्ता, मीनाक्षी सिंह (मीना) सचिन देवल, सोनी रावत, अमरेन्द्र सिंह, श्री प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

# सीएम योगी देखेंगे अटल आवासीय विद्यालयों के छात्रों की प्रतिभा

## विद्यालय के शैक्षिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर छात्र मॉडर्न डिवाइस का देंगे प्रस्तुतीकरण

● आज सीएम योगी करेंगे सभी 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों के नए शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 सितम्बर को अटल आवासीय विद्यालय के नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ करेंगे। लखनऊ के मोहनलालगंज में ग्राम सिठौली कला स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी सभी 18 मंडलों में एक साथ शैक्षणिक सत्र 2024-25 के शुभारंभ की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर सीएम योगी इन विद्यालयों के मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी देंगे, जबकि प्रवेशित छात्रों को स्कूल बैग का भी वितरण करेंगे। इस दौरान सीएम योगी स्कूल के छात्रों की प्रतिभा भी देखेंगे। सीएम के समक्ष विगत शैक्षिक सत्र में छात्रों द्वारा बनाए गए इनोवेटिव और मॉडर्न मॉडल प्रस्तुत किए जायेंगे। इसमें स्मार्ट डस्टबिन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, ऑबस्टिकल अवॉइडिंग रोबोट, कंप्यूटर मॉडल, कैलीग्राफी और आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे डिवाइस शामिल होंगे।

**24 जनवरी 2020 को किया था शिलान्यास:** अटल आवासीय विद्यालय योजना उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (यूपीबीओसीडब्ल्यू बोर्ड) द्वारा संचालित की जा रही है। इसका शिलान्यास सीएम योगी द्वारा 24 जनवरी 2020 को किया गया था। इसके माध्यम से प्रदेश में मंडल स्तर पर निशुल्क आवासीय सुविधाओं से युक्त विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। प्रत्येक अटल आवासीय विद्यालय 12 से 15 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित है। प्रदेश में स्थापित समस्त अटल आवासीय विद्यालयों की कुल निर्माण लागत 1267 करोड़ है। योजना के तहत पात्र छात्रों को विद्यालयों में निशुल्क शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं से युक्त स्वच्छ प्रांगण उपलब्ध कराया गया है। उत्तम पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई है। वहीं खेलकूद की समुचित व्यवस्था के साथ ही आधुनिक उपकरणों से युक्त साइंस लैब, स्मार्ट क्लासेस और छात्र-छात्राओं के लिए परिसर में प्रशिक्षित स्टाफ सहित चिकित्सीय सुविधाएं दी जा रही हैं।

**6480 छात्रों के लिए संचालित की जाएंगी कक्षाएं:** अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति के माध्यम से पूर्ण की गयी है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 से उत्तीर्ण होने वाले 80 विद्यार्थियों के साथ प्रति विद्यालय कुल 360 विद्यार्थियों (18 विद्यालयों के सापेक्ष कुल 5040 नए विद्यार्थियों तथा गत वर्ष कक्षा 6 से उत्तीर्ण होकर कक्षा 7 में अध्ययनरत 1424 विद्यार्थियों) के साथ कुल 6480 विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं संचालित की जानी हैं। यह अटल आवासीय विद्यालयों का दूसरा शैक्षणिक सत्र होगा। इससे पूर्व 11 सितंबर 2023 को पहले शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हुआ था। उल्लेखनीय है कि अटल आवासीय विद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड 19 में अनाथ हुए बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना से आच्छादित अनाथ बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की पहल की गई है। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (यूपीबीओसीडब्ल्यू) के अंतर्गत संचालित किए जा रहे इन विद्यालयों को योगी सरकार ने 1000 बच्चों की आवासीय क्षमता से लैस करते हुए निर्मित कराया है।

# आनंद द्विवेदी ने सभी संयोजकों और टोली सदस्यों के साथ की बैठक

● भाजपा महानगर ने प्रभावी रूप से सदस्यता अभियान को लेकर बनायी कार्ययोजना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान को प्रभावी रूप से लखनऊ महानगर में चलायी जाने के लिए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सभी विधानसभाओं के अभियान संयोजको और टोली सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी कार्य योजना तय की।

एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर मंडल एक में मलाही टोला वार्ड की बूथ संख्या 21 पर मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता और पार्टी कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क कर मिस्ड कॉल और क्यूं आर कोड के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी का सदस्य बनाया।

अभियान के तहत नीरज सिंह ने शाम को काली जी चौक वार्ड में क्षेत्रीय विधायक डॉ नीरज बोरा, पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू के साथ कोलकाता स्वर्णकार कल्याणार्थ समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मिस्ड कॉल दिलवाकर पार्टी सदस्यता दिलाई। नीरज सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा बुधवार से विशेष सदस्यता अभियान की शुरूआत की है जिसमें हम सभी लोगों के घरों में जायेंगे और पार्टी की विचारधारा के बारे में बताकर उन्हें भाजपा के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपना योगदान देने के लिए पार्टी से जुड़ रहे है। चौक में सदस्यता अभियान कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष पीयूष माइटी, सचिव पुरेंदु घोरूई, कोषाध्यक्ष प्रसेनजीत मंडल, तरुण समन, देवबुरितो मायती के साथ सैकड़ों की संख्या में कोलकाता स्वर्णकार कल्याणार्थ समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाजपा में सदस्यता ली। वही लाजपतनगर वेलफेयर सोसायटी में जय आनंद, रश्मि आनंद, राजेश बत्रा, डीपी सिंह, संजय सिंह, सुनील धमीजा के साथ तमाम क्षेत्रवासियो ने सदस्यता ली। इस अवसर पर पर मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता, अवधेश शुक्ला, आलोक सिंघल, सुनीत कपूर, पशुपति, रितेश श्रीवास्तव, शुभ कपूर, ओम प्रकाश दीक्षित, जीतू शुक्ला के साथ तमाम पधाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्रकाशित

**देवरिया।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोक प्रतिनिधत्व अधिनियम 1951 की धारा 25 के अधीन जनपद देवरिया में अवस्थित समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन नियत प्रारूप-2 पर प्रकाशित की हैं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची को जिला निर्वाचन कार्यालय व जनपद के समस्त सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय पर जनमानस के निरीक्षण एवं अवलोकनार्थ हेतु उपलब्ध रहेगी। उक्त आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची का अवलोकन लोक अवकाश के दिनों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि यदि आलेख्य प्रकाशित या प्रतिनिधि को कोई आपत्ति अथवा कोई सुझाव देना चाहते हों तो सुझाव दे।

# कृषि मंत्री ने शहीद के नाम से अस्पताल का किया शुभारंभ

## कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन डॉ.अंशुमान सिंह के नाम से जानी जायेगी बरडीहा दलपत की पीएचसी

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया।** बरडीहा दलपत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अब कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन डॉ. अंशुमान सिंह प्राइमरी हेल्थ सेंटर के नाम से जाना जाएगा। आज कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह एवं ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में नामकरण समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन डॉ. अंशुमान सिंह की अदम्य वीरता एवं शौर्य को नमन किया। उन्होंने कहा कि कैप्टन अंशुमान सिंह सियाचिन की दुर्गम परिस्थितियों में अपने साथी जवानों की रक्षा करते हुए शहीद हुए थे। उनकी इस असाधारण बहादुरी और शौर्य को देखते हुए सरकार ने मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया। उनकी वीरता से पूरे देश का गौरव बढ़ा है। प्रदेश सरकार ने उनके पैतृक गांव बरडीहा दलपत में चल रहे पीएचसी को शहीद कैप्टन डॉ अंशुमान सिंह के नाम से करने का निर्णय लिया था, जिसे जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों के सहयोग से आज पूरा किया गया है। यह अस्पताल उनके अदम्य शौर्य की कीर्ति को हमेशा लोगों को याद दिलाता रहेगा और राष्ट्र की रक्षा के लिए लाखों युवाओं को अपना सर्वोच्च बलिदान करने के लिए प्रेरित करेगा। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अस्पताल का नाम शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह लोगों की यादों में हमेशा जीवित रहेंगे और युवाओं को प्रेरित करेंगे। वे पूरे राष्ट्र का गौरव हैं। देश के लिए मर मिटने वालों को सदियों तक याद रखा जाता है ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने अमर शहीद कैप्टन डॉ. अंशुमान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कैप्टन डॉ अंशुमान सिंह सेना की 26 पंजाब रेजीमेंट में चिकित्सा अधिकारी के पद पर तैनात थे। 19 जुलाई 2023 को सियाचीन ग्लेशियर में तैनाती के दौरान बंकर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। अपने साथियों को सुरक्षित निकालने में कैप्टन अंशुमान सिंह शहीद हो गए। उनकी स्मृति में इस पीएचसी का नया नामकरण उनके नाम से किया गया है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने भी अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र अपने नायकों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है अमर शहीद कैप्टन डॉ अंशुमान सिंह के पिता रवि प्रताप सिंह ने अस्पताल का नामकरण उनके शहीद पुत्र के नाम पर करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं समस्त जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, सीएमओ डॉ राजेश झा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह मार्ग के नाम से जानी जाती है सड़क**

राज्य सरकार ने कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के अदम्य शौर्य को देखते हुए गत वर्ष दिसंबर में थाना गेट से लार स्टेशन तक के मार्ग का नामकरण उनके नाम पर कर दिया था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित कैप्टन अंशुमान सिंह मार्ग की कुल लंबाई 7.450 किलोमीटर है।

## पीड़ितों को न्याय दिलायेगी कांग्रेसः ओमेंद्र कुमार पांडेय

**देवरिया।** कांग्रेस पूरे प्रदेश में हर पीड़ितों, दबे कुचले को न्याय दिलाने के लिए उनकी लड़ाई लड़ेगी। उक्त बातें बुधवार को जिला कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ को शिकायत पेटिका समर्पित करते हुए कांग्रेस आउटरिच कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रदेश के हर जिला मुख्यालय व प्रमुख स्थानों पर शिकायत पेटिका लगाई जा रही है। इस जनपद में इसकी शुरूआत कर दी गई है। 13 सितंबर को जनपद के कलेक्ट्रेट व विकास भवन पर पेटिका लगा दी जाएगी, जिसे नियमित कांग्रेस आउटरीच विभाग के कार्यकर्ता निकाल कर उसके निस्तारण कराने की व्यवस्था करेंगे। प्रदेश महासचिव अमित कुमार राय ने कहा कि इस सरकार में आमजन को न्याय नही मिल रहा है, इसके लिए यह अभियान चलाया गया है जो निरन्तर चलता रहेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि इस सरकार से लोगों ने न्याय की आस छोड़ दिया है, जनता की लड़ाई कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक से लेकर देश स्तर तक लड़ेगा। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव आवेश राय, स्नेहलता गौतम, करुणेश कुमार, धीरज यादव, राजेश चौरसिया, आलोक त्रिपाठी राजन, सत्यप्रकाश मणि, दीनदयाल यादव, कमलेश मिश्र, रमाशंकर यादव, जुलेखा खातून, सुहैल अंसारी, डॉ एस के पाठक, मधु शर्मा, विनोद दूबे, सुनील द्विवेदी, चंद्रिका यादव, राजकुमार यादव, गौरव राय, शुभम राय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार में हो रहा आमजन के साथ अन्याय नहीं मिल रहा न्यायः ओमेंद्र कुमार

**देवरिया।** भाजपा की सरकार जबसे देश व प्रदेश में सत्तारूढ़ हुई हैं आमजन के साथ अन्याय शुरू हो गया है, लोगों को कहीं भी जाने पर न्याय नहीं मिल रहा है। लोग न्याय के लिए दर दर की ठोकर खा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व आउटरीच विभाग के द्वारा अभियान चलाकर जनता को न्याय की व्यवस्था करेगी। उक्त बातें जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस आउटरीच विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमेंद्र कुमार पांडेय ने कहा। उन्होंने कहा कि हर जनपद में इसके लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस जनपद में भी कार्यकर्ता शिकायत पेटिका जो प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे उनमें से प्रतिदिन शिकायत पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजकर न्याय दिलाने का काम करेंगे अगर न्याय नही मिला तो इसके लिए जिला मुख्यालय, प्रदेश मुख्यालय पर पत्र को भेजकर न्याय दिलाने वाला कार्य किया जाएगा। अगर तब भी न्याय नहीं होता है तो आंदोलन करके न्याय की व्यवस्था होगी। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश महामंत्री अमित कुमार राय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि, एआईसीसी सदस्य स्नेहलता गौतम, आवेश राय, आलोक त्रिपाठी राजन आदि प्रमुख रूप से साथ रहे।

## भाजपा पीमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**देवरिया।** देशभर में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है। यूपी में बीजेपी ने तीन करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत पार्टी के तमाम पदाधिकारियों और ईकाइयों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके तहत अब सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए पार्टी बुधवार से प्रदेश भर में महाअभियान की शुरूआत करने जा रही है जिसमें पार्टी नेता व कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बीजेपी के साथ जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में पार्टी द्वारा चलाया जा रहा विशेष सदस्यता अभियान 11 सितम्बर से 17 सितम्बर तक के निमित्त पिछड़ा मोर्चा जनपद देवरिया ने सदर विधानसभा देवरिया के मण्डल देवरिया देहात स्थित नन्द पैलेस में बृहद सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा गोविन्द चौरसिया व संचालन विजय सिंह पटेल ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा चिरंजीवी चौरसिया ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान में पिछड़ा मोर्चे के समस्त कार्यकर्ता तन मन से लगे और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएं। कार्यक्रम को मुख्य रूप से नीरज शाही, अजय उपाध्याय ने भी संबोधित किया। राकेश राजभर, वीर राज गुप्ता, इन्दु चौरसिया, मधु जायसवाल, आशा कुशवाहा, विपन यादव, उपस्थित रहे तथा अधिकाधिक संख्या में महिलाएं भी शामिल रही।

## कला धरोहर - कार्यशाला सह प्रस्तुति का आयोजनआज

**देवरिया।** 12 सितंबर दिन गुरुवार को बरगद सभागार, जाग्रति सेवा संस्थान, बरपाल, देवरिया में आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम को देश की सुप्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. शैलेश श्रीवास्तव संचालित करेंगी। शैलेश श्रीवास्तव संगीत नाटक अकादमी सम्मान से सम्मानित कलाकार हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवरिया के सांसद माननीय श्री शशांक मणि त्रिपाठी शामिल होंगे। सुविख्यात कथक नृत्यांगना श्रीमती गौरी त्रिपाठी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगी।

## जल निगम गायब मोटर को छः दिन में नही खोज पायी तुर्कपट्टी पुलिस

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत सपही टड़वा में स्थित जलनिगम के पानी की टंकी से बीते 6 सितंबर को समर्सिबल वाटर पंप चोरी हो गया। घटना के छह दिन बाद भी तुर्कपट्टी पुलिस खाली हाथ है। हालांकि सुराग लगाने के लिए पुलिस टंकी के आपरेटर सहित अन्य लोगों से पूछताछ कर चुकी है। विदित हो कि उक्त टंकी का एक मोटर जल गया था। साथ किसी अन्य टंकी का जला मोटर भी उक्त मोटर के साथ बनने गया। दोनो मोटर बनकर आए तो सपही टड़वा पानी टंकी के आपरेटर के सुपुर्द कर दिया गया। 6 सितंबर को उनमें से एक मोटर चोरी हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच की और पूछताछ करने के लिए आपरेटर व अन्य को थाने ले गई जिन्हें बाद में छोड दिया गया। पुलिस ने घटना के संदर्भ में कोई लिखा पढ़ी नहीं की।

बरवा राजा पाकड़ पुलिस बूथ पर तैनात सिपाही मंगलवार की सायं एक बार पुनः घटनास्थल पर पहुंचे तो टंकी परिसर के बाहर बांस के झुरमुट के नीचे गांजा व कच्ची शराब के नशा के सेवन कर रहे संदिग्ध युवक भाग खड़े हुए। सूत्रों की माने तो सपही टड़वा में कच्ची शराब व गांजा की अवैध बिक्री होती है जिसपर पुलिस नियंत्रण लगाने में विफल है।

बरवाराजापाकड़ पुलिस बूथ पर तैनात पुलिसकर्मी भी कार्यवाही करने से परहेज करते हैं। जिसका फायदा उठाकर अराजक तत्व न सिर्फ नशे का सेवन करते हैं अपितु चोरी आदि आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। जो भी हो क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं जैसे बरवाराजापाकड़ में प्रमोद चौहान की खेत से पंपिंग सेट चोरी, शौकत गद्दी की भैंस चोरी, राजापाकड़ में रामराज के घर से दिनदहाड़े आभूषण चोरी सहित अनेक घटनाओं का खुलासा करने में तुर्कपट्टी पुलिस विफल तो है ही, आंकड़े में सही बने रहने के लिए घटनाओं का एफआईआर करने से भी परहेज करती है। अब लोग तुर्कपट्टी पुलिस की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाने लगे हैं।

## 72 घण्टे में गिरफ्तारी नहीं तो पालिका कर्मचारी फिर करेंगे हड़ताल

**देवरिया।** नगर पालिका प्रांगण में उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में 9 सितम्बर को पालिका के राजस्व निरीक्षक श्री हिमांशु गुप्ता के साथ हिंसक घटना जो पालिका के कुछ सभासद एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। घटना की घोर निदा करते हुए तत्समय से ही पालिका कर्मी आन्दोलन कर रहें थे। इसी बीच आज अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) / प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय आन्दोलित कर्मचारीसंघ के पदाधिकारियों के बीच पहुँचे, उन्होने बताया कि पालिका कर्मियों के साथ हुई घटना के आरोपितों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज हो गयी है जिलाप्रशासन ने इसे गम्भीरता से लिया है। आरापियों की तलाश पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता से कर रहा है एवं दबिश दी जा रही है। जिस पर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन की तत्परता पूर्ण कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया और यह मांग किया कि ₹72 घण्टे के अन्दर₹ यदि आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो हम कर्मचारीगण पुनः आन्दोलन करने के



लिए बाध्य हो जायेंगे। साथ ही जिलाधिकारी महोदया देवरिया को सम्बोधित चार सूत्री मांग हड़ताल समाप्त करने के लिए उन्हें ज्ञापित किया जिसमें प्रमुख रूप से दोषी सभासद एवं अन्य सभासद प्रतिनिधियों की तत्काल गिरफ्तारी, सी०सी० टी०वी० फुटेज रिकार्ड में वायस एवं विड़ियों का संज्ञान लेकर घटना में शामिल अन्य अज्ञात के विरूद्ध भी कार्रवाई हो। शासनादेश संख्या 3905 / दिनांक 10.10.2012 जिसमें स्पष्ट निर्देश है कि महिला निर्वाचित सभासद सदस्यों के परिजन पालिका के सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप नहीं कर पायेंगे। इसके विपरित महिला सभासद के प्रतिनिधियों द्वारा की गयी मारपीट की घटना को संज्ञान लिया जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने के लिए ठोस कदम उठाया जाए। सभासद कक्ष में सी०सी० टी०वी० कैमरा न होने का संज्ञान लिया जाए और किसी भी कर्मचारी को सभासद कक्ष में भविष्य में न बुलाया जाए और आरोपित दोषी सभासदों की सदस्यता रद करने की मांग करते हुए हड़ताल को समाप्त करने की बात कही गयी।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन पालिका के अधिकारियों / कर्मचारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार जो सी०सी०टी०वी फुटेज से स्पष्ट है कि गम्भीरता से विचार कर रहा है। उपरोक्त मांग को स्वीकार/ क्रियान्वित करने हेतु पुलिस विभाग एवं अन्य को जिलाधिकारी के माध्यम से आदेशित कराया जायेगा।

आप सभी कर्मचारी अपने काम पर लौट आए ताकि आम जनता को सुलभ करायी जाने वाली नागरिक सुविधा को उपलब्ध कराने में कोई व्यवधान उत्पन्न न होने पाये, धरना स्थल पर पालिकाध्यक्ष मा० श्रीमती अलका सिंह, उपस्थित हुई उन्होंने गोरखपुर नगर निगम से पहुँचे श्री राम प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ से ज्ञापन लिया तथा कर्मचारी यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता के क्रम में यह कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो जिला प्रशासन आपकी सभी मांगो पर कार्यवाही कर रहा है। उक्त समय धरना स्थल पर ज्ञापन देने वालों में श्री जयराम यादव, श्री हिमांशु गुप्ता, श्री दीपक पति त्रिपाठी, श्री विनय सिंह, श्रीमती पूजा, श्री श्रद्धानन्द, श्री राजीव शुक्ला, संघ के श्री वीरेन्द्र बासफोड, श्री मनोज कुमार तपस्वनी शुक्ला, सुश्री मधु प्रजापति आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योगी दरबार पहुंचा देवरिया बाइपास मुआवजा प्रकरण

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत अधिगृहित जमीन के उचित मुवावजे की मांग को लेकर संघर्षरत किसानों ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार मे पहुचकर गुहार लगाया है। देवरिया बाईपास की अधिग्रहित भूमि के मुआवजे को लेकर किसानों का गुस्सा दिन प्रतिदिन जोर पकड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों की दरवाजे से भटकता हुआ मुआवजे की राशि का मामला अब मुख्यमंत्री के दरबार मे पहुँच गया है। जिससे उम्मीद हो चली है कि प्रशासन द्वारा मुआवजा राशि में प्रस्तावित कटौती पर अंकुश लग सकता है। किसान संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में आयोजित जनता दरबार में मिलने गया था। जहाँ समिति के संयोजक अजीत तिवारी को सीएम योगी आदित्यनाथ के हाथ में ज्ञापन सौंपने का मौका हाथ उस समय मिल गया। जब श्री तिवारी काफी मसक्कत के बाद किसान संघर्ष समिति का पत्रक लेकर योगी जी के जनता दरबार की

**● मुख्यमंत्री के आश्वासन से गदगद हुए किसान**

अगली पंक्ति में बैठ गए। जिसका नतीजा हुआ कि मुख्यमंत्री ने ज्ञापन को पढ़ा और किसानों को उचित मुवावजा दिलाने का भरोसा दिया। पत्रक पंचायत पढ़ने के बाद सीएम ने अधिकारियों की और देखते हुए कहा कि किसानों को चार गुना मुआवजा में कटौती क्यों की जा रही है। साथ ही भरोसा दिया कि चार गुना मुआवजा ही मिलेग। इसमें किसी भी प्रकार की कटौती नही होगी। मुख्यमंत्री के यह कहते ही श्री त्रिपाठी गदगद हो गए और बाहर आकर उन्होंने अपने साथियों को योगी जी के संदेश से अवगत कराया। उधर मुआवजे गौरी को लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश भटौल उपाध्यक्ष विनय सिंह एवं विनोद गुप्ता ने ऐलान किया है कि 23 सितंबर को देवरिया कचहरी में पुत्र किसान पंचायत की जाएगी और नांगे पूरी होने चौहा तक आंदोलन जारी रहेगा। यही नहीं भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला था। अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप शाही ने चेताया है कि यदिः धर्मट मुआवजा में कटौती बंद नहीं होगी तो आर पार मोबा की लड़ाई लड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री के आश्वासन नीचे से संबंधित किसानों में भरोसा बढ़ा है कि प्रशासन की मनमानी पर नकल लगेगी और किसान उचित मुआवजा पाने में सफल होगा।

# वयो श्री योजना के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन की तिथि हुई निर्धारित

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने भारत सरकार की राष्ट्रीय वयो श्री योजना के अंतर्गत जनपद कुशीनगर में वरिष्ठजनों के नित्य जीवन सहायक उपकरण हेतु परीक्षण शिविर आयोजित किए जाने का निर्देश सभी संबंधित को दिए हैं, उक्त के क्रम में वरिष्ठ जनों के परीक्षण शिविर आयोजन हेतु विकास खंडवार एवं नगर निकायों हेतु तहसील परिसर

**● वरिष्ठजनों के नित्य जीवन सहायक उपकरण के लिए परीक्षण शिविर में करें चिन्हांकनः डीएम**

में विभिन्न तिथियां निर्धारित की है। उन्होंने बताया की शिविर का आयोजन वि०खं० कसया, फाजिलनगर / न०पा० कुशीनगर, फाजिलनगर हेतु तहसील परिसर कसया में दिनांक 18.9.2024 को प्रातः 10:30 बजे से 3:30 बजे तक, वि०खं० हाटा, सुकरौली, मोतिचक/ न०पा० हाटा, सुकरौली , मथौली हेतु तहसील परिसर हाटा दिनांक 19.9.2024 को, वि०खं० रामकोला, कप्तानगंज / न०पा० रामकोला, कप्तानगंज हेतु तहसील परिसर कप्तानगंज में दिनांक 20.9.2024 को, वि०खं० पडरौना, विशुनपुरा / न०पा० पड़रौना हेतु तहसील परिसर पडरौना में दिनांक 21.9.2024 को, वि०खं० खड्डा, नेबूआ नौरंगिया / न०पा० खड्डा ,छितौनी हेतु तहसील परिसर खड्डा में दिनांक 23.9.2024 को, वि०खं० तमकुही, सेवरही , दुदही / न०पा० तमकुही, सेवरही , दुदही हेतु तहसील परिसर तमकुहीराज में दिनांक 24.9.2024 को प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 3:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी भी लगाई गई है।

जिलाधिकारी ने उक्त निर्धारित की गई तिथियों से अवगत कराते हुए निर्देशित किया है की वरिष्ठ जनों को चयनित कर लाभान्वित किए जाने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन कानूनगो, लेखपाल, सचिवों, पंचायत सहायक के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार के साथ-साथ अधिकतम वरिष्ठ जनों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने हेतु निर्देशित किया हैं। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं है।, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय वयो श्री योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु व्यक्ति को भारत का वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष और उससे अधिक आयु ) होना आवश्यक है। वरिष्ठ जनों को प्रशिक्षण हेतु शिविर आयोजन स्थल पर आधार कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने का प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, दिव्यांग पेंशन पेपर व मासिक आय रुपए 15000/ प्रति माह से कम हो, आदि दस्तावेज लाना आवश्यक है।

## राजेंद्र किशोर शाही की पुण्यतिथि पर कृषि मंत्री ने मरीजों में किया फल वितरण



**देवरिया।** देवरिया जिले के प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी और अधिवक्ता तथा कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही के पिता स्व राजेंद्र किशोर शाही की पुण्य तिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। उनकी पुण्यतिथि पर कृषि मंत्री ने देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज में इलाज करते मरीजों को फल वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय राजेंद्र किशोर शाही एक सामाजिक कार्यकर्ता थे तथा कश्मीर को लेकर जो आंदोलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में हुआ था उसमे उन्होंने भी भाग लिया था। वो हमेशा से राष्ट्रवाद की भावना के प्रबल समर्थक थे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, मेडिकल कालेज के प्राचार्य, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेटी के शव के साथ पिता गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जिले के रामकोला थानाक्षेत्र में बेटी का शव ठिकाने लगाने ले जा रहे नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के एक पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। लोगों ने युवती का शव देखकर पुलिस को सूचना दी लोगों ने ऑनर किलिंग की आशंका जताई। शव के चेहरे पर भी घाव के निशान थे। लेकिन पुलिस ने इसे आत्महत्या मान पिता द्वारा शव को ठिकाने लगा मामले को खत्म करने का बता रही है। लोगों की सूचना के बाद रामकोला पुलिस ने पिता समेत शव को कब्जे में लेकर नेबुआ नौरंगिया थाने को सुपुर्द कर दिया जहां की

**● ठिकाने लगाने घर से 15 किमी दूर पहुंचा था पिता, लोगों ने ऑनर किलिंग की जतायी**
**● आशंका पुलिस मान रही आत्महत्या**

पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात एक व्यक्ति ऑटो से शव लेकर रामकोला थाना क्षेत्र के चिलवन इलाके में पहुंचा। कप्तानगंज नेबुआ नौरंगिया मार्ग पर अपनी ऑटो खड़ा कर उसमें से शव निकाल नदी में फेंकने की फिराक में था तभी से आ रही दुर्गंध से लोगों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रात्रि गस्त पर इलाके में मौजूद सिपाहियों ने ऑटो और शव समेत व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगे।

जिसमें पता चला कि नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के आलम मठिया मे सरस्वती विश्वकर्मा 18 वर्ष पिता सुरेश विश्वकर्मा ने खुदकुशी कर ली थी। जिसके बाद परिजनों ने उसके पिता को सूचना दी। पिता सुरेश विश्वकर्मा जो प्रदेश कमा रहा था। फ्लाइट से घर पहुंचा और शव को ठिकाने लगाकर सारा मामला खत्म करना चाहता था। इसी लिए घर से 15 किमी दूर से बह रहा छोटी गण्डक नदी के किनारे ऑटो से लेकर पहुचा जहाँ पुलिस ने पकड़ लिया। रामकोला थानाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने बताया की कप्तानगंज नेबुआ नौरंगिया मार्ग पर कप्तानगंज के समीप स्थित गांव चिलवन में मंगलवार को एक व्यक्ति अपनी बेटी की आत्महत्या के बाद शव लेकर ठिकाने लगाने आया था। जिसको पुलिस ने पकड़ा मामला नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र से जुड़े होने की वजह से कार्यवाही के लिए यहां से नेबुआ नौरंगिया पुलिस को शव सुपुर्द कर दिया गया हैं।

नेबुआ नौरंगिया थाना अध्यक्ष ने बताया कि बीते 8 तारीख को क्षेत्र के आलम मठिया गांव की 18 वर्षीय सरस्वती विश्वकर्मा पुत्री सुरेश विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद परिजनों की सूचना पर घर पहुंचे सुरेश ने शव को नदी में फेंक मामले को खत्म करना चाहता था। इस दौरान पुलिस ने उसे पकड़ लिया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और सभी पहलुओं पर जांच करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही।

## 15 प्रवेश की अंतिम तिथि

**देवरिया।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया शोभनाथ ने बताया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ०प्र० लखनऊ द्वारा प्रवेश 2024 हेतु रिक्त व्यावसायों (वेल्डर, प्लम्बर, पेन्टर, ड्रेस मेंकिग, फैशन टेक्नोलाजी, कास्टमेटोलाजी) इत्यादि के सापेक्ष नवीन आनलाईन किये जाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है जिसकी अन्तिम तिथि 15 सितंबर 2024 निर्धारित है।

# राष्ट्रवादी सोच को लेकर भाजपा निरंतर लोकतंत्र को मजबूत बना रहीः सहजानंद

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय ने राष्ट्रीय सदस्यता अभियान में क्रम में गोरखपुर क्षेत्र में कुशीनगर के प्रथम स्थान आने पर पार्टीजनों की सराहना करते हुऐ कहा कि क्षेत्र को देश में प्रथम स्थान दिलाने के लिए आप सभी पूरी ऊर्जा के साथ लग जाय। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को हम सभी के आराध्य देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती है जिसे हम सभी पूरी श्रद्धा के साथ मनाते हैं। सौभाग्य से इसी दिन यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस है अतः हम सभी के लिए यह दुगुनी खुशी का अवसर है। अतः प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस को लेकर सदस्यता के विशेष अभियान में गोरखपुर क्षेत्र को प्रथम स्थान दिलाना हम सभी की ओर से पार्टी की बड़ी सेवा एवं उपहार होगा।



श्री राय भाजपा के मंडल अध्यक्षगण एवं पदाधिकारियों के साथ नगरपालिका अध्यक्ष के आवास पर बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि देव सरीखे कार्यकताओं के बल पर राष्ट्रवादी सोच को लेकर भाजपा निरन्तर लोकतन्त्र को मजबूत बना रही है वही यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की केंद्र में तीसरी बार एवं प्रदेश में दूसरी बार योगी जी की सरकार बनी है। उन्होंने लक्ष्य के पार जाकर इतिहास बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकताओं का हित सर्वोपरि है इससे कोई समझौता नही होगा। पूर्व सांसद जय प्रकाश निषाद ने अपने विचार को रखते हुये कहा कि लक्ष्य को लेकर हम सभी पूरी ऊर्जा से कार्य करें। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा सदस्यता अभियान को हम सभी मिलजुल कर सफल व ऐतिहासिक बनाएंगे। यहां क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों का स्वागत नगरपालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने किया। राकेश जायसवाल ने यह भरोसा दिलाया कि इस अभियान को निर्देश के अनुसार सफल बनाया जायेगा। इस अवसर पर दिवाकर मणि, मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, किन्नरेश चौबे, विनोद गुप्ता, बच्चा सिंह, रमायन कुशवाहा, वरुण राय, श्याम चौहान, रविशंकर सिंह, उमेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## पति सास ससुर व ननद सहित सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना मे बलिया जनपद के थाना उभाव निवासी पति सास ससुर व ननद सहित सात लोगो के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में ग्राम बनकटा शिव निवासी श्री राम प्रसाद पुत्र शिव बच्चन प्रसाद ने थाने में दिए गए तहरीर मे लिखा है कि ग्राम विशुनपुर चैनपुर गुलौरा थाना उभाव जिला बलिया निवासी परमान्द पुत्र दीनानाथ पासवान जो रेलवे मे गार्ड के पद पर गोण्डा मे ही रहकर नौकरी करता है। नित्यानंद पुत्र दीनानाथ पासवान सत्यानन्द पुत्र दीनानाथ पासवान अमित पुत्र दीनानाथ पासवान परमिला पत्नी दीनानाथ कंचन देवी पत्नी सत्यानन्द पासवान राजकली पत्नी दीनानाथ पासवान द्वारा दहेज की माँग को लेकर गाली देकर मारने पीटते रहते है। तहरीर के आधार पर पुलिस धारा 85.115(2)बी एन एस (3/4डी पी एक्ट 498ए323.504)के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करप्रशिक्षु उपनिरीक्षक इन्द्रेश यादव को विवेचना सौप दी है।

## पशुओं को लम्पी बीमारी से बचाने के लिए चलेगा टीकाकरण अभियान

**कुशीनगर।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रविंद्र प्रसाद ने अवगत कराया है कि जनपद कुशीनगर में पशुओं को (लम्पी स्किन डिजीज) लम्पी बीमारी से बचाव हेतु पशुपालन विभाग 15 सितम्बर, 2024 से टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा, जिसको लेकर विभाग में समस्त तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। जल्द ही घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज गोवंशीय पशुओं में होने वाली एक विषाणु जनित बीमारी है। पशु के शरीर पर दाने निकलने के उपरान्त पशुओं को बुखार हो जाता है, पशु खाना पीना कम कर देता है, सुस्त रहने लगता है, जिससे पशु अत्यन्त कमजोर हो जाता है। लम्पी वायरस से ग्रसित पशुओं को सही ईलाज न मिलने की अवस्था में मृत्यु भी हो जाती है, इसलिये समस्त पशुपालकों से अपील है कि समय से यानि 15 सितम्बर, 2024 से अभियान शुरू होने पर समस्त पशुओं को टीकाकरण करवा लें।

# मणिपुर, हिंसा का नया दौर

मणिपुर में 16 माह पूर्व मई 2023 में अदालत के एक फैसले के बाद जो हिंसा शुरू हुई थी, वह पूरी तरह तो कभी बंद नहीं हुई फिर भी बीते कुछ महीनों से एक तनावपूर्ण शांति थी। लेकिन सितम्बर माह के शुरूआत में ही कुकी आतंकियों ने राजधानी इम्फाल के पश्चिमी इलाके के एक गांव में गोलीबारी की और ड्रोन से ग्रेनेड गिराकर करीब दो दर्जन लोगों को घायल कर दिया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस तरह मणिपुर में हिंसा का क्रम जो बीते तीन-चार महीनों से थमा हुआ था, वह फिर से शुरू हो गया। कुकी व मैतेई समुदायों के बीच बढ़ चुके संघर्ष में अब तक कम से कम 2 सौ लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हुए हैं। अशांति और हिंसा के माहौल में सामान्य जनजीवन को लोग तरस गये हैं। हिंसा में महिलाओं, बच्चों की जो दुर्दशा हुई है, वह कल्पना से भी परे है। दुर्भाग्य से इस जातीय हिंसा को रोकने के लिए दिल्ली का भी कोई ठोस प्लान नहीं दिखता है। केन्द्र राष्ट्रपति शासन, राजनीतिक प्रयास, राज्य सरकार की बर्खास्तगी या खुद केन्द्र सरकार उच्च स्तर पर मणिपुर जाकर स्थिति को समझने की पहल कर सकता था।



**मणिपुर में लगातार हिंसा की हो रही घटनाओं को रोकने व स्थायी शांति के लिए सियासी समाधान खोजना जरूरी है।**

लेकिन इनमें से एक भी गंभीर उपाय नहीं किया गया। अगर केंद्र सरकार अन्य विकल्पों पर विचार कर रही है, तो इसकी जानकारी देश से साझा करनी चाहिए। फिलहाल लगता है कि 16 महीने से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर ही छोड़ दिया गया है। कहने को वहां राहत शिविर भी बनाये गये हैं, सैन्य बलों की तैनाती भी हुई है, पीड़ितों को मुआवजा भी दिया गया है, इन सबके बावजूद जिस चीज की वहां सबसे अधिक जरूरत है, यानी शांति और आपसी सौहार्द की, वह सिरे से गायब है। संघर्षरत समुदायों के बीच अविश्वास की खाई इतनी चौड़ी है कि इस दरार को भरने के लिए सर्वोच्च राजनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने और लोगों का विश्वास जीतने का प्रयास करने की जरूरत है। 2023 में मई की शुरूआत में हिंसा शुरू हुई थी, अब 2024 भी अपने उत्तरार्द्ध की तरफ है, लेकिन मणिपुर में हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अभी फिर राज्य में हिंसा की नयी लहर उठी है, जिसमें सितंबर के 10 दिनों में ही 11 से अधिक मौतें हो चुकी हैं और बहुत से घायल हुए हैं। इन्हें मौत न कहकर हत्या कहें तो शायद हालात की गंभीरता का अंदाजा ठीक से लगे। किसी भी संवेदनशील समाज में इस बात से रोंगटे खड़े हो सकते हैं कि एक छोटे से राज्य में 10 दिन में 11 हत्याएं हो गईं। पिछले सप्ताह मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने छह महीनों के भीतर शांति लाने का दावा किया था, लेकिन मौजूदा हालात उनके दावों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जो काम एक साल में नहीं हुआ, वो अगले छह महीने में कैसे होगा, यह बात देखने वाली होगी। हिंसा अब नये और घातक रूप में सामने आयी है। लेकिन हकीकत ये है कि सितंबर महीने में मणिपुर में ड्रोन और मिसाइल के हमले से लेकर हथियार बंद समूहों के बीच गोलीबारी जैसी भयावह घटनाएं हुई हैं। बीते रविवार को ही कुकी समुदाय से आने वाले सेवानिवृत्त सैन्य जवान लिमखोलोई माटे की हत्या केवल इसलिए हो गई क्योंकि अपने दोस्त को लीमाखोंग छोड़ने गये और लौटते में वे कुकी और मैतेई इलाकों के बीच बफर जोन से गुजरे। इसी बात पर उन पर हमला कर दिया गया कि उन्होंने कुकी और मैतेई के बीच हो चुके भौगोलिक बंटवारे का उल्लंघन कर दिया। इस घटना से समझ आता है कि राज्य में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच नफरत की भावना कितनी बढ़ चुकी है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तथाकथित शांति प्रयासों में इस समस्या को लेकर कोई चिंता नहीं दिखाई पड़ती है। दरअसल इसी बात को समझने की जरूरत है। हिंसा की जड़ दोनों समुदायों के बीच शक और अविश्वास की बन चुकी दीवार है। जब तक इसका समाधान नहीं होगा, तब तक स्थायी शांति कठिन है।

# चिंताजनक हैं डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामले





संजय श्रीवास्तव

**डिजिटल अरेस्ट की साल भर से मची हंगामेदार खलबली के बीच अब केंद्र सरकार द्वारा 5000 'साइबर कमांडो' के गठन की दिशा में बड़ी घोषणा हुई है। निश्चित रूप से यह कदम साइबर फ्राड का सफाई से इलाज कर पाने में सक्षम होगा। उम्मीद है कि समग्रता पूर्ण ढंग से उठाया जा रहा यह कदम उम्मीद भरे नतीजे देगा।**

जब साइबर क्राइम की रोज ब रोज नये नुकसानदेह तरीके सामने आ रहे हों, यह अपराध 40 फीसद सालाना की दर से बढ रहा हो, जिसके चलते अपना देश साइबर अपराधों की संख्या तथा गंभीरता दोनों के लिहाज से दुनिया के ऊपरी दस देशों में शामिल हो चुका हो और देश में साइबर क्राइम की घटनाएं कुछ विशेष व्यक्ति अथवा संस्थान तक सीमित न रहकर हर घंटे किसी न किसी छोटे नागरिक अथवा संस्था, संगठन को अपना शिकार बना रही हों, तब केंद्र सरकार द्वारा साइबर फ्राड मिटीगेशन सेंटर की स्थापना, साइबर कमांडो कार्यक्रम तथा इससे जुड़ी दूसरी तरह की कई शुरूआत सही समय पर उचित कार्रवाई कही जायेगी, बशर्ते ये योजना उम्मीद के मुताबिक नतीजे दे। दरअसल देश में ई-कॉमर्स के परिचय के बाद से डिजिटल लेनदेन लगातार बढ़ा है, लेकिन इसका एक साइड इफेक्ट यह हुआ है कि हर गुजरते दिन के साथ वित्तीय धोखाधड़ी का खतरा आम व्यक्तियों के लिए ही नहीं व्यवसायों के लिए भी आम हो गया है। बीते बरस भारतीयों ने साइबर धोखाधड़ी के कारण 7,489 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाया। इस साल शुरूआती चार महीने में ही तकरीबन आठ लाख साइबर फ्रॉड के मामले हुए, जिसमें लोगों के 1750 करोड़ रुपये ठग लिए गये। साइबर ठगी का एक नया तरीका सालभर पहले सामने आया और सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद वह काबू में नहीं आ रहा है बल्कि दिन ब दिन बढता ही जा रहा है। यह खतरनाक और चिंताजनक साइबर खतरा है 'डिजिटल अरेस्ट।'

डिजिटल अरेस्ट का मतलब है बिल्कुल वास्तविक लगने वाले ईडी, सीबीआई, पुलिस अधिकारी बनकर अथवा उनके असली दिखते पर बनावटी थाने, कार्यालय से फोन करके किसी को झूठ बोलकर भयग्रस्त कर देना। इस तरह के साइबर क्रिमनल्स लोगों को फोन करके उनके किसी करीबी के दुर्घटनाग्रस्त, तस्करी या ड्रग के मामले में फंसने या फिर गिरफ्तार होने की बात कहकर डरा देते हैं और पुलिस ईडी वगैरह की गिरफ्तारी का भय दिखाकर घर से निकलने नहीं देते, भयादोहन कर धन वसूलते हैं। बिना हथकड़ी बेड़ी, कागज पत्र के लोग घर में कैदी बन फिरौती के बतौर भारी रकम चुकाते हैं और बाद में पता चलता है कि वे दरअसल ठगी के शिकार हुए। ऐसे मामलों में देश भर से कई पीड़ितों ने विगत 4 महीने में 400 करोड़ से ज्यादा गंवा दिये। डिजिटल अरेस्ट पहला मामला पिछले साल दिसंबर में दर्ज किया गया था, जहां उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को मनगढ़ंत मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाया गया। इसके बाद तो इस तरह की साइबर ठगी में बला की तेजी आ गई। इसमें जो शिकार बनते जा रहे हैं उनमें डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सेना के बड़े अधिकारी, आईआईटी प्रोफेसर जैसे ढेरों उच्च शिक्षित, जागरूक लोग शामिल हैं। साइबर अपराधियों ने लखनऊ की एक न्यूरोलॉजिस्ट को सात दिन डिजिटॅल अरेस्ट रखकर उसके सात खातों से तकरीबन तीन करोड़ का लेन देन किया तो एक अवकाश प्राप्त मेजर जनरल 5 दिन 'डिजिटल अरेस्ट' बने रहे, दो करोड़ की फिरौती के बाद उन्हें पता चला कि ठगे गये। राजस्थान के झुंझुनूं में बिट्स पिलानी की प्रोफेसर को भी इसी तरह डिजिटल अरेस्ट करके साढे आठ करोड़ से ज्यादा वसूले। ये महज कुछ मामले हैं। यूपी, मप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा समेत देश के तमाम राज्यों में ऐसे मामले आए दिन सामने आ रहे हैं।

**तैयार होंगे 5000 साइबर कमांडो**

गृह मंत्रालय के अनुसार यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और संभवतः इसे सीमा पार दुबई, पाकिस्तान में बैठे अपराधियों द्वारा चलाया जा रहा है। हालांकि अपने देश में भी इसके अपराधी पकड़े गए हैं। डेटा और सिस्टम में अनधिकृत घुसपैठ, डाटा चोरी, उसमें मनोवांछित या शरारतपूर्ण बदलाव, घोटाले या व्यवधान, इसके जरिए इंफॉरमेशन वार छेड़ना, फिशिंग घोटाले और स्पैम वगैरह के काफी मामले पहले से ही आ रहे थे, इधर कुछ महीनों से एनसीबी, सीबीआई, आरबीआई और कानून प्रवर्तन अधिकारी के साथ-साथ प्रदेश पुलिस के जवान बनकर लोगों को धमकाने और डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगने के भी बहुतेरे मामले सामने आने के बाद गृह मंत्रालय ने साइबर अरेस्ट और ब्लैकमेलिंग को लेकर अलर्ट और चेतावनी जारी की। यह एक लचर कदम था जो समस्या की गंभीरता के अनुकूल नहीं था।

गृह मंत्रालय की इस कार्यवाही के बावजूद ब्लैकमेल और डिजिटल अरेस्ट के मामले तेजी बढने लगे तो उसने हजार से ज्यादा स्काइप आईडी को ब्लॉक किया जिसके जरिये अपराधी सरकारी अफसर बनकर ठगी करते थे साथ ही सरकार ने टेलिकॉम कंपनियों को निर्देश देकर 28,200 मोबाइलों को ब्लॉक और तकरीबन दो लाख सिम कार्ड्स को बंद या रि- वेरीफाई करने की कार्रवाई की। लेकिन बेहतर होने के बावजूद ये कदम नाकाफी साबित हुए। अब गृह मंत्रालय बढ़ते डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों की पहचान, जांच और उनसे निपटने के लिए दूसरे मंत्रालयों, उनसे संबद्ध एजेंसियों, आरबीआई और दूसरे संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है जो फिलहाल सही दिशा लग रही है। मंत्रालय इसके लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संबंधित अधिकारियों को तकनीकी सहायता दे रहा है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना इसीलिए हुई थी कि वह प्रमुख बैंकों, वित्तीय मध्यस्थों, भुगतान एग्रीगेटर्स, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, आईटी मध्यस्थों और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमताओं को बढ़ाए साथ ही साइबर अपराध से निपटने वाले विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार लाए। ये हितधारक मिलकर काम करेंगे तो फर्क साफ दिखेगा। 'साइबर कमांडो' कार्यक्रम देश में साइबर सुरक्षा की दिशा में एक समझदारी भरा कदम है। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केन्द्रीय पुलिस संगठनों से चुनिंदा जवानों को लेकर उन्हें आईआईटी कानपुर, मद्रास, कोट्टायम और नया रायपुर जैसे संस्थान द्वारा कठोर प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद इनकी विशेष शाखा स्थापित कर साइबर अरेस्ट जैसे अपराधों के खतरों का मुकाबला करने के लिए प्रशिक्षित 'साइबर कमांडो' का उपयोग करना अच्छी योजना है।

डिजिटल फोरेंसिक से लेकर साइबर सुरक्षा के उपायों के बारे में सब कुछ जानने वाले ये साइबर कमांडो जो आधुनिक साइबर हमलों की जटिलताओं से निपटने और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित होंगे डिजिटल स्पेस को सुरक्षित करने में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों की बेहतर सहायता करेंगे। दरअसल देश जैसे-जैसे डिजिटल क्रांति को अपनाता जाएगा वैसे-वैसे अपने साइबर बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को ज्यादा से ज्यादा मजबूत बनाने की जरूरत बढती जायेगी। चूंकि साइबर अपराधों की संख्या, विस्तार और उसकी नुकसान पहुंचाने की क्षमता लगातार बढ़ती जा रही है ऐसे में सरकार द्वारा डिजिटल, और साइबर संसार में देश और देशवासियों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ऐसे दूरदर्शी और सुविचारित कदम उठाने और अपने डिजिटल शस्त्रागार को नए हथियारों से लैस करना बहुत आवश्यक है ताकि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र साइबर अपराधियों से सुरक्षित हैं, सुनिश्चित हो।

## सोशल मीडिया

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हरियाणा विधान सभा चुनाव के लिए घोषित सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई व भारी बहुमत से विजयश्री की अग्रिम शुभकामनाएं।
- केशव प्रसाद मौर्य.



विष्णुनागर जी का नवीनतम कविता संग्रह 'ऐसा मैं हिंदू हूं' एक ही बार में पढ़ गया, अनेक कविताएं गुदगुदाती हैं, चौंकाती और रूककर सोचने को मजबूर करती हैं। योगेन्द्र यादव.



कारगिल युद्ध में वीरता का अभूतपूर्व परिचय देते हुए वीरगति पाने वाले मां भारती के वीर सपूत परमवीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा जी की जयंती पर कोटि नमन।
- संबित पात्रा



# पेरिस पैरालंपिक, विजय की असाधारण कहानी...





खेल जगत

सारिम अन्ना

पेरिस पैरालंपिक में भारत का शानदार प्रदर्शन हमारे पैरा एथलीट्स की क्षमता, प्रतिभा व समर्पण का जीता जागता सबूत है। इन खेलों में हमारा यह आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है कि हमने 29 पदक (7 स्वर्ण, 9 रजत व 13 कांस्य) जीते हैं, जो कि टोक्यो 2020 के कुल 19 पदकों से 10 अधिक है। यह प्रदर्शन इस लिहाज से भी उल्लेखनीय है कि भारतीय दल को 25 पदकों की उम्मीद थी और मिले उससे 4 ज्यादा। दिल खुश करने वाला यह भी तथ्य है कि महिलाओं ने 10 पदक हासिल करके भारत को गौरान्वित किया है। हर पदक के पीछे प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय की एक असाधारण कहानी है।

पुरुष जेवलिन (एफ64) में सुमित एंटिल ने टोक्यो की तरह पेरिस में भी स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह शूटर अवनि लेखरा ने भी पेरिस में अपने टोक्यो प्रदर्शन को दोहराया। वह दो पैरालंपिक गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। पेरिस की सफलता यह भी बताती है कि खेलों में एक देश की किस्मत कितनी जल्दी बदल सकती है। लंदन 2012 व रिओ 2016 में भारत को क्रमशः 1 व 4 पदक ही मिल सके थे। टोक्यो 2020 में यह संख्या बढ़कर 19 हो गई और अब पेरिस 2024 में 29 हो गई है। इस अंतर का एक कारण यह भी है कि केंद्र व कॉर्पोरेट संस्थाओं ने फण्ड व भोजन संसाधनों में वृद्धि की है। लेकिन इसमें अधिक विस्तार की आवश्यकता है क्योंकि पेरिस में भारत ने 22 स्पर्धाओं में से केवल 12 में ही हिस्सा लिया था। इस सफलता के जोश में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे पैरा एथलीट्स को यश हासिल करने के लिए अपनी प्राकृतिक कमियों के अतिरिक्त किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दिव्यांगों के लिए देश में दोस्ताना वातावरण नहीं है। दिव्यांगों के अधिकार कानून, 2016 में प्रावधान रखा गया कि पांच वर्षों में सभी सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांगों के अनुकूल बना दिया जायेगा, लेकिन इस संदर्भ में अभी तक कोई संतोषजनक कार्य नहीं हुआ है। केंद्र ने तो इस कानून के तहत योजनाओं के लिए बजट में भी कटौती कर दी है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि मेट्रो शहरों तक में निजी इमारतें व यातायात व्यवस्था दिव्यांगों के अनुकूल नहीं हैं। हमारे पैरा एथलीट्स की सफलता से यह याद आ जाना चाहिए कि हालात बेहतर करने से दिव्यांग न केवल समाज में बराबरी का एहसास करेंगे बल्कि हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे। कम से कम यह जिम्मेदारी तो हमारी बनती ही है। सफलता में पैरा एथलीट्स की अपनी लगन व हिम्मत से तो इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इसमें कुछ अन्य तत्वों का भी योगदान रहा है। भारतीय दल के सभी 84 पैरा एथलीट्स को सरकारी योजनाओं का समर्थन था। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विदेशों में भेजा गया और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों से उन्हें गाइडेंस दिलायी गई। भारतीय पैरा एथलीट्स के लिए गेम्स विलेज में पहली बार रिकवरी सेंटर स्थापित किया गया, यह सुनिश्चित करने के लिए कि खेलों के दौरान अगर वह चोटिल हो जाते हैं तो उनके उपचार की पूर्ण व्यवस्था हो। कोचों व सपोर्ट स्टाफ की संख्या में वृद्धि की गई, टोक्यो 2020 में जहां इनकी संख्या 45 थी तो उसे बढ़ाकर 77 कर दिया गया। खेल विज्ञान का भरपूर इस्तेमाल किया गया, जिससे समय रहते चोटों के बारे में मालूम हो सका। राष्ट्रीय कैम्पों व एक्सपोजर ट्रिप्स पर हर सप्ताह पैरा एथलीट्स के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। चयन नीति अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रही। फंड्स में 184 प्रतिशत का इजाफा किया गया। टोक्यो चक्र में 26 करोड़ खर्च किये गये थे, जबकि पेरिस चक्र (2021-2024) में 74 करोड़ खर्च किये गये। इन प्रयासों का नतीजा यह निकला कि कुछ नये पैरा एथलीट्स उभरकर सामने आये तो कुछ ने अपने प्रदर्शन को बेहतर किया। पहली बार खेलों में हिस्सा ले रहे नितीश कुमार ने बैडमिंटन (एसएल3) में गोल्ड जीता। सुहास ने रजत जीता और बैडमिंटन में लगातार दो पदक जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बने। बैडमिंटन में ही थुलासिमाथि व मनीषा ने महिला युगल का भारत के लिए पहला पदक जीता। हरविंदर सिंह आर्चरी (पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व ओपन) में पहले पैरालंपिक चैंपियन बने और शीतल देवी व राकेश कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड आर्चरी व मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के लिए पहला पदक जीता।

# क्रोध मिटाने के उपाय

अंतर्दृष्टि

वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, अपने आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

# उत्सवों का उत्सव, चुनाव महोत्सव

व्यंग्यलोक

गुरु जी! हमारा देश अनादिकाल से ही उत्सवों, महोत्सवों, पर्वों की भूमि रहा है। यहां सूरज से लेकर धूर्त तक की पूजा, उपासना होती है। पूजा के मामले में हम बहुत लिबरल हैं। पर जबसे हम स्वतंत्र हुए हैं हमारी उत्सवों की धरती पर एक और महोत्सव मनाया जाने लगा है, और वह है , उत्सवों का उत्सव! चुनाव महोत्सव! और उत्सवों की आभा भले ही आज फीकी पड़ने लगी हो, पर चुनाव महोत्सव की चकाचौंध पिछले महोत्सव के मुकाबले अगले महोत्सव में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। महोत्सव के दिनों होने वाले खर्चे को देखकर अब तो लक्ष्मी, कुबेर भी परेशान होने लगते हैं। पांच सालों के बागी, निष्कासित, दलबदलू अपने गले में फूलों की मालाएं डलवा अपने घर लौटने लगते हैं। कई अपने हितार्थ बंधन मुक्त होते हैं तो कई अपने विकास की संभावनाएं देख नए गठबंधन में बंधते हैं। महोत्सव नजदीक आते ही वे कुछ भी करने को आमादा दिखते हैं। शुरू शुरू में यह उत्सव बड़ी सादगी से मनाया जाता था पर धीरे-धीरे जैसे जैसे इस उत्सव में वोटरों को अपनी हिस्सेदारी का पता चला, उत्सव में जीतकर आने वालों को अपनी संभावनाओं का पता चला, तबसे यह उत्सव खर्चीला होता गया। चुनाव महोत्सव की खासियत यह है कि यह महोत्सव महोत्सव होने की संभावित तारीख से पहले ही मनना शुरू हो जाता है। तब चुनाव जीत कर उन्मांद पर बसे धीरें धीरे वोटरों के बीच उतरना शुरू करते हैं, एक दूसरे के कार्यकर्ता आपस में भिड़ना शुरू करते हैं। सक्रिय तो सक्रिय, निष्क्रिय भी एकशन मोड़ में आ जाते हैं। एक दूसरे के खजानों पर छापे डलवाने का दौर शुरू होता है। चोर के विरुद्ध सीना तानकर चोर खड़ा होता है। जैसे ही इस महोत्सव को मनाने की आधिकारिक घोषणा हो, महोत्सव मनाने की आदर्श आचार संहिता लागू होती है, चारों ओर हुड़दंग शुरू हो जाते हैं। वह उत्सव ही क्या जिसमें हुड़दंग न हो। वोटरों तो वोटरों, बाजार, घर की दीवारों, पेड़ों के तनों तक से ये वे गले लगे मिलते हैं। चुनाव महोत्सव में गंगा में पानी से भी अधिक पैसा गली, बस्तियों में बहाया जाता है। बुद्धिजीवियों तक को उल्लू, उल्लू का परदादा बनाया जाता है। इस महोत्सव के आरंभ होते ही हर टाइप के नेता लोग अपनी अपनी जेब में अपने अपने हिसाब का खर्च लेकर अपने अपने वोटरों को सर्च करने निकल पड़ते हैं। इस महोत्सव में नेताओं द्वारा एक दूसरे के कपड़े उतारे जाते हैं, एक दूसरे के कपड़े फाड़े जाते हैं। जो मन में आए बका जाता है। कोई किसी को कुछ नहीं कहता... और जैसे ही महोत्सव के आखिरी दिन वोटर अपने वोट का दान इन्हें देता है उसके तुरंत बार अगली घोषणा तक चुनाव महोत्सव बंद जाता है।



अशोक गौतम

## विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

–रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

–इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

–दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

–महात्मा गांधी.

## आप की बात

### औद्योगिक पिछड़ापन

प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन की समस्या अभी भी सघन रूप में विद्यमान है। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी।

आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा। दरअसल प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए जो सार्थक प्रयास हुए हैं, उसका धीरे-धीरे परिणाम जरूर सामने आयेगा।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रोजगारपरक हो शिक्षा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी के बाद जो आर्थिक परिवर्तन देखने को मिला उसमें हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। कोरोना के बाद आईटी, ऑटोमेशन, एआई का दौर आया और इससे करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़ रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार परक शिक्षा दी जाये ताकि वे रोजगार प्रदाता बन सकें। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं।

**जयशंकर द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## नगदी जेवर मिलाकर पांच लाख की चोरी

**अमेठी।** किसान के घर दिवार फांदकर चोरों ने नकदी-जेवरात समेत लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने करीब पांच लाख की चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मौके की जांचकर तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरू की है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे बाछिल सिंह का पुरवा पुन्नपुर निवासी किसान छेदी सिंह के घर के पीछे से दीवार फांदकर बुधवार की रात चोरों ने लगभग साढ़े चार लाख के कीमत के जेवरात व 53 हजार तीन सौ नकदी उठा ले गए। बुधवार को छेदी सिंह सुबह पांच बजे प्रत्येक दिन की तरह उठे तो देखा गेट खुला हुआ है। चोरी के संदेह पर अन्य परिवार के सदस्यों को जगाया और देखा की कमरे में आलमारी तोड़कर सारे जेवरात ऊठा ले गए। वही बगल के कमरे में ताला तोड़कर बक्शे में रखे नकदी उठा ले गए जब परिजनों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। परिवारीजनों ने पुलिस से जांच कर चोरी के खुलासे की मांग की है। एसएचओ ईश नरायण मिश्र ने बताया कि मौके पर जाकर घटना की जांच की गई हैं। शीघ्र चोरी का खुलासा कर सामान बरामद किया जाएगा।

## 41 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 3 वारण्टी व 12 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 41 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार नाजायज चाकू बरामद

बाराबंकी। थाना मसौली पुलिस ने अभियुक्त अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव निवासी ग्राम जानकीनगर कालोनी व हिमान्शु सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी न्यू कौशलपुरी कालोनी थाना कोतवाली नगर, गोण्डा को 2 अदद नाजायज चाकू बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## ट्रेन पर चढ़ते वृद्ध का पैर फिसला, मौत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राजस्थान से परिवार के साथ अयोध्या दर्शन को जा रहे वृद्ध का पैर फिसलने से प्लेटफार्म पर ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनके दोनो पैर कट गए। गंभीर हालत में जीआरपी पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को राजस्थान प्रांत के चित्तौड़गढ़ निवासी श्याम सुंदर कावड़ा (75) पुत्र मोहन लाल कावड़ा परिवार के साथ अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। सुलतानपुर स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर अयोध्या जाने के लिए ट्रेन की तलाश में थे। तभी डायवर्ट ट्रेन छपरा एक्सप्रेस प्लेटफार्म संख्या 01 पर आ गई। इतने में वह ट्रेन पर चढ़ने का प्रयास कर रहे थे तभी पैर फिसलने के कारण पटरी के नीचे चले गए। अचानक ट्रेन चल जाने से उनके दोनो पैर कट गए। गम्भीर हालत में जीआरपी पुलिस ने जिला अस्पताल भेजवाया। जहां मौजूद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई घटना से रेलवे स्टेशन पर उनकी पत्नी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि चिकित्सक की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# डकैती के 4 और आरोपी गिरफ्त में, दो किग्रा सोना बरामद

## सोना और चांदी के साथ अवैध हथियार जब्त



**सुलतानपुर (वीओएल)।** बीते 28 अगस्त चौक बाजार स्थित सराफा भरत ज्वैलर्स की शॉप पर हुई डकैती की घटना में पुलिस ने चार और इनामिया आरोपियों की गिरफ्तारी की है। इन चारों पर भी एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्तों से एक किलो 218 ग्राम सोने के आभूषण, अवैध हथियार और एक बोलेरो वाहन बरामद हुई, जिसका डकैती के बाद भागने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में दुर्गेश प्रताप सिंह (रायबरेली), विनय शुक्ला (अमेठी), अरविंद यादव उर्फ फौजी (आजमगढ़) और विवेक सिंह (अमेठी) का है। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों ने ठठेरी बाजार स्थित भरत ज्वैलर्स से असलहे के बल पर हमला कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूटी थी। जांच में अंतर्जनपदीय गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया की पुलिस की स्वाट टीम और कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुबेपुर मोड़ के पास संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोका और चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनके पास से बरामद सोने के आभूषणों में दुर्गेश के पास से 259 ग्राम, विनय शुक्ला के पास से 347 ग्राम, अरविंद यादव के पास से 299 ग्राम और विवेक सिंह के पास से 510 ग्राम सोना बरामद हुआ। इसके अलावा, चारों के पास से अवैध तमंचे और कारतूस मिले। गिरफ्तार अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिनमें हत्या, डकैती, गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, डकैती के बाद यह गिरोह फरार था और इनकी गिरफ्तारी के लिए व्यापक छानबीन की जा रही है।

## अज्ञात अधेड़ का मिला शव

**सुलतानपुर।** लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर बने बस स्टाप पर अधेड़ व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। बुधवार को बंधुआकला थाना क्षेत्र के खोखीपुर चौकी क्षेत्र में लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर बने खोखीपुर बस स्टाफ पर एक अधेड़ व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इस सम्बंध में अलीगंज चैकी इंचार्ज राकेश ओझा ने बताया कि जानकारी मिल रही है कि मृतक अधेड़ यही क्षेत्र में इधर उधर घूम कर भिक्षा मांग कर खाता था।

# अपहृत बच्ची चार घंटे बाद जंगल में मिली

जिला संवाददाता (vol)

**अमेठी।** जायस कोतवाली क्षेत्र कस्बा निवासी मां के साथ सो रही बच्ची को आरोपी ने अपहरण कर लिया। बच्ची के अपहरण की सूचना मोहल्ले में आग की तरह फैल गई। मोहल्ले के हर समुदाय के लोग व सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की बरामदगी के लिए हर जतन में जुट गए। कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से बच्ची को हनुमान दल के पीछे जंगल से करीब चार घंटे बाद सकुशल बरामद कर लिया गया।

- सीसीटीवी कैमरे की मदद से बच्ची को बरामद करने में मिली सफलता

मंगलवार की देर रात जायस कस्बा अंतर्गत मोहल्ला शेखाना की रहने वाली नीता अपनी 3 वर्षीय बच्ची के साथ घर पर सो रही थी, नीता ने सोते समय लाइट जला रखी थी। रात करीब साढ़े 10 बजे दुकान बंद कर नीता का देवर घर पहुंचा तो लाइट बंद थी। उजाला होते ही बच्ची बिस्तर पर नहीं थी। घर के आस पास खोजबीन करने बाद भी बच्ची का कुछ अता पता नहीं चला। मोहल्ले में घटना आग की तरह फैल गई। बच्ची के अपहरण की सूचना पुलिस को भी दी गई। देखते ही देखते मोहल्ले के हर समुदाय व पुलिस बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए खोज बीन शुरू कर दिया। लेकिन कोई सुराग नहीं लग रहा था। करीब तीन घंटे बाद कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया गया तो आरोपी युवक बच्ची को नसीराबाद रोड़ की तरफ हनुमान दल के पीछे जंगल की तरफ ले जाता दिखाई दिया। फिर क्या पुलिस और मौहल्ले के लोग परिजनों के साथ जंगल में पहुंचकर छानबीन शुरू की, और बच्ची को घायल अवस्था में बरामद कर लिया। बच्ची की मां ने बताया कि उसके बदन पर कई जगह घाव व चोट के निशान है। मां नीता ने कहा कि समय रहते बच्ची बरामद न होती तो बहसी दरिंदा न जाने उसके साथ क्या करता। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि बच्ची के अपहरण की सूचना मिलते ही उसकी बरामदगी के लिए टीम गठित कर जंगल से सकुशल बरामद कर लिया गया है। अपहरणकर्ता के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए वैधानिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया गया है।

# डीएम और एसपी ने बारावफात के दृष्टिगत जगदीशपुर का किया भ्रमण



**अमेठी।** त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आज दिनांक 11.09.2024 को जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा कस्बा जगदीशपुर का भ्रमण कर बारावफात के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर को आवश्यक आदेश, निर्देश दिये गये व उपस्थित लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों को फैलने से रोकने व अफवाहों पर ध्यान न देनें की अपील की गयी। इस दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना व अन्य अधि कर्म0गण मौजूद रहे।

## सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा, पानी से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं बच्चे

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दूबेपुर विकास खंड के थनवारबारी में सार्वजनिक मार्ग को कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने जिलाअधिकारी को पत्र देकर सार्वजनिक मार्ग को खाली कराने, जाने और मार्ग बनवाने की मांग की है। विजय कुमार मिश्र ने शिकायती पत्र में कहा है कि कई वर्षो से उच्चाधिकारियो से मांग कर रहे है की सार्वजनिक मार्ग को खाली करवा दिया जाए, जिससे ग्रामीणों के साथ साथ स्कूल जाने वाले बच्चो को सहूलियत मिले। लेकिन आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। गांव वासी और स्कूली बच्चे पानी से होकर स्कूल जाने को मजबूर है। विजय नारायण मिश्र का आरोप है कि गांव के ही सरहंग किस्म के लोगों ने सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा किया है। जिससे प्रधान भी उस कार्य को करने से कतरा रहे है। गांव के ही प्रेम नारायण मिश्र, राम अवध मिश्र, काली सहाय, आशा राम, रमाकांत मिश्र आदि लोगों ने सार्वजनिक मार्ग को खाली करवाने और बनवाए जाने की मांग की है।

## पशुओं का निवाला बना पुष्टाहार, जिम्मेदार बेखबर

**जगदीशपुर, अमेठी।** सरकार द्वारा चलाई जा रही बाल विकास परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढकर कमाई का स्रोत बनता जा रहा है गर्भवती महिलाओ व किशोरियों को मिलने वाला पुष्टाहार पशुओ का निवाला बन गया विभागीय अधिकारी आंख मूंदे हुए है । विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित दर्जनों आंगनबाडी केंद्रों पर तैनात आंगनबाडी कार्यकत्री सुपरवाइजर को मिलाकर दिन दूनी रात चौगुनी कमाई करने में मस्त हैं ।नन्हे मुन्ने बच्चों किशोरियों व गर्भवती महिलाओ को मिलने वाला पुष्टाहार दरिया पंजीरी पशु पालकों को बेचकर जेब गरम करने मे मस्त है ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकत्री कुछ गिने चुने बच्चो को प्रसाद की तरह पुष्टाहार बांटकर कागजी खानापूर्ति कर देती हैं कागज में किशोरियों व नन्हे मुन्ने बच्चों की संख्या अधिक दशार्यी जाती है ।मौके पर गिने चुने बच्चे ही मौजूद रहते हैं नाम ना छापने की शर्त पर आँगनबाडी कार्यकत्री ने बताया कि इसके एवज में पुष्टाहार उठान के समय सीडीपीओ कार्यालय में तैनात जिम्मेदारों की जेब गरम करनी पडती है ऊपर से क्षेत्रीय सुपरवाइजर को भी मैनेज करना पडता है ।इस संबंध जब सीडीपीओ से बात करने की कोशिश की गई तो फोन नहीं उठा।

# बहन के हत्यारों को मिली सजा, भाई के लिए इंतजार

चंद्रमोहन मिश्र

**अमेठी।** बेनीपुर गांव में युवती के हत्यारोपियों को कोर्ट ने सजा सुनाई। इन्हीं आरोपियों ने इस केस की अंतिम सुनवाई के दिन पीड़ित परिवार पर कहर ढा दिया था। दबंगों ने घर में घुस कर युवती के पिता, दो भाइयों व मां को जख्मी कर दिया था। इसमें उसके एक भाई की भी जान चली गई। हालांकि इस मामले में भी पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर 7 लोगों को जेल भी भेज दिया है। अन्य की तलाश कर रही है।

- गांव की गलियों में आज भी पसरा है सन्नाटा

अमेठी थाने के बेनीपुर गांव निवासी कमाल शाह व पूर्व प्रधान हकीमुददीन उर्फ बच्चा के परिवार के बीच पुरानी रंजिश थी। करीब 10 वर्ष पूर्व 25 जुलाई 2014 को दोनों परिवारों के बीच मारपीट हुई थी। क्षेत्र के बेनीपुर गांव निवासी कमाल शाह की पुत्री राबिया उर्फ निक्की (20) के साथ गांव के ही आठ अभियुक्तों ने अभद्रता की थी। आरोपियों ने राबिया के घर पर धावा बोल दिया था और लाठी, डंडा व सरिया से पीट-पीटकर राबिया की हत्या कर दी थी। इस वारदात में पिता कमाल शाह ने हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा व उसके भाइयों सहित कई लोगों को नामजद किया था। मामला सुल्तानपुर न्यायालय में विचाराधीन था। 30 अगस्त को मामले की अंतिम सुनवाई थी। इसी दिन पुत्री के हत्यारोपियों ने कमाल शाह के परिवार पर फिर से हमला कर दिया था। दबंगों ने कमाल शाह के परिवार को घर से लेकर सड़क तक दौड़ा कर लाठियों व धारदार हथियार से जख्मी कर दिया था। इस हमले में कमाल शाह, इनके पुत्र मकसूद राना व महमूद राना, पत्नी शायरा बानों गंभीर रूप से जख्मी हो गईं थी। मामले में कमाल शाह की बहू तराना बेगम ने हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा, इमामुद्दीन, निजामुद्दीन, कमालुद्दीन, रियाजुद्दीन, जावेद, मासूक, शोएब, फिरोज, शहबाज, निशा अंजुम, शकीला बानो, शबीना व कमालुद्दीन की पत्नी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था ।

# सौहार्द पूर्ण माहौल में मनायें त्यौहार



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने व त्यौहार को आपसी सौहार्द से मनाने को लेकर बुधवार को कूरेभार थाना परिसर पर मुस्लिम धर्म गुरुओं, वारावफात से जुड़े अंजुमनों के सदस्यो व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उच्च अधिकारियों ने त्यौहारों में शान्ति पूर्ण व आपसी सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने को लेकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में आये धर्म गुरुओं से वार्ता कर शासन के आदेश निदेर्शानुसार आगामी त्यौहार बारावफात को शान्ति व सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। बैठक में आईएएस बल्दीराय बीडीओ बैशाली चोपड़ा एसडीएम बल्दीराय गामिनी सिंगला, तहसीलदार बल्दीराय अरविंद तिवारी, सीओ शौरभ सावंत एसएचओ कूरेभार अमित कुमार मिश्रा के साथ बारावफात को लेकर तमाम अंजुमनों के सदस्य व क्षेत्रीय संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## बारावफात को लेकर थाने मे पीस कमेटी की बैठक

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बारावफात व आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर मे पीस कमेटी की बैठक मे मौजूद लोगो से थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने क्षेत्र की समस्याओ की जानकारी ली। लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल मे त्योहार मनाए जाने की जानकारी दी। बुधवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे दियरा, मुडहा, मलिकपुर बखरा, बनकेगांव आदि गांव के उपस्थित संभ्रांतजनों से थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने त्यौहार में समस्या की जानकारी ली। लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की बात बताई।

थानाध्यक्ष ने कहा कानून की परिधि में रहकर त्योहार मनाए। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। कोई भी गड़बड़ी करने का प्रयास करें तत्काल सूचना दें। इस मौके पर उप निरीक्षक भुवाली प्रसाद, भारत सिंह, राधेश्याम, प्रधान सुल्तान अली, माता प्रसाद सिंह, इंद्रसेन, गुरबख्श सिंह, शिवकुमार, मनोज कुमार, रंजीत वर्मा, अंकित मिश्र आदि मौजूद रहे।

## टीआरसी लॉ कॉलेज को मिली उपलब्धि यूजीसी ने स्वायत्तशाषी दर्जा प्रदान किया

**सतरिख, बाराबंकी।** यूजीसी ने टीआरसी लॉ कॉलेज को स्वायत्तशाषी दर्जा प्रदान किया। जोकि प्रदेश का पहला स्ववित्तपोषित कॉलेज हुआ है। प्रबन्धक डा0 सुजीत चतुवेर्दी ने जानकारी देते हुये बताया कि डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्ध जनपद का पहला लॉ कॉलेज वर्ष 2007 से अपनी अलग पहचान, गुणवक्ता पूर्ण शिक्षा के साथ बौद्धिक व्यक्तित्व तैयार करने में रखता है। कॉलेज ने वर्ष 2023 में अपना नैक मूल्यांकन कराया। जो अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विधि महाविद्यालय का पहला मूल्यांकन था। जिसमें उसे बी ग्रेड मिला। अब जनपद के आस पास के विद्यार्थियों को निकट भविष्य में पीएचडी, स्नातकोत्तर, सार्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए अन्य जगहो पर नही जाना होगा। यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर अब यही पर ये सभी कोर्स संचालित होंगे। प्रबन्धक डा0 चतुवेर्दी ने स्वायत्तशाषी दर्जा प्राप्त होने पर प्राचार्य एंव कॉलेज स्टॉफ को सफलता हेतु बधाई दी।

# लंबित समस्याओं को लेकर लेखाधिकारी से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल



**सुलतानपुर (वीओएल)।** विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राथमिक स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में वित्त एवम लेखाधिकारी अमित मोहन मिश्रा से मिला। संघ और लेखाधिकारी के बीच कई मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई, जिसमें वित्त एवम लेखाधिकारी अमित मोहन मिश्रा ने बिलंब की बात स्वीकार की और उन्होंने विभाग में मानव संसाधन की कमी बताया। उसके बाद भी समस्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री डा. हृषि केश भानु सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय, कादीपुर अध्यक्ष अनिल यादव, डा. रीतेश सिंह, दूबेपुर अध्यक्ष राम बहादुर मिश्रा, धीरेंद्र राव, मुजफ्फर, कलीम आदि मौजूद रहे।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, लखनऊ रेफर

**सुलतानपुर।** लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहे बाईक सवार को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बुधवार को लखनऊ वाराणसी हाइवे पर असरोगा टोल प्लाजा से चन्द कदम दूरी पर कुड़वार थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार ने बाईक सवार ब्रह्मदेव यादव पुत्र राजाराम निवासी जोगीबीर अहिमाने थाना कोतवाली देहात को जोरदार टक्कर मार दी ।गंभीर हालत में घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा प्राथमिक उपचार के ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

# दबंगों ने लाठी-डंडे से युवक को पीटा, हाथ व पैर में हुआ फ्रैक्चर

- सर में गंभीर चोट होने के कारण युवक हुआ बेहोश
- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया केस

**लंभुआ, सुलतानपुर ।** गुरुवार की शाम अपने मित्र के साथ गांव में ही टहलने निकले युवक पर पहले से ही घात लगाए दबंगों ने पिस्टल सटाते हुए लाठी डंडे से प्राण घातक हमला कर दिया। युवक के पर एवं हाथ में फ्रैक्चर हो गया तथा वह मौके पर बेहोश हो गया। युवक को मृतक समझकर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रायपुर निवासी अनिकेत पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 10 सितंबर की शाम पंडित वासुदेव इंटर कॉलेज के निकट अपने मित्र शुभम पांडे निवासी पांडेपुर मदनपुर के साथ टहलने के लिए गया था। तभी वहां पर पहले से ही घात लगाए हुए बैठे विपिन मिश्रा, सूरज मिश्रा निवासी धनूपुर, कोतवाली देहात निवासी दीपांशु सिंह तथा दीपक तिवारी एवं 10-15 लोग अज्ञात हाथ में लाठी डंडा तथा विपिन मिश्रा एवं दीपांशु सिंह हाथ में पिस्टल लिए और सटा दिए, बोले की जान से मार डालो, बच के न जाने पाए। फिर सभी लोग लाठी डंडे से मारने लगे, जिससे हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई एवं सर में आई चोट के कारण मौके पर बेहोश हो गया। उक्त मृतक समझकर फरार हो गए। मित्र शुभम पांडे एवं आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया। होश में आने के बाद कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि अनिकेत पांडेय की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

## भाजपा किसान मोर्चा के तत्वाधान में सदस्यता अभियान का आयोजन



**बाराबंकी।** भाजपा किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व मे विभिन्न मंडलों में सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। जंहा सैकड़ो लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम मे पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सदस्यता अभियान के महापर्व है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे देश निरन्तर प्रगति पथ मे आगे बढ़ रहा है। भाजपा सरकार देश को समृद्ध और गौरवशाली बनाकर विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा मे कार्य कर रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य, पूर्व विधायक बैजनाथ रावत, पूर्व एमएलसी हरगोबिन्द सिंह, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा आशुतोष अवस्थी मौजूद रहे।

# एआरटीओं नें किया कई ओवरलोड के चालान, अंपजीकृत ट्रैक्टर ट्रॉली सीज



**बाराबंकी।** अपंजीकृत, परमिट शर्तो का उल्लंघन, ओवरलोड़ समेत अनफिट वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग का विशेष चेकिंग अभियान जारी है। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज लखनऊ-बाराबंकी मार्ग पर राग साइट ड्राइविंग, ओवरलोड, अनफिट, टैक्स बकाया समेत बिना रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगे व्यावसायिक वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें अंपजीकृत ट्रैक्टर ट्राली समेत ओवरलोड वाहनों को सीज किया गया। तथा मानक के विपरीत संचालित स्कूली वाहन समेत अनाधिकृत डग्गामार बसों के चालान किये गये।

# डीएम ने विद्यालय में बच्चों को किया सम्मानित

**अमेठी।** श्रम विभाग के अंतर्गत उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए अटल आवासीय विद्यालय योजना संचालित की जा रही है। अयोध्या मंडल में अमराई गांव रुदौली जनपद अयोध्या में अटल आवासीय विद्यालय सत्र 2023-24 से कक्षा 6 में 80 बच्चों के साथ संचालित हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 में 140 एवं कक्षा 9 में 140 (कुल 280) बच्चों का चयन हुआ है। प्रवेश हेतु मंडल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई थी जिसमें जनपद अमेठी के 39 बच्चे चयनित हुए हैं। कक्षा 6 में 20 बच्चे एवं कक्षा 9 में 19 बच्चे सफल हुए हैं। मंडल के अन्य जनपदों में अयोध्या के कुल 147, अंबेडकर नगर 30, सुल्तानपुर 26, और बाराबंकी में 26 बच्चे अटल आवासीय विद्यालय में इस सत्र में प्रवेशित हुए हैं। बुधवार को जनपद अमेठी में अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित बच्चों से डीएम निशा अनंत द्वारा संवाद किया गया एवं बच्चों को सम्मानित करते हुए विद्यालय में मन लगाकर पढ़ाई करने एवं अनुशासित रहकर अपने व्यक्तित्व का विकास करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अटल



आवासीय विद्यालय अयोध्या सीबीएसई बोर्ड के पैटर्न पर संचालित है कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई की आवासीय व्यवस्था है, वहां बच्चों के रहने, खाने-पीने, खेलने की सभी सुविधाएं मौजूद हैं। 12 सितंबर 2024 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों को सम्मानित करते हुए 2024-25 के शिक्षा सत्र का का शुभारंभ किया जाएगा जिसके क्रम मे प्रदेश के सभी अटल आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र का प्रारंभ हो जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश परीक्षा में चयनित अटल आवासीय विद्यालय के बच्चे एवं उनके अभिभावक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, सहायक श्रमायुक्त गोविंद यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं कार्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। डीएम नेबच्चों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया एवं चॉकलेट व पेन भेंट की गई। सभी बच्चों व अभिभावको को जलपान कराया गया तत्पश्चात सभी बच्चों को बस द्वारा अयोध्या के लिए प्रस्थान कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को अटल आवासीय विद्यालय अमराई गांव रुदौली अयोध्या के लिए रवाना किया गया। डीएम ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## रेलवे ट्रैक किनारे तालाब में मिला महिला का शव

**अमेठी।** रेलवे ट्रैक किनारे स्थित तालाब में अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव देखते स्थानीय ग्रामीण में तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज शव की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ।दरअसल, यह पूरा मामला जायस कोतवाली क्षेत्र के कासिमपुर रेलवे हाल्ट का है। जहां रेलवे लाइन के किनारे तालाब में बुधवार सुबह अज्ञात महिला का शव पड़ा था। सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों की नजर जब महिला के शव पर पड़ी तो पूरे इलाके में हड़कप मच गया। आसपास के कई गांव के बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन कोई महिला की शिनाख्त नहीं कर सका। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जायस पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकाल कर कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा मौके पर ग्रामीणों से पहचान भी करवाई गई, लेकिन करो कोई मृतक महिला को पहचान न सका। पास के ही रहने वाले ग्रामीण शकील इदरीसी ने बताया कि आज सुबह जब वह वो खेतों की तरफ गए थे, तभी कुछ ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में एक महिला का शव पड़ा है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर रही है। महिला के पास एक बोरा मिला महिला कहां की रहने वाली है, इसका कोई पता नहीं चल पा रहा है, लेकिन जिस तरह से महिला के पास एक बोरा मिला है, इससे लग रहा है कि महिला भिक्षावृत्ति करती थी। पूरे मामले पर जायस एसएचओ रवि सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

- पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा, अभी नहीं हो सकी शिनाख्त

संक्षेप

## एससी/एसटी एक्ट में आरोपी दोषमुक्त

**आगरा।** जिला एवं सत्र न्यायालय दीवानी कचहरी में माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) आगरा ने विशेष सत्र परीक्षण संख्या-136/2021 में आरोपित के अधिवक्ता के द्वारा मजबूती एवं गंभीरता के साथ रखे गए तर्कों को सुनने के उपरांत अभियोजन पक्ष अभियुक्त के विरूद्ध लगाए गए सभी आरोपों युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में असफल रहा है, तथा न्यायालय ने अभियुक्त को दोषमुक्त किए जाने योग्य मानते हुए अपने एक आदेश में कल आरोपी को आरोप मुक्त कर दिया। इस सन्दर्भ में आरोपित के विद्वान अधिवक्ता अरविंद कुमार पुष्कर ने न्यायालय के आदेशानुसार बतायाकि न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) आगरा ने दोनों पक्षो को सुनने के उपरांत न्यायहित में अपने एक आदेश में उत्तर प्रदेश राज्य बनाम हरिभान उर्फ हरिशंकर पुत्र अरविन्द, थाना बाह, मुअसं 173/2021 धारा 366, 376, 506 भादसं, व धारा 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत आरोपी हरिभान को दोषमुक्त कर दिया।

## एडीए की उपाध्यक्ष के कड़े तेवर

**आगरा।** विकास प्राधिकरण (एडीए) उपाध्यक्ष एम. अरून्मोली ने शहर में बढ़ते अवैध निर्माणों पर लगाम लगाने के लिए कड़ा रुख अपना लिया है। मंगलवार को प्रवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए और कहा, कि जिन निर्माणों के ध्वस्तीकरण के आदेश हो चुके हैं, उन्हें तत्काल ध्वस्त किया जाए। साथ ही, प्राधिकरण की भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के लिए संयुक्त टीमों का गठन किया जाएगा। एडीए उपाध्यक्ष एम. अरून्मोली ने अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि प्रवर्तन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि प्रवर्तन कार्यों में ढिलाई पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आज से 1 तक मथुरा में भारी वर्षा की चेतावनी

**मथुरा।** आज मौसम विभाग, लखनऊ केंद्र के नवीन बुलेटिन के अनुसार 11 सितम्बर 2024 से 12 सितम्बर 2024 के मध्य जनपद मथुरा में अत्यधिक भारी वर्षा होने की सम्भावना व दिनांक 12 सितम्बर 2024 से 14 सितम्बर 2024 के मध्यम से भारी बारिश की सम्भावना व्यक्त की गयी है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जान-माल की सुरक्षा के दृष्टिगत सचेत होते हुये बचाव के आवश्यक उपाय, एवं आवश्यक संसाधन-व्यवस्था करें, जिससे कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना-जन हानि की संभावित क्षति से बचा जा सके। किसान भाईयों से यह भी अपील है कि इस भारी बारिश, मेघ गर्जन एवं वज्रपात से आपने आप को सुरक्षित करते हुए फसलों-फसल की उपज को भी सुरक्षित स्थान पर रखने का कष्ट करें, जिससे किसी प्रकार के नुकसान आदि से बचा जा सके। यह भी अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश में वज्रपात की काफी घटनाएं हो रही हैं तथा पूर्व में आकाशीय विद्युत से जनपद में भी जनहानि घटित हुई हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी वज्रपात से बचाव के उपायों का अनुपालन करे। वज्रपात की पूर्व चेतावनी- अलर्ट प्रेषित करने वाली एप्लीकेशन दामिनी ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर ले।

# हर्षोल्लास से मना चंद्रोदय मंदिर में राधाष्टमी महोत्सव

### फूल बंगला, 56 भोग, झूलन उत्सव, महाभिषेक, हरिनाम संकीर्तन रहा आकर्षण का केंद्र



**मथुरा।** ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी राधारानी का जन्मोत्सव सम्पूर्ण ब्रज में आनंद और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित चंद्रोदय मंदिर के भक्तों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति श्रीमती राधारानी के प्राकट्योत्सव को राधाष्टमी महामहोत्सव के रूप में बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण को पुष्पों का चयन कर बड़े ही मनोहारी रूप में सुसज्जित किया गया। इस महामहोत्सव के पावन पर्व पर प्रातः काल मंगला आरती, श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र की धूप आरती, नवीन पोशाक धारण, फूल बंगला, छप्पन भोग, पालकी उत्सव, झूलन उत्सव, भजन संध्या, महाभिषेक एवं अखण्ड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।

भक्तों को सम्बोधित करते हुए चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण पूर्ण पुरुषोत्तम हैं। भगवान श्रीकृष्ण जब ब्रज मण्डल में अवतरित हुए तो उनके साथ लीला में सहयोग करने हेतु श्रीराधारानी का आविर्भाव हुआ। उन्होंने कहा कि आचार्य जो शास्त्र की मर्यादा को समझते हैं वो राधा कृष्ण के विषय को प्रकाशित नहीं करते हैं। राधा और कृष्ण को समझने के लिए अंतःकरण शुद्ध होना अत्यंत आवश्यक है। हम जैसे समान्य जीव राधा कृष्ण की लीला को समझने के योग्य नहीं हैं। किन्तु हम यदि आचार्यों द्वारा बताए हुए भक्ति के मार्ग का पालन, शास्त्रों का अध्ययन करते हैं, तो हम उनकी कृपा के स्वरूप भगवान की लीलाओं को समझ सकते हैं। भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी की भक्ति ही प्रेमाभक्ति है। जब हम महामंत्र का जप पूर्ण श्रद्धा, शरणागति और स्वयं को दैन्य मानकर करते है। तब हमें श्रीकृष्ण और राधा जी के भक्ति मार्ग में उनकी कृपा से प्रवेश मिलता है।

कृष्ण भक्तों के लिए राधाष्टमी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद दूसरा बड़ा उत्सव होता है। इस मौके पर चंद्रोदय मंदिर में श्रीराधारानी एवं ठाकुर श्रीवृन्दावन चंद्र को गुलाबी एवं नील वर्ण के रेशम युक्त रजत से कढ़ाई किए हुए वस्त्र धारण कराए गए। इसके उपरांत चंद्रोदय मंदिर के उत्सव हॉल में श्रीमती राधारानी एवं ठाकुर श्री राधा वृन्दावन चंद्र के श्रीविग्रह का महाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण, पंचामृत, शहद, बूरा, विभिन्न प्रकार के फलों के रस, विभिन्न जड़ी बूटियों एवं फूलों से महाभिषेक कि प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया। इस राधाष्टमी के विशेष अवसर पर हरिनाम संकीर्तन में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं भाव विभोर होकर नृत्य करते नजर आये। उत्सव में सम्मिलित होने के लिए पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान, आगरा एवं फरीदाबाद के भी भक्तगण वृन्दावन पहुंचे।

## चर्चित मयंक चैन लूट- डकैती हत्याकांड का आज आयेगा फैसला

**मथुरा।** शहर के चर्चित मयंक चैन डकैती- हत्याकाण्ड में बुधवार अदालत ने सुनवाई की और घटना के आरोपी नौ लोगों के खिलाफ आरोप तय करते हुये गुरुवार फैसला सुनाने का ऐलान किया। कोर्ट ने यह फैसला सुरक्षित रख लिया है।

विदित रहे कि सात साल पहले 15 मई 2017 को शहर के होलीगेट अंदर स्थित कोयला वाली गली में मयंक चैन की आभूषणों की दुकान बदमाशों ने हमला बोल दिया था। सशस्त्र बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुये डकैती की घटना को अंजाम दिया था। शाम के समय सरार्फा कारोबारी मयंक अग्रवाल की दुकान पर नकाबपोश बदमाशों ने हमला किया था। सिर पर हैलमेट लगाये बदमाशों ने दुकान पर ही बैठे मयंक अग्रवाल, बड़े भाई विकास अग्रवाल और एक अन्य व्यापारी मेघ अग्रवाल को गोली मार दी थी। इसमें विकास और मेघ अग्रवाल की मौत हो गयी। मयंक को भी दो गोलियां लगी थीं और वह गंभीर रूप से घायल हुये। गोलियां बरसाकर बदमाश दुकान से लगभग पांच करोड़ रुपए के जेवरात, सोने की चैन और नगदी लूट ले गये थे। पांच करोड़ की इस डकैती में प्रमुख रूप से रंगा-बिल्ला गैंग का नाम सामने आया। घटना के सात दिन बाद पुलिस ने शहर के रतन कुण्ड सोने का कलसा क्षेत्र के एक बंद मकान में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया आज इस मामले में स्पेशल जज ईसी एक्ट ब्रह्मतेज चतुर्वेदी की अदालत में यह मामला फैसले के लिये आया जिसमें विद्वान न्यायाधीश ने आरोपियों अपराध तय किये और उनका दोष मानते हुये फैसला सुरक्षित रख लिया। इस संबंध में शासकीय अधिवक्ता चंद्रभान सिंह ने बताया कि गुरुवार आज दोपहर तक इस मामले में फैसला सुनाया जायेगा। मयंक चैन हत्या-लूटकाण्ड में फैसला सुनने के लिये आज विभिन्न जेलों में बंद इस घटना के आरोपियों को विभिन्न वाहनों से पुलिस की कस्टडी और भारी सुरक्षा के बीच मथुरा के न्यायालय लाया गया। आरोपी राकेश चतुर्वेदी उर्फ रंगा, नीरज चतुर्वेदी, कामेश उर्फ चीनी, महेश यादव, सौरभ यादव, आदित्य नागर, हर्षवर्धन चतुर्वेदी, आयुष चतुर्वेदी और लखन नौहवार को फैसला सुनाने के लिये बुलाया गया था। न्यायालय परिसर में इस दौरान सुरक्षा को देखते हुये कड़ी व्यवस्था थी। शहर के कोयला वाली गली में सात साल पहले दिनछुपे हुयी इस घटना से पूरा मथुरा दहल गया था। सनसनीखेज डकैती और हत्याकाण्ड की गूंज लखनऊ तक पहुंची थी। इस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संज्ञान लेकर तत्कालीन डीजीपी सुलखान सिंह को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## यूरो एकेडमी में विद्यार्थी विज्ञान मंथन की कार्यशाला आयोजित



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा की कार्यशाला यूरो एकेडमी, सिरसागंज में राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन एवं निदेशक प्रदीप जादौन के संयोजन में सम्पन्न हुई। विद्यार्थी विज्ञान मंथन, वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक, ब्रज प्रान्त अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा के पहले स्तर की परीक्षा दिनाँक 23 अक्टूबर 2024 और 27 अक्टूबर 2024 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 15 नवंबर, 2024 को होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा 08, 15 और 22 दिसंबर, 2024 में से किसी एक दिन होगी एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 17 और 18 मई, 2025 को प्रस्तावित है। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 20 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। प्रदीप जादौन ने सभी शिक्षक साथियों के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन के ब्रोशर का विमोचन करते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान के कार्यक्रमो में प्रतिभाग कराएं। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आगरा के बड़े फुटवियर निर्माता की संदिग्ध मौत

**आगरा।** आगरा के बड़े फुटवियर निर्माता अवकाश प्राप्त लेफ्टिनेंट कर्नल विजय तोमर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। वह आर्थिक अपराध के आरोप में जेल में बंद थे। बुधवार को उनकी रिहाई होनी थी। लेकिन आज अचानक उनकी मौत हो गई। मंगलवार दोपहर को जेलकर्मी उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जेलकर्मी उन्हें इमरजेंसी में छोकर चले गए थे। जेल से आए फोन के बाद कर्नल तोमर के परिजन इमरजेंसी पहुंचे। उन्हें सूचना दी गई थी तबीयत ज्यादा खराब है। लेकिन परिजनों को इमरजेंसी में विजय पाल सिंह तोमर का शव स्ट्रेचर पर पड़ा मिला। वहां जेल का कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। आशंका जताई जा रही है। कि कर्नल तोमर की मौत जेल के अंदर ही हुई है। हालांकि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम होने के बाद ही पता चल सकेगा। लेफ्टिनेंट कर्नल तोर मध्य प्रदेश अंबाह के मूल निवासी थे और आगरा में राजपुर चुंगी के पास स्थित गुलमोहर एंक्लेव में रहते थे. सेना से रिटायरमेंट के बाद कर्नल ने जूते का बिजनेस शुरू किया था और वह जूते क एक्सपोर्टर बन गए थे।

## फर्जी ईडी अधिकारी बन सर्राफ के यहां डकैती डालने आये गिरोह का सरगना गिरफ्तार

मथुरा। महानगर में ई डी अधिकारी बनकर सरार्फा व्यवसाई के यहां डकैती डालने आए गिरोह के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके कब्जे से सरार्फा व्यवसाई से छीना गया मोबाइल फोन और फर्जी सर्च वारंट घटना में प्रयुक्त वरना कार को पुलिस ने जब्त किया हैं। इसकी गिरफ्तारी फरीदाबाद से गोविन्द नगर पुलिस और स्वाट टीम द्वारा की गयी है।

गौरतलब हो कि 30 अगस्त को महानगर की राधा ऑर्किड कॉलोनी में प्रातः काल एक महिला सहित चार पुरुष भारत सरकार की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ई डी) के अधिकारी बनकर सरार्फा व्यवसाय अश्वनी अग्रवाल पुत्र किशन लाल की कोठी पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने फर्जी सर्च वारंट दिखाकर घर में डकैती डालने का प्रयास किया लेकिन अश्वनी की समझ में माजरा आ गया और उन्होंने शोर मचा दिया जिससे कॉलोनी वासी एकत्रित हो गए भीड़ को देखकर फर्जी अधिकारी मौके से कार में बैठकर भाग गए। एसएसपी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसपी सिटी ने इसके खुलासे के लिए कई पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीमों ने जांच में सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज देखी जिसके आधार पर उनको सुराग हाथ लगे। थाना गोविन्दनगर के प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुण्डीर के नेतृत्व में थाना गोविन्दनगर पुलिस टीम/स्वाट टीम/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में बीतीरात सैक्टर 31, फरीदाबाद जिला फरीदाबाद (हरियाणा) से घटना में शामिल जगदीप सिंह पुत्र स्व. निर्मल सिंह निवासी ग्राम नदाला थाना भोलथ जिला कपूरथला (पंजाब) हाल निवासी सि्प्रंग फील्ड कालौनी, सैक्टर 31, फरीदाबाद जिला फरीदाबाद (हरियाणा) को 01 मोबाइल फोन, दो फर्जी नम्बर प्लेट नं., फर्जी सर्च वारण्ट, 05 स्टीकर लाल रंग व घटना में प्रयुक्त एक गाड़ी सफेद रंग नम्बर सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध 15 मुकदमे दर्ज है। इसके फरार साथी आजकल में पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# श्रीराधाष्टमी पर्व पौराणिक मान्यताओं व शास्त्रीय मर्यादाओं के साथ मनाया गया



- घंटे, घड़ियाल, डोल, नगाड़े, मजीरे की मंगल ध्वनि के मध्य हुआ दिव्य पंचामृत अभिषेक

**मथुरा।** श्रीकृष्णा जन्मभूमि पर श्रीराधाष्टमी पर्व पौराणिक मान्यताओं एवं शास्त्रीय मयार्दाओं के साथ बुधवार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर घंटे, घड़ियाल, डोल, नगाड़े, मजीरे की मंगल ध्वनि के मध्य बुधवार प्रातः 9 बजे राधा स्वरूप धारण कर विराजमान भगवान श्रीकेशवदेवजी महाराज का दिव्य पंचामृत अभिषेक किया गया।

राधा स्वरूप में भगवान श्रीकेशवदेव के दर्शन श्रद्धालुओं की आनन्दित कर रहे थे। श्रीराधाजी और श्रीकृष्ण दोनों एक ही हैं, सन्त और वैष्णवों के ऐसे भाव के दर्शन आज श्रीराधा रूप में विराजमान भगवान श्रीकेशवदेव जी महाराज के दर्शन से ही रहे थे। बीकेशवदेवजी मंदिर से चाब (बधाई) सामग्री सुन्दर डलियों एवं बालों में सजाकर ब्रजवासी भक्तजन मंगल ध्वनि के मध्य उद्दाम नृत्य-गावर, संकीर्तन करते हुऐ भागवत भवन में पधारे। भागवत भवन में विराजमान प्रत्यक्ष रूप श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार के समक्ष दिव्य भजन और बधाई गायन बज की सुप्रसिद्ध भजन गायिका शालिनी शर्मा द्वारा किया गया। 11.30 बजे मंगल पाठों के मध्य भगवान श्रीराधाजी के प्रत्यक्ष स्वरूप का पुष्पार्चन किया गया। श्री किशोरी की प्राकट्य आरती हुई इसके पश्चात कमल पुष्प में चिराजित श्रीराधाजी के श्रीविग्रह अभिषेक स्थल पर पधारे। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी तथा मंदिर के पुजारियों के साथ श्रीराधाजी का अभिषेक किया। श्रद्धालुओं से खचाखच भरे भागवत भवन में पुष्प एवं मालाओं की बरसात हो रही थी। दिव्य श्रृंगार, पोशाक एवं भव्य पुष्प सज्जा के मध्य विसाजमान युगल- सरकार श्रीश्यामा श्याम जू की छवि प्रभू के साक्षात दर्शन का आभास भक्तों को करा रही थी। मंदिर प्रांगण में अद्धुद बधाई गायन के मध्य श्रद्धालुओं को बहुत बड़ी मात्रा में फल, मिलान, वस्त्र, खिलौने, पुष्प माला बधाई स्वरूप प्रदान की गयी। श्रीकिशोरी जी के स्वरूप एवं श्रद्धालुओं के भाव, अदभुत गायन को देखकर ऐसा लग रहा था कि श्रीबरसाना धाम और श्रीरावल धाम दोनों ही भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर उपस्थित हों। श्रीराधारानी के पवित्र अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने बृहद मात्रा में प्रसादी भण्डारे की व्यवस्था की।

## आगरा में वायरल के प्रकोप के कारण मरीजों की लंबी लाइन से डॉक्टरों के छूट रहे पसीने

**आगरा।** शहर में बुखार के मरीजों की संख्यादिन पर दिन बढ़ती जा रही है। हर उम्र के लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। मंगलवार को एसएन की ओपीडी में रिकॉर्ड 3500 मरीज आए, सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन की ओपीडी में 844 आए। इसमें भी वायरल के मरीजों की संख्या अधिक रही। डेंगू से पीड़ित दो महिला मरीज अस्पताल में भर्ती। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने अनुसार, शास्त्रीपुरम की रहने वाली 31 साल की महिला का एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। तेज बुखार आने पर जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। जबकि 20 साल की मधुनगर निवासी महिला को तेज बुखार आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। इस साल डेंगू के 20 मरीज और मलेरिया के 18 मरीज स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में दर्ज किए गए हैं।

## टूंडला स्टेशन से आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन तक दोहरी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण

**टूंडला।** रेलवे स्टेशन टूंडला से आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन के बीच यमुना नदी पर बनाए जा रहे रेलवे पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया इस पर बिछाई गई आगरा फोर्ट यमुना ब्रिज (2.11 किमी) के बीच दोहरी लाइन व आगरा फोर्ट यमुना ब्रिज के बीच आगरा फोर्ट स्टेशन पर रिले रूम, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का वैधानिक निरीक्षण पूर्वोत्तर परिक्षेत्र के रेल संरक्षा आयुक्त सीआरएस प्रणजीव सक्सेना ने किया। निरीक्षण के दौरान ट्रेक्शन, सिग्नल, ओएचई, ब्रिज, ट्रैक, ट्रैक पॉइंट्स आज सभी इंस्टॉलेशन तथा उनकी कार्य क्षमता का गहन परीक्षण किया गया है। नवनिर्मित रेलवे पुल पर 65 किलोमीटर रफ्तार से ट्रेन चलाये जाने का स्पीड ट्रायल भी किया गया। ट्रायल की रिपोर्ट के आधार पर नए पुल पर ट्रेनों का परिचालन शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि टूंडला रेलवे स्टेशन से राजस्थान जाने वाली रेल गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होगी तथा टूंडला से आगरा आने जाने में समय की बचत होगी। उन्होंने समयबद्ध कार्यकाल में यमुना नदी पर पुल निर्माण कराए जाने पर रेलवे के उच्च अधिकारियों को बधाई दी है।



# दुर्घटनाएं रोकने के लिए जागरूकता फैलायें : डीएम

- ब्लैक स्पॉटों की पहचान सुनिश्चित की जाये जिससे दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र की पहचान की जा सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके और जितने भी अवैध कट हो उन्हें तत्काल बंद किया जाये : डीएम

**फिरोजाबाद।** सड़क सुरक्षा समिति की तृतीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ब्लैक स्पॉटों की पहचान सुनिश्चित की जाए क्योंकि ब्लैक स्पॉट वह क्षेत्र है जो दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि केवल हाईवे पर ब्लैक स्पॉटों की पहचान नहीं की जाए, बल्कि जनपद के संपूर्ण भागों में ब्लैक स्पॉटों की पहचान की जाए जिससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उन लोकेशन की भी पहचान की जाए, जहां पर दुर्घटनाएं सबसे ज्यादा होती है साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जागरूकता हेतु विशेष प्रयास किए जाएं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, रेडियो के माध्यम से, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम इत्यादि के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा इस बात को प्रचारित प्रसारित किया जाए की वाहन चलाते समय किन-किन बातों का विशेष ध्यान रखेंगे। साथ ही जिलाधिकारी ने कुछ बातों पर विशेष बल देने की बात कही जैसे उन लोकेशन की पहचान करना जहां सबसे ज्यादा एक्सीडेंट होते हैं, हाईवे के दोनों और इंडिकेटर एवं साईनेज अवश्य लगे हो, हाईवे पर जेब्रा लाइन अवश्य बनी हो। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने इस बात पर विशेष बल दिया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के उपरांत पीड़ित पक्ष को तत्काल आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाए, उसमें किसी प्रकार का कोई विलंब ना हो। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने कहा कि हर नागरिक हेलमेट अवश्य लगाये, इस बात का ज्यादा से ज्यादा प्रचार किया जाए। साथ ही साथ अवैध कट जहां-जहां जनपद में है उन्हें तत्काल बंद किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि स्कूली बसों की फिटनेस शत प्रतिशत पाई गई है जो भी स्कूली वाहन इस दायरे में नहीं आते थे उन पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, यूपीआईडी के अधिकारी आदि सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रावल में दिखाई दी द्वापर युग की झलक, प्रकट हुईं वृषभान की लाली

**मथुरा।** यमुनापार स्थित रावल गांव में बुधवार भोर में श्रीराधारानी के प्राकट्योत्सव से आज पूरा ब्रज खुशी मना रहा है। श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति की प्राकट्यस्थली में आज द्वापर युग जैसा एहसास हुआ। चंहुओर खुशियों का दिखाई दे दी थी, मंदिर में भक्तों द्वारा संकीर्तन व बधाई गायन शाम तक चलता रहा।

तीर्थनगरी मथुरा के रावल में श्रीराधारानी के प्राकट्योत्सव की खुशी है। श्रद्धालु रात से ही टकटकी लगाए इस पल का इंतजार कर रहे थे। मंदिर के चारों तरफ भव्य नजारा दिखाई दिया। पूरा परिसर बिजली की रोशनी से जगमगा रहा था। राधा रानी के भक्त अपनी आराध्या की मनमोहक छवि के दर्शन के लिए उत्सुक रहे। उत्सव बुधवार सुबह 4 बजकर 30 मिनट पर हुई। इस समय मंदिर परिसर घंटों की झंकार व शंख ध्वनि से गूंज उठा। चारों ओर राधा रानी के जयकारे लगने लगे। सेवायत महंत व भक्तजनों ने राधा रानी की मंगला आरती की। इसके बाद अपनी आराध्या के दर्शन किए। बुधवार सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर सेवायत महंत राहुल कल्ला ने 101 किलो दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और यमुना जल द्वारा राधा रानी के श्री विग्रह का अभिषेक किया। मंदिर के सेवायत महंत राहुल कल्ला ने बताया पंचमुखी शंख से श्रीराधारानी का अभिषेक किया गया। हल्के पीले वस्त्र धारण कराए गए। (जो पंजाब में लुधियाना के कारीगरों द्वारा तैयार कराए गए थे) मंदिर में भक्तों द्वारा संकीर्तन व बधाई गायन हुआ। चंहुओर श्रीराधारानी का अवतरण की खुशियां हैं। अपनी आराध्या के एक झलक पाने को श्रद्धालु आतुर दिखे। इस पल का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्रद्धालु रात से ही भजन-कीर्तन कर रहे हैं। मंदिर, महल रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहे थे। मानों एक बार फिर द्वापर काल आ गया हो। पूरे नगर में श्रीराधारानी के अवतरण दिवस राधाष्टमी की खुशियां मनाई जा रही हैं।

# त्योहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

- आपसी भाईचारे और सौहार्द से आने वाले त्योहारों को मनायें : जिलाधिकारी



**फिरोजाबाद।** आगामी त्यौहारों बाराह वफात और गणेश विसर्जन को लेकर पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं के साथ-साथ एसएसपी सौरभ दिक्षित एवं सीएमओ डॉ रामबदन राम व एडीएम विशु राजा व सभी तहसीलों के एसडीएम वह क्षेत्राधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी शामिल हुए। आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से आयोजित किए जाने हेतु डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों से उनकी तैयारीयों के संबंध में जायजा लिया तथा सभी आए हुए धर्म गुरुओं से जिलाधिकारी ने अपील की कि आप सब आगामी त्यौहारों को सद्भावना, शांति और और प्रेम भाव से संपन्न कराने में अपना योगदान दें इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों और क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि इन त्योहारों में कितने लोगों को अनुमति देना है इसको सुनिश्चित कर लें खासकर इन त्योहारों में लगे वालंटियरो के पहचान पत्र अवश्य बनवा लें जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके और इन त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में इनकी मदद ली जा सके।

आयोजित पंडालो में डॉक्टरों की एक टीम आवश्यक मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने आगे कहा कि डीजे पर यूट्यूब के माध्यम से गानों को कनेक्ट ना होने दें, इन गानों को बजाने के लिए अलग से एक पेन ड्राइव रखें इस बात को भली भांति सुनिश्चित कर लें सोशल मीडिया पर भी इस दौरान नियंत्रण बना रहना चाहिए, कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की कोई ऐसी पोस्ट ना करें जो आपस में सामंजस्य को बिगाड़ता हो या आपसी भाईचारा बिगड़ता हो, जिलाधिकारी ने आए हुए धर्म गुरुओं की इस बात की प्रशंसा की की उन्होंने पूर्व में पूरा सहयोग दिया है और जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि आप सब आने वाले त्योहारों में भी इसी तरह का सहयोग देंगे जिलाधिकारी ने साथ ही यह भी कहा कि घाटों पर रेस्क्यू टीम और लोकल तैराक हमेशा तैयार रहे।

इस अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कहा कि शांति का संदेश देने की जिम्मेदारी आप पर है क्योंकि लोगों पर पकड़ आपकी ज्यादा है और आपकी बातों का प्रभाव भी उन पर ज्यादा पड़ेगा। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आयोजन में जल्दबाजी कदापि न करें, दोनों ही तरफ से अराजक तत्व विद्यमान है जो माहौल बिगड़ने का काम करते हैं इनकी पहचान हमें करना है ताकि इन आयोजनों को सफल बनाया जा सके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उत्प्रेरित करने वाले गाने कदापि न बजे आप सभी लोग सोशल मीडिया पर भी शांति की अपील करें कोई भी ऐसी सूचना जो शांतिपूर्ण माहौल को बिगड़ने का कार्य करती है इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें साथ ही साथ आप शांति बनाने हेतु और क्या कर सकते हैं इस पर ज्यादा से ज्यादा विचार करें। इस दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी आज उपस्थित रहे।

## लाडलीजी मंदिर में हुआ राधारानी का जन्माभिषेक



**मथुरा।** वृषभानु की दुलारी और भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादिनी शक्ति राधारानी का जन्मोत्सव पूरे ब्रजमण्डल में धूमधाम से मनाया जा रहा है। बरसाना में मंगलवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। देर रात भारी संख्या में भक्त मंदिर प्रांगण में मौजूद थे। बुधवार भोर में राधारानी का पंचामृत अभिषेक किया गया जिसा साक्षी बनने के लिये भक्त बेसबरी से इंतजार कर रहे थे। राधाष्टमी पर ब्रजमण्डल का सबसे बड़ा आयोजन बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर में किया गया। मंदिर को आकर्षक और रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया था। यहां आने वाले रास्तों पर बने द्वार और सजावट लोगों का मन मोह रही थी। ऐसा लग रहा है मानो बरसाने में आज जगत उमड़ आया हो। तड़के तीन बजे श्रीजी मंदिर के गर्भ गृह में मूल शांति पाठ-पूजा की गयी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार राधारानी का जन्म मूल नक्षत्र में हुआ था, इसी के चलते करीब एक घंट तक राधारानी के मूल शांत किये गये। इसके बाद राधारानी के श्रीविग्रह को मंदिर के जगमोहन में लाया गया। यहां विग्रह को चांदी की चैकी और रजत पात्र में विराजमान कर सेवायतों ने मूल शांति के लिए 27 कुओं का जल, 27 पेड़ों की पत्ती, 27 तरह की औषधियों, 27 मेवा और 27 ब्राह्मण, सोने चांदी की मूल मूलनी और कांस्य के बने तेल के छाया पात्र के साथ हवन किया। ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजते ही घंटे घड़ियाल बजने लगे। 11 क्विंटल पंचामृत अभिषेक से राधारानी का अभिषेक किया। दूध, दही, शहद, घी, शक्कर से राधारानी के श्रीविग्रह का अभिषेक किया गया। देश-विदेश से आए लाखों भक्तों ने महाभिषेक के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किए। पूरा मंदिर परिसर राधे राधे की जयकारों से गूंज रहा था। राधारानी के जन्म की खुशी में भक्त मंदिर परिसर में ही भजनों पर झूम रहे थे। अभिषेक के बाद सुबह 5:30 बजे वृषभानु दुलारी राधारानी को पीले रंग की पोशाक धारण कराई गई। सेवायतों ने युगल स्वरूप की आरती उतारी। सुबह करीब आठ बजे राधारानी ने शीश महल से भक्तों को दर्शन दिए।

# सेंसेक्स में 398 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में दो दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 400 अंक लुढ़क गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी में बिकवाली दबाव से बाजार नीचे आया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.13 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,523.16 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान उच्चतम स्तर 82,134.95 अंक तक गया। हालांकि, कारोबार समाप्ति से पहले बिकवाली दबाव आया और सूचकांक 498.15 अंक नीचे आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 122.65 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,918.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में टाटा मोटर्स को सबसे ज्यादा करीब छह प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय स्टेट बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और टाइटन प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। चीनी अर्थव्यवस्था में नरमी से बाजार धारणा सतर्क बनी हुई है। निवेशकों को अमेरिका में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और घरेलू मुद्रास्फीति आंकड़े जारी होने का इंतजार है। छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.57 प्रतिशत नीचे आया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित सूचकांक बीएसई मिडकैप 0.52 प्रतिशत नीचे आया। बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है और इसमें करीब आधा प्रतिशत की गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को लाभ में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,208.23 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 70.22 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# हरित परियोजनाओं में निवेश के लिए भारत व जर्मनी मंच की अगले सप्ताह शुरुआत: जोशी

नयी दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बुधवार को कहा कि दुनिया भर में हरित परियोजनाओं में निवेश के लिए अगले सप्ताह भारत-जर्मनी मंच का उद्घाटन किया जाएगा। जोशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले सप्ताह होने वाले ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो 2024 में इस मंच की शुरुआत की जाएगी। हालांकि उन्होंने मंच के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।



यह मंच वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिहाज से महत्वपूर्ण है। भारत पहले ही देश में 200 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ चुका है। जोशी ने कहा कि वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का ने लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो में जर्मनी, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया और नॉर्वे भागीदार देश के तौर पर शामिल हो रहे हैं। जोशी ने कहा कि हमें ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी, नॉर्वे, सिंगापुर, हांगकांग, अमेरिका, ब्रिटेन, बेल्जियम, यूरोपीय संघ, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कई अन्य देशों से प्रतिनिधिमंडलों के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इन प्रतिनिधिमंडलों में नीति निर्माता, उद्योग, वित्तीय संस्थान आदि शामिल होंगे। वहीं जर्मनी और डेनमार्क के प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व उनके मंत्री करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 सितंबर को इस आयोजन का उद्घाटन करेंगे। समापन सत्र की अध्यक्षता उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, दिल्ली और अरुणाचल प्रदेश जैसे कई राज्य इसमें शिरकत कर रहे हैं। सम्मेलन में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्री शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार यह कार्यक्रम दिल्ली के बाहर आयोजित किया जा रहा है और 28 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाले राज्य गुजरात से बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता है।

## संक्षेप

### सोना 500 रुपये बढ़कर 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों से सोने की कीमतों को बल मिला। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ ही पिछले दो दिन में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी बुधवार को 500 रुपये बढ़कर 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 500 रुपये की तेजी के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम से 74,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ओर से खरीदारी बढ़ने से बाजार में धारणा मजबूत हुई, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना 0.31 प्रतिशत बढ़कर 2,550.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है।

### रुपया 83.98 प्रति डॉलर पर स्थिर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद 83.98 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर सपाट बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों के निचले स्तर और कमजोर अमेरिकी डॉलर से मिल रहा समर्थन घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण बेअसर हो गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों जैसे परिसंपत्ति वर्गों में महत्वपूर्ण सुधार ने रुपये को समर्थन दिया, जबकि घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुझान और वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताओं ने इसके लाभ को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में खुला। डॉलर के मुकाबले रुपया 83.97 पर खुला और कारोबार के दौरान 83.93 के उच्चतम और 83.98 के निम्नतम स्तर पर जाने के बाद अंत में 83.98 (अस्थायी) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

### मीशो की फोरकास्ट 2024 रिपोर्ट जारी

बैंगलुरू। मीशो ने आज अपनी ईकॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट 2024 रिपोर्ट जारी की। ग्राहक शॉपिंग करने की क्या योजना बना रहे हैं। यह विस्तृत रिपोर्ट त्योहारों पर ऑनलाईन शॉपर्स की विकसित होती हुई पसंद का अनुमान देती है। इन त्योहारों पर ई-कॉमर्स विक्रेता अपने ऑपरेशंस बढ़ाने की क्या रणनीति बना रहे हैं, इस रिपोर्ट में इस बारे में भी बताया गया है। त्योहारों से पहले मीशो की ई-कॉमर्स फेस्टिव फोरकास्ट 2024 रिपोर्ट में ग्राहकों और विक्रेताओं के बदलते परिदृश्य का खुलासा हुआ है। एक तरफ, ज्यादातर ग्राहक ऑनलाईन खरीदी का बजट बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया भी शॉपिंग को प्रभावित कर रहा है- हमारे आधे यूजर्स उत्पादों की सिफारिश के लिए इन्फ्लुएंसर्स पर भरोसा करते हैं, जिससे खरीद के निर्णय को प्रभावित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है। हमारे विक्रेता, जो ई-कॉमर्स में नए हैं, उनके लिए इनोवेशन बहुत आवश्यक है।

### नंदन डेनिम की आय में सालाना 30 फीसद की वृद्धि

नई दिल्ली। नंदन डेनिम लिमिटेड डेनिम इंडस्ट्री में एक है। जैसा कि इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री एक अभूतपूर्व बढ़त के लिए तैयारी कर रहा है, टेक्सटाइल कंपनियां इस रिमार्केबल ग्रोथ द्वारा प्रस्तुत अवसरों का दोहन करने के लिए रणनीतिक रूप से तैनात हैं। नंदन डेनिम ने 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपनी आय की घोषणा की। फाइनेंशियल ईयर 25 की पहली तिमाही के लिए, कंपनी ने ऑपरेशनल रेवेन्यू से 721.62 करोड़ रुपये रिपोर्ट किए, यह सालाना 30 फीसद की वृद्धि है। हाल के उद्योग अनुमानों से पता चलता है कि भारत से टेक्सटाइल एक्सपोर्ट वित्त वर्ष 2026 तक 65 अरब डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है, जबकि डोमेस्टिक मार्केट में 2030 तक इसके 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह आशावादी दृष्टिकोण इस क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी विकास की अवधि का संकेत देता है, जो इंडस्ट्री के ऐसे खिलाड़ी जो इनोवेशन और विस्तार के लिए तैयार हैं के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं पेश करता है।

# रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों को मिलेगी सैद्धांतिक प्रोन्नति

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रिटायर्ड चिकित्साधिकारियों के प्रोन्नतिसे सम्बंधित याचिकाओं पर निर्णय सुनाते हुए, राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह याचीचिकित्साधिकारियों को सैद्धांतिक

**हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया आदेश**

प्रोन्नति (नोशनल प्रमोशन) देते हुए, उनके वेतन कोदोबारा निर्धारित कर, वेतन बकाए का भुगतान करें। न्यायालय ने कहा है कि यह कार्यवाहीतीन माह में पूर्ण कर ली जाए। साथ ही इसी क्रम में याचियों को पेंशन, रिटायरल ड्यूजव ग्रेच्युटी उपलब्ध कराई जाए। न्यायालय ने चेतावनी भी दी है कि यह कार्यवाही यदि तीनमाह में नहीं पूर्ण की जाते है तो याचियों को छह प्रतिशत ब्याज की दर से भुगतान करनाहोगा। यह आदेशन्यायमूर्ति इरशाद अली की एकल पीठ ने डॉ. विनोड चंद्र जैन व अन्य, डॉ. फरीद इकबाल जुबेरीव अन्य तथा डॉ. महेश कुमार गुप्ता व अन्य की ओर से वर्ष 2019 व 2020 में दाखिल याचिकाओंपर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। याचियों ने शीर्ष अदालत द्वारा डॉ. चंद्र प्रकाशमामले में 4 दिसम्बर 2002 को दिये गए फैसले के आलोक में नोशनल प्रमोशन दिये जाने कीमांग की थी।

# दुनियाभर में 6जी सेवा पेटेंट में भारत की नजर 10 प्रतिशत हिस्सेदारी पर : सिंधिया

नयी दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सबसे तेज 5जी सेवा लाने के बाद भारत छठी पीढ़ी की मोबाइल सेवाओं में दुनियाभर में हुए पेटेंट का 10वां हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है।

वह यहां एआईएमए राष्ट्रीय प्रबंध सम्मेलन के 51वें संस्करण में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। सिंधिया ने कहा कि जहां हमारे पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी नेटवर्क है, 22 महीनों में 4.5 लाख 4जी टावर का निर्माण किया गया है, बीएसएनएल के लिए अपनी खुद की 4जी तकनीक का निर्माण किया गया है, हम भारत 6जी अलायंस को स्थापित कर 6जी की ओर भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आने वाले दिनों में इस भारत 6जी अलायंस के माध्यम से 6जी में भारत के लिए 10 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पेटेंट सुनिश्चित करना है। मंत्री ने कहा कि वैश्विक आर्थिक और सामाजिक उथल-पुथल के बीच भारत आशा और स्थिरता की किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि वह (भारत) आज विश्व मंच पर उभर रहा है। अब वह संघर्षरत अर्थव्यवस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो आगे बढ़ रही है। सिंधिया ने कहा कि यह तथ्य इसका प्रमाण है कि



भारत आज दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने अस्तित्व में पहली बार अपना स्वयं का 4जी प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित किया है, जिसे अगले वर्ष के मध्य तक स्थापित दिया जायेगा। सिंधिया ने कहा कि न केवल प्रौद्योगिकी को लागू करना महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वदेशी प्रौद्योगिकी को डिजाइन और विकसित करना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमने अपने लिए तीन लक्ष्य तय किए हैं। पहला लक्ष्य परिपूर्णता सुनिश्चित करना है...हमारे देश के हर हिस्से को डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़ना चाहिए। हर व्यक्ति को डिजिटल क्रांति के माध्यम से हर अवसर का लाभ उठाने में सक्षम होना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि भारत ने देशभर में करीब साढ़े चार लाख टावर लगाए हैं। सरकार ने करीब 20,000 और टावर लगाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है और इस पहल के लिए 44,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2024-25 के मध्य तक हम अपने देश में 100 प्रतिशत परिपूर्णता का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने कहा कि तीसरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में भविष्य उन्मुख प्रौद्योगिकी हो, हमारे लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाना महत्वपूर्ण है, लेकिन हमारे लिए नई प्रौद्योगिकी के उत्पादन की अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल करना भी जरूरी है। सिंधिया ने पोस्ट ऑफिस अधिनियम और नए दूरसंचार अधिनियम के बारे में भी बात की और परिवर्तनकारी बदलाव का वादा किया। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से वादा करता हूं कि इस साल दिसंबर तक दोनों विभागों द्वारा एक बहुत ही पारदर्शी, दूरदर्शी नियम प्रणाली लागू की जायेगी जिससे हमारे क्षेत्र में एक नया बदलाव आएगा।

# डीआरआई के पास आयातित उत्पादों पर शुल्क वसूलने का अधिकार

नयी दिल्ली। सीमा शुल्क विभाग ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों को सीमा शुल्क अधिनियम के तहत आयात के लिए मंजूरी दी जा चुकी वस्तुओं पर शुल्क वसूली की मांग करने का भी अधिकार है।

सीमा शुल्क विभाग ने डीआरआई अधिकारियों की शक्ति पर उच्चतम न्यायालय के 2021 में आए फैसले की समीक्षा के लिए दायर याचिका पर जारी सुनवाई के दौरान यह बात कही। मार्च, 2021 के अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि डीआरआई अधिकारियों को सीमा शुल्क विभाग द्वारा आयात के लिए पहले से ही मंजूरी दी जा चुकी वस्तुओं पर शुल्क वसूल करने का कोई अधिकार नहीं है। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एस ए







बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने यह फैसला सुनाया था। उस पीठ ने कहा था कि डीआरआई अधिकारी सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत उचित अधिकारी नहीं है और उनके पास सीमा शुल्क विभाग द्वारा आयात के लिए पहले से मंजूरी दिए जा चुके माल पर शुल्क वसूली की मांग करने का अधिकार नहीं है। इस फैसले के खिलाफ दायर अपील पर उच्चतम न्यायालय ने 19 मई, 2022 को सीमा शुल्क विभाग की समीक्षा याचिका पर खुली अदालत में सुनवाई पर सहमति जताई थी। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने समीक्षा याचिका पर मंगलवार को सुनवाई शुरू की थी। सीमा शुल्क विभाग की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमन ने कहा कि इस फैसले में रिकॉर्ड के आधार पर छह स्पष्ट त्रुटियां हैं जो डीआरआई अधिकारी को सीमा शुल्क अधिकारी न मानने के निष्कर्ष तक पहुंचने से जुड़े प्रावधानों को इंगित करने में नाकाम रही हैं। एक डीआरआई अधिकारी आज के समय में सीमा शुल्क अधिकारी हो सकता है। वर्ष 1977 के बाद से सीमा शुल्क विभाग और डीआरआई दोनों वित्त मंत्रालय का हिस्सा रहे हैं और उनके अधिकारी कानून के तहत अधिकारियों का एक वर्ग बनाते हैं। वेंकटरमन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह फैसला एक गलत धारणा पर आगे बढ़ता है कि एक डीआरआई अधिकारी सीमा शुल्क अधिनियम के तहत उचित अधिकारी नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार के एक अलग विभाग का अधिकारी है।

# निर्यात और आयात से जुड़ी हर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए व्यापार पोर्टल पेश

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को निर्यात और आयात से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी देने के लिए व्यापार पोर्टल शुरू किया। इस कदम से सभी उद्यमियों को मदद मिलेगी।



ट्रेड कनेक्ट ई-प्लेटफॉर्म को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत निर्यात-आयात बैंक, टीसीएस, वित्तीय सेवा विभाग और विदेश मंत्रालय के सहयोग से तैयार किया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पोर्टल पेश करते हुए कहा कि यह मंच सीमा शुल्क, नियमों समेत सभी प्रकार की सूचनाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराएगा। पोर्टल निर्यातकों को व्यापक समर्थन और संसाधन प्रदान कर सूचना की कमी की समस्या को दूर करने का काम करेगा। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि यह निर्यातकों को तत्काल समय पर महत्वपूर्ण व्यापार-संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएगा। साथ ही उन्हें विदेश में भारतीय दूतावास, वाणिज्य विभाग, निर्यात संवर्धन परिषद जैसी प्रमुख सरकारी संस्थाओं और विशेषज्ञों से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह मंच निर्यातकों को निर्यात के हर चरण में सहायता करने के लिए तैयार किया गया है। यह मंच छह लाख से अधिक आईईसी (आयात-निर्यात कोड) धारकों, 180 से अधिक भारतीय दूतावास के अधिकारियों, 600 से अधिक निर्यात संवर्धन परिषद के अधिकारियों के अलावा डीजीएफटी, वाणिज्य विभाग और बैंकों के अधिकारियों को जोड़ेगा। गोयल ने कहा कि पोर्टल को नियमित रूप से अद्यतन किया जाएगा और संबंधित पक्षों की प्रतिक्रिया के आधार पर 2025 में इसका दूसरा संस्करण पेश करने में मदद मिलेगी।

## पेज एक का शेष

### मलाइका अरोड़ा

कहा कि पुलिस ने वारदात की जानकारी जुटाने के लिए इमारत के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। पुलिस के मुताबिक एक अस्पताल में मेहता का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इस बीच एक सूत्र ने कहा यह सच है कि मलाइका के सौतेले पिता की आज सुबह मृत्यु हो गई। उन्होंने आत्महत्या नहीं की है, यह एक हादसा था। सब सदमे में हैं क्योंकि उन्हें कोई बीमारी नहीं थी या ऐसी कोई बात नहीं थी। सूत्र ने कहा, हम पुलिस का पंचनामा मिलने पर आपको भेज देंगे। उसमें इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की सही जानकारी होगी।

### सेमीकॉन-2024

सख्त कदमों ने उस देश से आयात पर निर्भर उद्योगों और क्षेत्रों को खासा प्रभावित किया था। इससे भारत में भी सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत पैदा हो गई थी जो सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा आपूर्ति श्रृंखला का जुझारूपन या मजबूती बेहद महत्वपूर्ण है। भारत अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में अपनी सुधारोन्मुख सरकार, स्थिर नीतियों और उस बाजार का भी उल्लेख किया जिसने सेमीकंडक्टर विनिर्माण में निवेश के लिए मजबूत आधार तैयार करने को प्रौद्योगिकी का सहारा लिया है। उन्होंने सेमीकंडक्टर उद्योग के हितधारकों से कहा यह भारत में मौजूद होने का सही समय है। आप सही समय पर सही जगह मौजूद हैं। आज का भारत दुनिया को यह भरोसा देता है कि जब हालात ठीक न हों तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं। उन्होंने कहा हमारा सपना है कि दुनिया के हर उपकरण में भारत में बनी चिप लगी हो। हम भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महाशक्ति बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एक सुधारवादी सरकार, बढ़ता विनिर्माण आधार और प्रौद्योगिकी का रुख करने वाले आकांक्षी बाजार देश में चिप विनिर्माण के लिए थ्री-डी पावर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश पहले ही हो चुका है और कई परियोजनाएं अभी मंजूरी एवं प्रस्ताव के स्तर पर हैं। भारत ने चिप निर्माताओं और उनके आपूर्तिकर्ताओं को लुभाने और मौजूदा जरूरतें पूरा करने और ताइवान जैसे देशों पर आयात निर्भरता कम करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का कार्यक्रम बनाया है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश घोषित हुआ है और प्रतिदिन लगभग सात करोड़ चिप के उत्पादन की योजना है।

### यूपी, कंज्यूमर

हैं। उत्तर प्रदेश पहले से ही वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन इंजीनियर्स के हब के रूप में स्थापित हो रहा है। एआरएम, क्वैलकॉम, एनएक्सपी, सिनॉप्सिस, कैडेन्स तथा मीडियाटेक जैसी प्रमुख कम्पनियां प्रदेश में स्थापित हैं। यह उत्तर प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा का लाभ उठाने तथा सेमीकंडक्टर डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग में इनोवेशन को बढ़ावा देने में अपना सहयोग प्रदान कर रही हैं। इसे देखते हुए प्रदेश में आईटी इंडस्ट्री को उद्योग का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। इससे प्राधिकरणों के अधीन औद्योगिक भूमि को सस्ती दरों पर आईटी कम्पनियों को दिया जा सकेगा तथा 150 किलोवॉट की सभी आईटी कम्पनियों को औद्योगिक दरों पर विद्युत आपूर्ति भी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड-19 से लगातार प्रभावित रहा। एक ओर कोविड-19 का दुष्प्रभाव और दूसरी ओर वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव से ग्लोबल सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ा था। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री भी इससे प्रभावित हुई थी। उस समय ऑटोमोबाइल, मेडिकल इक्विपमेंट या इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से जुड़े सभी क्षेत्र इससे प्रभावित हुए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब दुनिया कोविड-19 से लड़ ही रही थी, उस समय भारत ने अपने विजनरी नेतृत्व में कोविड-19 का सफलतम प्रबन्धन किया। साथ ही, भारत ने सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग ईको-सिस्टम के विकास के लिए नोटिफिकेशन जारी करते हुए इस कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया। यह देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और विजनरी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने भी आईटी सेक्टर, सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर एवं इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष ध्यान देने और इस दिशा में कुछ नए प्रयास प्रारम्भ किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश ने लगातार टॉप अचीवर स्टेट का दर्जा हासिल किया है। वर्तमान में प्रदेश में सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, आईटी/आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिफेन्स एंड एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक व्हीकलं वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स, एमएसएमई, टेक्सटाइल और टूरिज्म आदि से सम्बन्धित 27 सेक्टोरल पॉलिसीज लागू हैं। फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कम्पनियों के लिए भी उत्तर प्रदेश की एक समर्पित नीति है।

### अवैध धर्मांतरण

पहले हिंदू था लेकिन उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने में सक्रिय हो गया। उन्होंने उमर के हवाले से बताया था कि उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से शादी कराई है। यह अभियान जामिया नगर में स्थित इस्लामिक दावा सेंटर नामक संस्था के जरिये चलाया जा रहा था।

### प्रदेश में 17

के पद पर भेजा गया है। आईपीएस अंकिता शर्मा को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस चंद्रकांत मीना को पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस साद मिया खां को पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस सूरज कुमार राय को पुलिस कमिश्नरेट आगरा में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। आईपीएस सैय्यद अली अब्बास को भी पुलिस कमिश्नरेट आगरा में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। आईपीएस मनीष कुमार शांडिल्य को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में सेनानायक के पद पर भेजा गया है। आईपीएस राहुल भाटी को यूपीएसएसएफ लखनऊ में सेनानायक के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस अनिल कुमार यादव को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में पुलिस उपायुक्त के पद पर भेजा गया है। आईपीएस अभिषेक भारती को पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस संदीप कुमार मीना को पुलिस अधीक्षक, रेलवे गोरखपुर बनाया गया है। आईपीएस संतोष कुमार मीना को 2वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में सेनानायक के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस लखन सिंह यादव को पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर का पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

आईपीएस ओम प्रकाश यादव को पीटीसी कानपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस दयाराम को सीबीसीआईडी लखनऊ का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

### ट्रेन पटरी से

बोतल और माचिस की डिब्बियां भी मिलीं, जो गड़बड़ की ओर इशारा कर रही थीं। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की।

पुलिस के एक अधिकारी ने यहां कहा कि सोमवार की रात दो स्थानीय हिस्ट्रीशीटर अपराधियों समेत लगभग आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मंगलवार को पुलिस ने एक परिवार के तीन सदस्यों समेत दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें मुख्य रूप से आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग शामिल हैं। पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में लिया है, जो हाल ही में पश्चिम बंगाल से कानपुर आया था। घटनास्थल का दौरा करने वाले अतिरिक्त महानिदेशक (रेलवे) प्रकाश डी. ने दावा किया कि पुलिस को मामले में एक सफलता मिली है। मामले की गुत्थी जल्द ही सुलझने की संभावना है। एडीजी ने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), गुप्तचर ब्यूरो (आईबी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), राज्य खुफिया और कानपुर पुलिस द्वारा गठित टीम की विशेष जांच समेत कई राज्य और केंद्रीय एजेंसियां मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी हैं। हमने कुछ महत्वपूर्ण सबूत और सुराग जुटाए हैं जिनसे एजेंसियों को रहस्य सुलझाने में मदद मिलने की संभावना है।

### आर्केस्ट्रा डांसर

पीड़ितों का सोमवार रात रामकोला थानाक्षेत्र अंतर्गत एक घर पर पिस्तौल दिखाकर अपहरण कर लिया गया था। कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि अपराधी दो एसयूवी में आए और लगातार गोलीबारी के बीच लड़कियों को कप्तानगंज इलाके में एक आरोपी अजीत सिंह के घर ले गए, जहां कथित तौर पर उसने सामूहिक बलात्कार किया गया। आरोपियों की पहचान नागेंद्र यादव, अश्वन सिंह, कृष्ण तिवारी, अर्थक सिंह, अजीत सिंह और डॉ. विवेक सेठ के रूप में हुई है, जिन्हें सोमवार रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दो अन्य आरोपियों निसार अंसारी और आदित्य साहनी को मंगलवार शाम मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से अवैध आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद समेत बड़ी मात्रा में हथियार और वाहन जब्त किए गए हैं।

### लखीमपुर खीरी

एक नौकरी, आवास एवं बाघ को पकड़ने की मांग की है। विधायक अमन गिरि, विपिन मिश्रा, किसान यूनियन के नेता दिल बाग सिंह संधू, एसडीम बिनोद कुमार गुप्ता, सीओ, एसओ हैदराबाद दीपक तिवारी, चौकी इंचार्ज अजान जेपी यादव, वन विभाग की टीम मौजूद रही। इस इलाके के ग्राम इमलिया अजान में 16 दिन पहले बाघ ने इमलिया निवासी अमरीश को गन्ने के खेत में मौत के घाट उतार दिया था। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने तब भी रोड जाम किया था। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना न घटना को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को बाघ के पकड़ने के निर्देश दिए थे। आदेश के बाद बाघ को पकड़ने के लिए ट्रेंकुलाइज टीम इलाके में एक्सपर्ट डा दक्ष गंगवार के साथ कई दिनों से काम कर रही है। बुधवार को मूड़ा अस्सी में हमला करने बाला बाघ वही माना जा रहा है। महेशपुर रेंज के गांवों में अब तक बाघ हमलों में 17 लोगों की मौतें हो चुकी हैं और तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। डिप्टी रेंजर राम नरेश वर्मा ने बताया कि जांच के बाद पता चलेगा कि हमलावर बाघ कौन सा है। मौके निगरानी टाइम लगाई गई है।

### 10,900 करोड़

के तहत बीमा कवर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत करीब 4.5 करोड़ परिवारों को कवर किया जाएगा। जिनमें छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल और उससे ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों नया कार्ड जारी करेगी। योजना के तहत, जिन वरिष्ठ नागरिकों की उम्र 70 साल या उससे अधिक है और जो पहले से ही योजना के तहत कवर किए गए परिवारों से हैं, उन्हें प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का अतिरिक्त बीमा कवर मिलेगा। यह अतिरिक्त बीमा कवर 70 साल से कम आयु के नागरिकों पर लागू नहीं होगा।

# राहुल गांधी ने पहुंचाई भारतीय गरिमा को ठेस

## रक्ष मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका में दिए गये राहुल के बयान को किया खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका में दिए गए बयानों के लिए बुधवार को राहुल गांधी की आलोचना की और कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि नेता प्रतिपक्ष अपने विदेश दौरों पर भ्रामक, बेबुनियाद और तथ्यहीन बयान देकर भारत की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में भारत-चीन सीमा मुद्दे पर राहुल गांधी के दावों को भी खारिज कर दिया और कहा कि जिस तरह के दावे उन्होंने अमेरिका की धरती पर किए हैं, वे भ्रामक और तथ्यों से परे हैं।

वाशिंगटन में प्रतिष्ठित नेशनल प्रेस क्लब में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी ने पाकिस्तान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का समर्थन किया, लेकिन चीन के मुद्दे से निपटने के उनके तौर तरीकों की उन्होंने आलोचना की। जब राहुल से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका-चीन स्पर्धा को सही तरह से संभाला है तो कांग्रेस नेता ने कहा, देखिए, अगर आप हमारे 4,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में चीनी सैनिकों की मौजूदगी को चीजों को अच्छी तरह से संभालना कहते हैं, तो हो सकता है। उन्होंने कहा, चीनी सैनिकों ने लद्दाख में दिल्ली के क्षेत्रफल जितनी जमीन पर कब्जा कर लिया है। मुझे लगता है कि यह अनर्थ है। मीडिया इसके बारे में लिखना नहीं चाहता है। राहुल के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए राजनाथ ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वो बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। सिंह ने कहा, उन्होंने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरुद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति की रक्षा करने में सिख समाज की जो बड़ी भूमिका रही है, उसे पूरा देश मानता है और उनका सम्मान करता है। सिंह ने कहा कि उनके बारे में इस तरह की मनगढ़न्त बातें करना, विपक्ष के नेता को शोभा नहीं देता।




उन्होंने कहा, इसी तरह भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर भी जिस तरह के दावे उन्होंने अमेरिका की धरती पर किए हैं, वे भी भ्रामक और तथ्यों से परे हैं। लगता है कि मुहब्बत की दुकान चलाते- चलाते राहुलजी झूठ की दुकान खोल कर बैठ गये हैं। इस तरह की गलतबयानी से राहुलजी को परहेज करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह दावा एकदम निराधार है कि राजग सरकार आरक्षण को समाप्त कर देना चाहती है। सिंह ने कहा, हमारे प्रधानमंत्रीजी ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के कल्याण और विकास के लिए आरक्षण की व्यवस्था को मजबूत किया है।

# जर्मनी की संसदीय समिति के अध्यक्ष से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा : जयशंकर



बर्लिन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जर्मनी के संसद में विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल रोथ से मुलाकात की और मौजूदा वैश्विक चुनौतियों तथा नए द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। जयशंकर तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में जर्मनी में हैं। वह भारत-खाड़ी सहयोग परिषद मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद सऊदी अरब से यहां पहुंचे हैं।

जयशंकर ने मंगलवार को बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सांसद और विदेश मामलों पर एक समिति के अध्यक्ष माइकल रोथ से मिलकर प्रसन्नता हुई। वर्तमान वैश्विक चुनौतियों तथा भारत और जर्मनी के बीच नए सहयोग की संभावनाओं पर विचार साझा किए। उन्होंने मंगलवार को बर्लिन में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन द्वारा आयोजित विदेशी मामलों एवं सुरक्षा नीति विशेषज्ञों से बातचीत भी की। जयशंकर ने कहा, बदलती वैश्विक व्यवस्था, सुरक्षा चुनौतियों और भारत तथा जर्मनी के बीच रणनीतिक समानता पर विचार विमर्श किया गया। जयशंकर ने जर्मनी की संसद के सदस्यों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, समकालीन वैश्विक मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि की सराहना करता हूं। भारत-जर्मनी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए उनके समर्थन को महत्व देता हूं।

संक्षेप

## पाकिस्तान में 5.7 तीव्रता का भूकंप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कुछ हिस्सों में बुधवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। देश के मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। जियो न्यूज ने पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से कहा कि भूकंप का केंद्र पंजाब प्रांत के दक्षिण पश्चिम में डेरा गाजी खान क्षेत्र के पास 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप से जान माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि पाकिस्तान के समयानुसार दोपहर 12.28 बजे भूकंप का झटका आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई। पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों के अनेक इलाकों में और देश की राजधानी इस्लामाबाद में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बीच, भारत में भूकंप के झटके दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में महसूस किए गए। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने भूकंप की तीव्रता 5.8 बताई। डॉन अखबार ने मौसम विभाग के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि पंजाब प्रांत के अधिकारी भूकंप के झटकों से निपटने के लिए सतर्कता बरत रहे हैं। इसमें कहा गया है कि प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नियंत्रण कक्ष सहित पंजाब के जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24 घंटे अलर्ट पर हैं।

# अदालतों ने यौन अपराधों के 90 प्रतिशत मामलों का किया निपटारा

एजेंसी

नयी दिल्ली। यौन अपराधों से संबंधित मामलों की सुनवाई प्रक्रिया में तेजी लाने वाली विशेष त्वरित अदालतों ने 2022 में 83 प्रतिशत और 2023 में 94 प्रतिशत मामलों का निपटारा किया, जबकि अन्य सभी भारतीय अदालतों में निपटान दर केवल 10 प्रतिशत देखी गई। एक नयी रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

बाल अधिकारों के लिए काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की हालिया रिपोर्ट फास्ट ट्रैकिंग जस्टिस : रोल ऑफ फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट्स इन रिड्यूसिंग केस बैकलॉग में इन न्यायालयों की असाधारण कार्यकुशलता पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जबकि सभी भारतीय न्यायालयों में 2022 में बलात्कार और पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) मामलों में केवल 10 प्रतिशत निपटान दर देखी गई, वहीं विशेष त्वरित अदालतों ने 83 प्रतिशत की प्रभावशाली दर हासिल की, जो 2023 में और बेहतर होकर 94 प्रतिशत हो गई।

# आरक्षण विरोधी है कांग्रेस : अमित शाह

## राहुल गांधी की टिप्पणी ने खोली कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे की पोल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आरक्षण संबंधी टिप्पणी ने कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे की पोल खोल दी है और राष्ट्र विरोधी बयान देना विपक्षी नेता तथा उनकी पार्टी की आदत बन गई है। शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते यह भी कहा कि जब तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है, कोई भी आरक्षण खत्म नहीं कर सकता और न ही देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर सकता है। राहुल गांधी अभी अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।

इस दौरान उन्होंने जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी और वर्जीनिया के उपनगर हर्नडॉन सहित कई अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित किया और भारत में लोकतंत्र तथा चुनाव सहित कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखा। भाजपा के नेता



उनकी टिप्पणियों को भारत विरोधी बता रहे हैं और उन पर पिछले कुछ दिनों से हमले कर रहे हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को वाशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया है।

# भारत में पिछले 10 वर्षों में लोकतंत्र को बहुत नुकसान

एजेंसी

वाशिंगटन। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन अब लोकतंत्र फिर से पटरी पर लौट रहा है। गांधी ने मंगलवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। गांधी ने कहा, मैं आपको यह बता सकता हूं कि पिछले वर्षों में भारतीय लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया गया, अब वह फिर से पटरी पर लौटने की कोशिश कर रहा है लेकिन उसे नुकसान पहुंचाया गया था।

गांधी ने कहा, मैंने देखा है कि किस तरह महाराष्ट्र में हमारी सरकार हमसे छीन ली गई। मैंने ये सब खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने देखा है कि कैसे हमारे विधायकों को खरीद लिया गया और उन्हें फंसा दिया गया और वे अचानक भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के विधायक बन गए। तो इस प्रकार भारतीय लोकतंत्र खतरे में रहा है, इसे बुरी तरह से कमजोर किया गया और अब वह फिर से पटरी पर लौट रहा है। मुझे भरोसा है कि यह फिर से मजबूत होगा। उन्होंने प्रश्नात्मक लहजे में कहा, अगर आप चुनाव के नतीजों को देखें तो क्या यह आपको भारत में लोकतंत्र के लिहाज से अधिक आशान्वित करता है? उन्होंने कहा, मेरा मतलब है कि उम्मीद तो है लेकिन इतना भर कहना



काफी नहीं है कि भारतीय मतदाता अपने विचार बदलते रहते हैं और ज्ञानवान हैं। भारतीय मतदाता एक पूरी ढांचागत प्रक्रिया के तहत सूचना प्राप्त करता है। तो अगर हमारे पास समान अवसर नहीं हों तो मतदाता भले ही समझदार और अपना विचार बदलते रहने वाले हों, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, हमने चुनाव ऐसे वक्त लड़ा जब हमारे बैंक खातों पर रोक लगा दी गई थी। मैं ऐसा कोई लोकतंत्र नहीं जानता जहां ऐसा हुआ हो। हो सकता है कि इस तरह की चीजें सीरिया या इराक में होती रही हों। चुनाव के समय जब हमने अपने कोषाध्यक्ष से बात की तो उन्होंने हमें साफ-साफ कहा कि हमारे पास पैसा नहीं है। अब आपके पास भले एसे मतदाता हैं जिनके विचार बदलते रहते हैं लेकिन आपको चुनाव प्रचार अभियान की जरूरत है।

# हैरिस व ट्रंप में जोरदार बहस, रखा अपना-अपना पक्ष

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का मंगलवार को पहली बार आमना-सामना हुआ और उन्होंने अमेरिकी विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, सीमा सुरक्षा और गर्भपात जैसे विषयों पर अपने तर्क रखे। दोनों नेताओं के बीच यह बहस व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के लिए उनकी दावेदारी के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। बहस की शुरुआत मंगलवार को दोनों नेताओं ने हाथ मिलाकर की लेकिन बाद में यह तीखे आक्रामक प्रहार में बदल गयी।



पेन्सिलवेनिया में 90 मिनट चली इस बहस के दौरान रिपलब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैरिस ने आगामी चार साल के लिए अपना अलग-अलग नजरिया पेश किया जिसे वे राष्ट्रपति बनने पर लागू करना चाहेंगे।

# वियतनाम में चक्रवात तूफान 'यागी' से 141 लोगों की मौत

एजेंसी

हनोई। चक्रवात यागी के कारण वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई और इसी के साथ चक्रवात से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या बुधवार को बढ़कर 141 हो गई जबकि बड़ी संख्या में लोग लापता हैं।

वियतनाम के सरकारी प्रसारक वीटीवी ने बताया कि लाओ काई प्रांत में मंगलवार को पहाड़ से बहते बाढ़ के पानी से लैंग नू गांव तबाह हो गया। इस गांव में 35 परिवार रहते थे। वीटीवी ने अपनी खबर में बताया कि बचावकर्मियों ने 16 शव बरामद किए हैं और करीब 40 लोगों की तलाश जारी है।

रिपोर्ट के अनुसार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 141 हो गई है जबकि 69 लोग लापता हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। तूफान यागी दशकों में वियतनाम में आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है। यह शनिवार को 149 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तट से टकराया था।

इंटरटेनमेंट...

# 'रामायण' की शूटिंग करेंगे केजीएफ स्टार यश

मुंबई। नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में केजीएफ स्टार यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे फिल्म की शूटिंग दिसंबर 2024 से शुरू करेंगे। यश ने फिल्म के लिए काफी लुक टेस्ट भी किए हैं। अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की शूटिंग का कुछ हिस्सा निपटाने के बाद यश अब फिल्म 'रामायण' की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

यश 2025 के पहले तीन महीने तक फिल्म की शूटिंग में हिस्सा लेंगे। रणबीर कपूर, सनी देओल की तरह उन्होंने भी नितेश तिवारी को अपनी बल्क डेट्स दी हैं ताकि शूटिंग में कोई रुकावट न आ सके। 2025 के मिड में नितेश तिवारी रणबीर कपूर और सनी देओल के साथ यश के सींस फिल्माएंगे। सनी देओल मार्च 2025 तक अपने कैरेक्टर हनुमान की शूटिंग शुरू करेंगे। 'रामायण' यश की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म होगी। उनकी केजीएफ फ्रेंचाइजी ने हिंदी बेल्ट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। फिल्म में 'दंगल' फेम एक्ट्रेस साक्षी तंवर को रावण की पत्नी मंदोदरी का किरदार निभाने के लिए कास्ट किया है। वो इसमें यश के अपोजिट नजर आएंगी। इस फिल्म में रणबीर राम और एक्ट्रेस साई पल्लवी सीता के रोल में नजर आएंगी। रणबीर ने मार्च 2024 से शूटिंग शुरू करने के बाद अपने रोल की लगभग 90% शूटिंग कर ली है। उन्होंने अपनी बल्क डेट्स नितेश



तिवारी को दे दी थी जिसके बाद उन्होंने बैक टू बैक रामायण की शूटिंग पूरी की है। अब वो अक्टूबर से संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में जुटेंगे।

# 100 करोड़ बार देखा गया सुशांत की फिल्म का गाना

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म छिछोरे का गाना 'खैरियत पूछो' आज भी लोगों के दिलों में छाया हुआ है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने सुन लिया है। एक्टर भले ही आज हमारे बीच न हों लेकिन उनकी फिल्में आज भी उनके होने का अहसास दिलाती हैं। सुशांत के फिल्मी करियर में एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी, छिछोरे, केदारनाथ और काई पो छे जैसी शानदार फिल्में शामिल हैं।

छिछोरे फिल्म साल 2019 में आई थी। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत के साथ श्रद्धा कपूर भी नजर आई थीं। इसी फिल्म का एक गाना 'खैरियत पूछो' इस वक्त लोगों का फेवरेट बन चुका है। इस गाने में



सुशांत और श्रद्धा के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री दिखाई दे रही है। ये गाना कई रिकॉर्ड भी तोड़ चुका है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 100 करोड़ से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और यह सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। सुशांत के इस गाने पर लोग जमकर कमेंट भी कर रहे हैं।

# आईफा को होस्ट करेंगे शाहरुख करण जौहर का उड़ाया मजाक

मुंबई। मशहूर अवॉर्ड शो आईफा के लिए हाल ही में मुंबई के 5-स्टार होटल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई थी, जिसमें बॉलीवुड इंडस्ट्री से करण जौहर, राणा दग्गुबाती, सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे कई सेलेब्स शामिल हुए। हालांकि शाहरुख खान ने अपने बेहतरीन मजाकिया अंदाज से हर किसी का ध्यान खींच लिया है।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस से कई वीडियोज सामने आ रहे हैं। जहां एक वीडियो में शाहरुख खान, करण जौहर का मजाक उड़ाते नजर आए हैं, तो वहीं राणा दग्गुबाती ने किंग खान के पैर छुए हैं। आइफा प्रेस कॉन्फ्रेंस से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें



शाहरुख खान, करण जौहर को फिल्में न बनाने पर ताने मारते नजर आए हैं। शाहरुख खान ने मंच पर कहा है, करण जौहर ने मुझसे कहा था कि वो शो को होस्ट करने के लिए रिहर्सल में नहीं आना चाहते। वो जूम के जरिए रिहर्सल करना चाहते थे। करण कह रहे थे कि मैं जूम पर कर लूंगा।

# महिलाओं को हर कदम पर करना पड़ता है संघर्ष

मुंबई। कंगना रनोट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज के इंतजार में हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर महिलाओं के संघर्ष को लेकर एक नोट शेयर किया है। कंगना ने फिल्म 'थलाइवी' से जुड़ी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, हर महिला जो अपने दम पर आगे बढ़ती है, उसे कोई न कोई लड़ाई लड़नी पड़ती है।

उसे कमजोर पड़ने या रोने तक की लग्जरी नहीं मिलती है। वो बिना किसी सराहना या स्वीकृति के आगे बढ़ती रहती है। 'थलाइवी' की तीसरी एनिवर्सरी पर डॉ. जे जयललिता को मैं नमन करती हूं। वर्कफ्रंट पर कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' को कुछ बदलावों के बाद सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म को व/अ सर्टिफिकेट दिया है। इस फिल्म के कई सीन पर सीबीएफसी ने आपत्ति जताई थी। अब यह फिल्म कई कट और बदलावों के बाद कुछ ही हफ्तों में रिलीज की जाएगी। फिल्म को लेकर सिख संगठनों ने आपत्ति जताई थी, जिसके कारण उइऋउ ने सर्टिफिकेट रोक दिया था। कंगना



ने बताया था कि सर्टिफिकेट ना मिलने के कारण फिल्म अपने तय समय पर रिलीज नहीं हो पाई है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com